YUKTI®

द्वितीय संशोधित संस्करण

₹175/-

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान
की सम्पूर्ण तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान सार संग्रह

सम्पूर्णिका

सामान्य ज्ञान के सभी विषयों के

25000+

तथ्यों का सरल व रोचक तरीके से
प्रश्नोत्तरी व तालिकाओं द्वारा प्रस्तुतीकरण

YUKTI सामान्य ज्ञान सम्पूर्णिका तथ्य

YUKTI

द्वितीय संशोधित संस्करण

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान
की सम्पूर्ण तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान सार संग्रह

सम्पूर्णिका

सामान्य ज्ञान के सभी विषयों के

25000+

तथ्यों का सरल व रोचक तरीके से
प्रश्नोत्तरी व तालिकाओं द्वारा प्रस्तुतीकरण

YUKTI PUBLICATIONS

पुस्तक के बारे में दो शब्द

युक्ति पब्लिकेशन्स की लोकप्रिय शृंखला Fast Track के अन्तर्गत प्रकाशित पुस्तक 'सामान्य ज्ञान सार संग्रह सम्पूर्णिका' का संशोधित संस्करण हमारे सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। प्रस्तुत संशोधित संस्करण को प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से विशेष उपयोगी बनाया गया है तथा परीक्षाओं के बदलते स्वरूप की दृष्टि से यह पूर्णतः संशोधित है।

प्रस्तुत संस्करण की विशेषताएँ

- प्रस्तुत संस्करण में विभिन्न परीक्षाओं में बार–बार पूछे गए प्रश्नों को अध्यायवार समाहित किया गया है।
- जटिल प्रश्नों की युक्ति ज्ञान के माध्यम से सरल तरीके से व्याख्या की गई है जिससे प्रतियोगी परीक्षार्थी को प्रश्न के गूढ़ अर्थ को समझने में सहायता मिलती है।
- अति महत्वपूर्ण प्रश्नों को हाइलाइट किया गया है।
- प्रतियोगी परीक्षार्थी विषय वस्तु को सरलता से समझ सकें इसके लिए सारणियों और बॉक्सों का प्रयोग यथोचित स्थानों पर किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी तथा उनकी सफलता में सहयोगी सिद्ध होगी, ऐसा हमारा विश्वास है।

प्रथम संस्करण की हमारे सुधी पाठकों ने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की तथा अपने आलोचनात्मक सुझाव हमें प्रेषित किए। इन सुझावों को हमने द्वितीय संशोधित संस्करण में यथोचित स्थान दिया है। हम आगे भी अपने पाठकों से आशा करते हैं कि वे अपने बहुमूल्य सुझावों से हमें अवगत कराते रहेंगे।

सम्पादक मण्डल एवं प्रकाशक

First Edition : 2014
Second Edition : 2019

YUKTI PUBLICATIONS
Head Office : 14/132, First Floor
Garhaiya Hakiman Lane,
Hospital Road, Agra - 282003
Ph. : +91 7500029885, 9837259933
0562-2263135
e-mail : yuktipublication@gmail.com
www.yuktipublication.com

विषय-सूची

अध्याय 1

भारत का इतिहास

प्राचीन भारत

1. सिन्धु या हड़प्पा सभ्यता

- हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता-प्राप्त काल है **—2500 ई. पू.—1750 ई. पू.**
- सिन्धु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहाँ मिले हैं? **—सुरकोटदा**
- सिन्धु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है? **—राजस्थान में**
- किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था? **—सेलखड़ी** (steatite)
- हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी? **—कांस्य युग**
- सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था? **—व्यापार**
- हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे **—शहरी**
- सिन्धु सभ्यता के घर किससे बनाए जाते थे? **—ईंट से**
- हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे? **—कपास**
- हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था? **—दयाराम साहनी**
- सिन्धु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था? **—लोथल**
- पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिन्धु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई? **—लोथल में**
- मोहनजोदड़ो को किस एक अन्य नाम से भी जाना जाता है? **—मृतकों का टीला**
- हड़प्पा सभ्यता का प्रचलित नाम है **—सिन्धु घाटी की सभ्यता**
- कपास का उत्पादन सर्वप्रथम सिन्धु क्षेत्र में हुआ, जिसे ग्रीक या यूनान के लोगों ने किस नाम से पुकारा? **—सिन्डन**
- सिंधु घाटी सम्भ्यता जानी जाती है **—अपने नगर नियोजन के लिए**
- भारत में खोजा गया सबसे पहला पुराना शहर था **—हड़प्पा**
- भारत में चाँदी की उपलब्धता के प्राचीनतम साक्ष्य मिलते हैं **—हड़प्पा संस्कृति में**
- हड़प्पा में एक उन्नत जल-प्रबंधन प्रणाली का पता चलता है **—धौलावीरा में**
- हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष हुई थी? **—1921 ई.**
- हड़प्पा के मिट्टी के बर्तनों पर सामान्यत: किस रंग का उपयोग हुआ था? **—लाल**
- सिन्धु घाटी सभ्यता की विकसित अवस्था में किस स्थल से घरों में कुँओं के अवशेष मिले हैं? **—मोहनजोदड़ो**
- सिन्धु घाटी सभ्यता को खोज निकालने में जिन दो भारतीयों का नाम जुड़ा है, वे हैं **—दयाराम साहनी एवं राखालदास बनर्जी**
- रंगपुर जहाँ हड़प्पा की समकालीन सभ्यता थी, है **—सौराष्ट्र में**
- हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो की पुरातात्विक खुदाई के प्रभारी थे **—सर जान मार्शल**
- किस पशु की आकृति जो मुहर पर मिली है, जिससे ज्ञात होता है कि सिन्धु घाटी एवं मेसोपोटामिया की सभ्यताओं के मध्य व्यापारिक सम्बन्ध थे **—बैल**
- हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति कैसी थी? **—उचित समतावादी**
- हड़प्पा सभ्यता के अन्तर्गत हल से जोते गये खेत का साक्ष्य कहाँ से मिला है? **—कालीबंगा से**
- सैंधव सभ्यता की ईंटों का अलंकरण किस स्थान से मिला है? **—कालीबंगा से**
- मोहनजोदड़ो कहाँ स्थित है? **—सिन्ध**
- सिन्धु सभ्यता में वृहत् स्नानागार पाया जाता है **—मोहनजोदड़ो में**
- हड़प्पाकालीन स्थलों में अभी तक किस धातु की प्राप्ति नहीं हुई है? **—लोहा**
- किस पशु के अवशेष सिन्धु घाटी सभ्यता में प्राप्त नहीं हुए हैं? **—गाय**
- स्वातंत्र्योत्तर भारत में सबसे अधिक संख्या में हड़प्पायुगीन स्थलों की खोज किस प्रान्त में हुई है? **—गुजरात**
- किस हड़प्पाकालीन स्थल से 'नृत्य मुद्रा वाली स्त्री की कांस्य मूर्ति प्राप्त हुई है? **—मोहनजोदड़ो से**
- हड़प्पावासी किस धातु से परिचित नहीं थे? **—लोहा**
- किस हड़प्पाकालीन स्थल से युगल शवाधान का साक्ष्य मिला है? **—लोथल**
- मानव समाज विलक्षण है क्योंकि वह मुख्यतया आश्रित होता है **—संस्कृति पर**
- सिन्धु सभ्यता सम्बन्धित है **—आद्य ऐतिहासिक युग से**
  UPSC (Pre) 1996
  39वीं BPSC (Pre) 1994
- सिन्धु घाटी की सभ्यता गैर आर्य थी, क्योंकि वह थी **—नगरीय सभ्यता**
- सिन्धु घाटी सभ्यता को आर्यों से पूर्व की रखे जाने का महत्वपूर्ण कारक है **—मृदभांड**
- सिन्धु घाटी संस्कृति वैदिक सभ्यता से भिन्न थी क्योंकि **—इसके पास विकसित शहरी जीवन की सुविधाएँ थीं**
- हड़प्पा संस्कृति की जानकारी का मुख्य स्रोत है **—पुरातात्विक खुदाई**
  UPSC (Pre) 1996
  UPSC (Pre) 1994
- सिन्धु घाटी के निवासियों की सभ्यता को जानने का मूल स्रोत है, वहाँ पाए गए **—बर्तन, जेवर, हथियार तथा औजार**

✦ भारत में चाँदी की उपलब्धता के प्राचीनतम साक्ष्य मिलते हैं **—हड़प्पा संस्कृति में**
✦ हड़प्पा में मिट्टी के बर्तनों पर सामान्यत: किस रंग का उपयोग हुआ था? **—लाल**
✦ मूर्ति पूजा का आरम्भ कब से माना जाता है? **—पूर्व आर्य**
✦ 'विशाल स्नानागार' किस पुरातत्व स्थल से पाया गया था? **—मोहनजोदड़ो से**
UP PSC (GIC) 2010
Uttarakhand UDA/LDA (Mains) 2007
✦ हड़प्पा सभ्यता स्थल-लोथल स्थित है **—गुजरात में**
Uttarakhand PCS (Pre) 2010
UP PCS (Mains) 2009
✦ धौलावीरा किस राज्य में स्थित है? **—गुजरात में**
✦ कौन-सा हड़प्पीय नगर तीन भागों में विभक्त था? **—धौलावीरा**

2. वैदिक सभ्यता

✦ पूर्व-वैदिक या ऋग्वैदिक संस्कृति का काल किसे माना जाता है? **—1500 ई. पू.-1000 ई. पू.**
✦ उत्तर-वैदिक संस्कृति का काल किसे माना जाता है? **—1000 ई. पू.-600 ई. पू.**
✦ 'आर्य' शब्द का शाब्दिक अर्थ है **—श्रेष्ठ या कुलीन**
✦ किस फसल का ज्ञान वैदिक काल के लोगों को नहीं था? **—तम्बाकू**
✦ उत्तर-वैदिक काल के वेदविरोधी और ब्राह्मणविरोधी धार्मिक अध्यापकों को किस नाम से जाना जाता था? **—श्रमण**
✦ वैदिक गणित का महत्वपूर्ण अंग है **—शुल्व सूत्र**
✦ किस वेद में प्राचीन वैदिक युग की संस्कृति के बारे में सूचना दी गई है? **—ऋग्वेद**
✦ वेदों की संख्या कितनी है? **—चार**
✦ भारत के राजचि में प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सत्यमेव जयते' किस उपनिषद् से लिए गए हैं? **—मुण्डक उपनिषद् से**
✦ ऋग्वैदिक आर्यों का मुख्य व्यवसाय क्या था? **—पशुपालन**
✦ भारतीय संगीत का आदिग्रन्थ कहा जाता है **—सामवेद**

प्रमुख दर्शन और उनके प्रवर्तक

दर्शन	प्रवर्तक
• सांख्य	कपिल
• न्याय	गौतम
• चार्वाक	चार्वाक
• योग	पतंजलि
• पूर्व मीमांसा	जैमिनी
• उत्तरमीमांसा	बादरायण
• वैशेषिक	कणाद

✦ प्रथम विधि निर्माता कौन हैं? **—मनु**
✦ कृष्ण भक्ति का प्रथम और प्रधान ग्रन्थ है **—श्रीमद्भागवतगीता**
✦ ऋग्वेद में संपत्ति का प्रमुख रूप क्या है? **—गोधन**
✦ ऋग्वेद के किस मंडल में शूद्र का उल्लेख पहली बार मिलता है? **—10वें**
✦ वेदों की ऋचाओं को पढ़ने वाले ऋषि को क्या कहते हैं **—होतृ**
✦ ऋग्वेद का सम्बन्ध किससे है? **—ईश्वर महिमा से**
• ऋग्वेद में कुल मंडल हैं 10
• ऋग्वेद में कुल सूक्तियाँ हैं 1028
• ऋग्वेद में कुल ऋचाएँ हैं 10580
• ऋग्वेद में इन्द्र के लिए ऋचाएँ हैं 250
• ऋग्वेद में अग्नि के लिए ऋचाएँ हैं 200
✦ सबसे पुराना वेद कौन-सा है? **—ऋग्वेद**
Uttarakhand PCS (Pre) 2010
Uttarakhand UDA/LDA (Pre) 2007
UPSC (Pre) 1995

YUKTI ***ज्ञान****—वेदों की संख्या चार है—ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद। इनमें सबसे प्राचीन वेद ऋग्वेद है।*

✦ त्रयी नाम है **—तीन वेदों का**

YUKTI ***ज्ञान****—ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद को 'वेदत्रयी' या 'त्रयी' कहा जाता है।*

✦ किस वैदिक ग्रन्थ में 'वर्ण' शब्द का सर्वप्रथम नामोल्लेख मिलता है? **—ऋग्वेद में**
✦ भारत का सबसे प्राचीन धर्म ग्रन्थ कौन-सा है? **—वेद**
✦ अथर्व का अर्थ क्या है? **—पवित्र जादू**
✦ पूर्व मीमांसा दर्शन के प्रतिपादक कौन है? **—जैमिनी**
✦ सबसे प्राचीन पुराण कौन-सा है? **—मत्स्य पुराण**
✦ ब्राह्मण ग्रन्थों में सबसे प्राचीन ग्रन्थ कौन-सा है? **—शतपथ ब्राह्मण**
✦ वर्ण व्यवस्था से सम्बन्धित 'पुरुष सूक्त' मूलत: पाया जाता है **—ऋग्वेद में**
✦ 'गोपथ ब्राह्मण' सम्बन्धित है **—अथर्ववेद से**
✦ उपनिषदों का मुख्य विषय है **—दर्शन**
✦ नचिकेता आख्यान का उल्लेख मिलता है **—कठोपनिषद् में**
✦ पुराणों की संख्या कितनी है? **—18**
✦ वैदिक धर्म का मुख्य लक्षण किसकी उपासना से था? **—प्रकृति**
✦ किस देवता के लिए ऋग्वेद में 'पुरंदर' शब्द का प्रयोग हुआ है? **—इंद्र**
✦ 'शुल्व सूत्र' किस विषय से सम्बन्धित पुस्तक है? **—ज्यामिति**
✦ 'असतो मा सदगमय' कहाँ से लिया गया है? **—ऋग्वेद**
✦ आर्य भारत में बाहर से आए और सर्वप्रथम बसे थे **—पंजाब में**
✦ ऋग्वेद का कौन-सा मंडल पूर्णत: सोम को समर्पित है? **—नौवाँ मंडल**
✦ प्रसिद्ध दस राजाओं का युद्ध 'दाशराज युद्ध' किस नदी के तट पर लड़ा गया? **—परुष्णी**
✦ धर्मशास्त्रों में भूराजस्व की दर क्या है? **—1/6**
✦ 800 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व का काल किस युग से जुड़ा है? **—ब्राह्मण युग**
✦ आरम्भिक वैदिक साहित्य में सर्वाधिक वर्णित नदी है **—सिन्धु**

- उपनिषद् काल के राजा अश्वपति कहाँ के शासक थे? **—केकय के**
- अध्यात्म ज्ञान के विषय में नचिकेता और यम का संवाद किस उपनिषद् में प्राप्त होता है? **—कठोपनिषद् में**
- वैदिक नदी कुभा (काबुल) का स्थान कहाँ निर्धारित होना चाहिए? **—अफगानिस्तान में**
- कपिल मुनि द्वारा प्रतिपादित दार्शनिक प्रणाली है **—सांख्य दर्शन**
- भारत के किस स्थल की खुदाई से लौह धातु के प्रचलन के प्राचीनतम प्रमाण मिले हैं? **—अतरंजीखेड़ा**
- किस काल में अछूत की अवधारणा स्पष्ट रूप से उदित हुयी? **—धर्मशास्त्र के काल में**
- गायत्री मंत्र (देवी सावित्री को सम्बोधित) किस पुस्तक में मिलता है? **—ऋग्वेद में**
- न्यायदर्शन को प्रचारित किया था **—गौतम ने**
- प्राचीन भारत में 'निष्क' से जाने जाते थे **—स्वर्ण आभूषण**
- योग दर्शन के प्रतिपादक हैं **—पतंजलि**
- उपनिषद् पुस्तकें हैं **—दर्शन पर**
- पूर्व-वैदिक आर्यों का धर्म प्रमुखत: था **—प्रकृति-पूजा और यज्ञ**
- 'चरक संहिता' नामक पुस्तक किस विषय से सम्बन्धित है? **—चिकित्सा**
- यज्ञ सम्बन्धी विधि-विधानों का पता चलता है **—यजुर्वेद से**
- वैदिक युगीन 'सभा' क्या थी? **—मंत्रिपरिषद्**
- वैदिक युग में प्रचलित लोकप्रिय शासन प्रणाली थी **—गणतंत्र**
- सबसे प्राचीन वेद कौन-सा है? **—ऋग्वेद**
- कौन भारतीय दर्शन की आरम्भिक विचारधारा है? **—सांख्य**
- सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा एवं वेदांत—इन छ: भिन्न भारतीय दर्शनों की स्पष्ट रूप से अभिव्यक्ति हुई **—वैदिक युग में**
- वह दस्तकारी कौन-सी है जो आर्यों द्वारा व्यवहार में नहीं लाई गई थी? **—लुहार (लुहारगीरी)**
- प्राचीनतम व्याकरण 'अष्टाध्यायी' के रचनाकार हैं **—पाणिनि**
- कौन-सी स्मृति प्राचीनतम है? **—मनुस्मृति**
- 'आदि काव्य' की संज्ञा किसे दी जाती है? **—रामायण**
- प्राचीनतम पुराण है **—मत्स्य पुराण**
- ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है? **—सरस्वती**
- वैदिक समाज की आधारभूत इकाई थी **—काल/कुटुम्ब**
- ऋग्वैदिक युग की प्राचीनतम संस्था कौन-सी थी? **—विदथ**
- ब्राह्मण ग्रन्थों में सर्वाधिक प्राचीन कौन है? **—शतपथ ब्राह्मण**
- 'गोत्र' व्यवस्था प्रचलन में कब आई? **—उत्तर-वैदिक काल**
- 'मनुस्मृति' मुख्यतया सम्बन्धित है **—समाज व्यवस्था से**
- गायत्री मंत्र की रचना किसने की थी? **—विश्वामित्र ने**
- 'अवेस्ता' और 'ऋग्वेद' में समानता है। 'अवेस्ता' किस क्षेत्र से सम्बन्धित है? **—ईरान से**
- किसका संकलन ऋग्वेद पर आधारित है? **—सामवेद का**
- किस वेद में जादुई माया और वशीकरण (magical charms and spells) का वर्णन है? **—अथर्ववेद में**
- 'आर्य' शब्द इंगित करता है **—नृजाति समूह को**
- प्राचीनतम विवाह संस्कार का वर्णन करने वाला 'विवाह सूक्त' किसमें पाया जाता है? **—ऋग्वेद में**
- ऋग्वेद में 'अघन्य' (वध योग्य नहीं) शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया था? **—गाय के**
- ऋग्वेद में किन नदियों का उल्लेख अफगानिस्तान के साथ आर्यों के सम्बन्ध का सूचक है? **—कुभा, क्रमु**
- आर्यों के आर्कटिक होम सिद्धान्त का पक्ष किसने लिया था? **—बी. जी. तिलक ने**
- 'अथर्व' का अर्थ है **—पवित्र जादू**
- कौन-सा वेद अंशत: गद्य रूप में भी रचित है? **—यजुर्वेद**
- उत्तर-वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था? **—प्रजापति**
- संस्कारों की कुल संख्या कितनी है? **—16**
- कर्म का सिद्धान्त सम्बन्धित है **—मीमांसा से**

3. बौद्ध धर्म व जैन धर्म

- गौतम बुद्ध का जन्म कब हुआ था? **—563 ई.पू.**
- गौतम बुद्ध का जन्म-स्थल था **—लुम्बिनी**
- वह आद्यतम बौद्ध साहित्य जो बुद्ध के विभिन्न जन्मों की कथाओं के विषय में है, क्या है? **—जातक**
- 'त्रिपिटक' धर्म ग्रन्थ है **—बौद्धों का**
- बुद्ध ने किस स्थान पर महापरिनिर्वाण (मृत्यु) प्राप्त किया था? **—कुशीनगर में**
- भारत में सबसे प्राचीन विहार है **—नालंदा**
- बुद्ध की मृत्यु के बाद प्रथम बौद्ध संगीति की अध्यक्षता किसने की? **—महाकस्सप**
- नागार्जुन कौन थे? **—बौद्ध दार्शनिक**
- किस नगर में प्रथम बौद्ध संगीति/सभा आयोजित की गई थी? **—राजगृह**
- आष्टांगिक मार्ग की संकल्पना, अंग है **—धर्मचक्रप्रवर्तन सुत्त के विषयवस्तु का**
- 'मिलिंदपण्हो' राजा मिलिंद और किस बौद्ध भिक्षु के मध्य संवाद के रूप में हैं? **—नागसेन**
- महायान बौद्ध धर्म में बोधिसत्व अवलोकितेश्वर को और किस अन्य नाम से जानते हैं? **—पद्मपाणि**
- बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म दोनों ही विश्वास करते हैं कि **—कर्म तथा पुनर्जन्म के सिद्धान्त सही हैं**
- कनिष्क के शासनकाल में चतुर्थ बौद्ध संगीति/सभा किस नगर में आयोजित की गई थी? **—कुण्डलवन, कश्मीर**
- तृतीय बौद्ध संगीति कहाँ आयोजित हुई? **—पाटलिपुत्र में**

बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रतीक

• हाथी	बुद्ध के गर्भ में आने का प्रतीक
• कमल	जन्म का प्रतीक
• साँड़	यौवन का प्रतीक
• घोड़ा	ग्रह त्याग का प्रतीक
• पीपल	ज्ञान का प्रतीक
• शेर	समृद्धि का प्रतीक
• पद चिन्ह	निर्वाण का प्रतीक
• स्तूप	मृत्यु का प्रतीक

✦ गौतम बुद्ध का गुरु कौन था? **—आलार कलाम**

✦ बुद्ध में वैराग्य भावना किन चार दृश्यों के कारण बलवती हुई? **—बूढ़ा, रोगी, लाश, संन्यासी**

✦ बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश कहाँ दिए? **—श्रावस्ती में**

✦ बौद्ध शिक्षा का केन्द्र था **—विक्रमशिला**

✦ भारत में सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप कहाँ स्थित है? **—सांची में**

✦ किस शासक ने बौद्धों के लिए विख्यात विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की थी? **—धर्मपाल ने**

✦ किसके द्वारा तृतीय बौद्ध संगीति को संरक्षण प्रदान किया गया था? **—अशोक**

✦ बौद्ध ग्रंथ 'पिटकों' की रचना किस भाषा में की गई थी? **—पालि**

✦ कश्मीर में कनिष्क के शासनकाल में जो बौद्ध संगीति आयोजित हुई थी उसकी अध्यक्षता किसने की थी? **—वसुमित्र ने**

✦ मठ, मन्दिर और स्तूप किस धर्म से सम्बन्धित हैं? **—बौद्ध धर्म**

✦ बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म दोनों के उपदेश किसके शासनकाल में दिए गए थे? **—बिम्बिसार के**

✦ गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया था? **—सारनाथ में**

✦ बौद्ध धर्म ग्रहण करने वाली पहली महिला कौन थी? **—महाप्रजापति गौतमी**

✦ बोधगया स्थित है **—बिहार में**

✦ 'जातक' किसका ग्रन्थ है? **—बौद्धों का**

✦ सिद्धार्थ (बुद्ध) को ज्ञान प्राप्ति कहाँ हुई थी? **—बोधगया**

✦ सारनाथ में बुद्ध का प्रथम प्रवचन कहलाता है **—धर्मचक्रप्रवर्तन**

✦ बौद्ध धर्म ने समाज के किन वर्गों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला? **—महिला और शूद्र**

✦ बुद्ध के गृहत्याग का प्रतीक है **—घोड़ा**

✦ गौतम बुद्ध द्वारा भिक्षुणी संघ की स्थापना कहाँ की गयी थी? **—कपिलवस्तु में**

✦ सर्वप्रथम शून्यवाद (शून्यता का सिद्धान्त) का प्रतिपादन करने वाले बौद्ध दार्शनिक का नाम है **—नागार्जुन**

✦ किस शासक के शासनकाल में नेपाल में बौद्ध धर्म का गमन हुआ था? **—अशोक**

✦ सांची क्यों विख्यात है? **—सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप**

✦ किस भाषा का ज्यादा प्रयोग बौद्धवाद के प्रचार के लिए किया गया है? **—पालि**

✦ महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था? **—कुण्डग्राम में**

किसे 'एशिया की रोशनी' (The Light of Asia) कहा जाता है? **—गौतम बुद्ध को**

✦ बुद्ध के जीवन की किस घटना को 'महाभिनिष्क्रमण' के रूप में जाना जाता है? **—उनका ग्रह त्याग**

✦ गौतम बुद्ध की माँ किस वंश से सम्बन्धित थीं? **—कोलिय वंश से**

✦ किस राजा के एक अभिलेख से सूचना मिलती है कि शाक्य मुनि बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था? **—अशोक**

UPSC (Mains) 2011
UPSC (Mains) 2007
UPSC (Mains) 2004

> YUKTI ***ज्ञान****—मौर्य वंशीय शासक अशोक के रुमिनदेई अभिलेख से सूचना मिलती है कि शाक्य मुनि बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था। इस अभिलेख में लुंबिनी को बुद्ध का जन्म स्थल होने के कारण इसे कर छूट प्रदान करने की घोषणा का भी उल्लेख है।*

✦ महात्मा बुद्ध ने अपना पहला 'धर्मचक्र प्रवर्तन' किस स्थान पर दिया था? **—सारनाथ में**

47th BPSC (Pre) 2005
UPSC (Mains) 2004
MP PSC (Pre) 1999
MP PSC (Pre) 1991

> YUKTI ***ज्ञान****—गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद सबसे पहले सारनाथ वाराणसी के निकट पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को पहला उपदेश दिया। इस प्रथम उपदेश को 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा जाता है।*

✦ बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश दिए थे **—श्रावस्ती में**

✦ महावीर का जन्म किस क्षत्रिय गोत्र में हुआ था? **—जांत्रिक**

✦ महावीर की माता कौन थी? **—त्रिशला**

✦ महावीर का मूल नाम था **—वर्धमान**

✦ महावीर की मृत्यु कहाँ हुई थी? **—पावापुरी में**

✦ जैनियों के पहले तीर्थंकर कौन थे? **—ऋषभदेव**

✦ जैन परम्परा के अनुसार जैन धर्म में कुल कितने तीर्थंकर हुए? **—24**

✦ जैन परम्परा के अनुसार महावीर कौन-से तीर्थंकर थे? **—चौबीसवें**

✦ जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण **—सार्वभौमिक सत्य से हुआ है**

✦ जैन समुदाय में प्रथम विभाजन के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के संस्थापक थे **—स्थूलभद्र**

✦ जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रतों में महावीर स्वामी ने पाँचवें महाव्रत के रूप में क्या जोड़ा? **—ब्रह्मचर्य**

✦ भगवान् महावीर का प्रथम शिष्य कौन था? **—जमालि**

✦ त्रिरत्न सिद्धान्त—सम्यक् धारणा, सम्यक् चरित्र, सम्यक् ज्ञान—जिस धर्म की महिमा है, वह है **—जैन धर्म**

✦ दिलवाड़ा के जैन मन्दिरों का निर्माण किसने करवाया था? **—चालुक्यों/सोलंकियों ने**

✦ स्यादवाद सिद्धान्त है **—जैन धर्म का**

- कौन सबसे पूर्वकालिक जैन ग्रन्थ कहलाता है? **—चौदह पूर्व**
- जैन साहित्य को कहा जाता है **—आगम**
- जैन ग्रन्थ 'कल्प सूत्र' के रचयिता हैं **—भद्रबाहु**
- अनेकांतवाद किसका क्रोड़ (केन्द्रीय) सिद्धान्त एवं दर्शन है? **—जैन मत**
- महान् धार्मिक घटना 'महामस्तकाभिषेक' किससे सम्बन्धित है और किसके लिए की जाती है? **—बाहुबली**
- प्रथम जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था? **—पाटलिपुत्र में**
- द्वितीय जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था? **—वल्लभी में**
- जैन साहित्य का संकलन किस भाषा व लिपि में है? **—प्राकृत व अर्धमागधी में**
- कौन बुद्ध के जीवन काल में ही संघ प्रमुख होना चाहता था? **—देवदत्त**
- हेलियोडोरस का बेसनगर अभिलेख संदर्भित है **—केवल वासुदेव से**
- आजीवक सम्प्रदाय के संस्थापक कौन थे? **—मक्खलि गोसाल**
- भागवत सम्प्रदाय के विकास में किसका योगदान अत्यधिक था? **—हिन्द-यूनानी**
- वासुदेव कृष्ण की पूजा सर्वप्रथम किसने प्रारम्भ की? **—सात्वतों ने**
- प्राचीनतम विश्वविद्यालय कौन-सा था? **—नालंदा**

4. महाजनपद काल

- पालि ग्रन्थों में गाँव के मुखिया को क्या कहा गया है? **—भोजक/ग्राम भोजक**
- उज्जैन का प्राचीन नाम था **—अवन्तिका**
- नंद वंश का संस्थापक कौन था? **—महापद्मनन्द**
- प्राचीन भारत में पहला विदेशी आक्रमण किनके द्वारा किया गया? **—ईरानियों द्वारा**
- सिकन्दर ने भारत पर कब आक्रमण किया? **—326 ई. पू.**
- हर्यक वंश के किस शासक को 'कुणिक' कहा जाता था? **—अजातशत्रु**
- किस शासक ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नामक नगर की स्थापना की? **—उदयिन ने**
- 323 ई. पू. में सिकन्दर महान् की मृत्यु हुई थी **—बेबीलोन में**
- सिकन्दर महान् (Alexander the Great) एवं पोरस/पुरु की सेनाओं ने किस नदी के आमने-सामने वाले तटों पर पड़ाव डाला हुआ था? **—झेलम के**
- किस प्रकार का मृदभाण्ड (पॉटरी) भारत में द्वितीय नगरीकरण/शहरीकरण के प्रारम्भ का प्रतीक माना गया? **—उत्तरी काले पालिशकृत बर्तन (NBPW)**
- मगध की प्रथम राजधानी कौन-सी थी? **—गिरिव्रज/राजगृह**
- किस शासक द्वारा सर्वप्रथम पाटलिपुत्र का राजधानी के रूप में चयन किया गया? **—उदयिन द्वारा**
- सोलह महाजनपदों की सूची उपलब्ध है **—अंगुत्तर निकाय में**
- मगध का कौन-सा राजा सिकन्दर महान् का समकालीन था? **—घनानंद**
- प्रथम मगध साम्राज्य का उत्कर्ष किस सदी में हुआ था? **—छठी सदी ई. पू.**
- सिकन्दर के आक्रमण के समय उत्तर भारत पर किस राजवंश का शासन था **—नंद वंश का**
- ईसा पूर्व 6ठीं सदी में, प्रारम्भ में भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली नगर राज्य था? **—मगध**
- नंद वंश का अंतिम सम्राट् कौन था? **—घनानंद**
- भारत में सिक्कों/मुद्रा का प्रचलन कब हुआ ? **—600 ई. पू. में**
- अभिलेखीय साक्ष्य से प्रकट होता है कि नंद राजा के आदेश से एक नहर खोदी गयी थी **—कलिंग में**
- पहला ईरानी शासक जिसने भारत के कुछ भाग को अपने अधीन किया था **—डेरियस**
- मगध के किस प्रारम्भिक शासक ने राज्यारोहण के लिए अपने पिता की हत्या की एवं इसी कारणवश अपने पुत्र द्वारा मारा गया? **—अजातशत्रु**
- किस शासक ने अवंति को जीतकर मगध का हिस्सा बना दिया? **—शिशुनाग ने**
- कौन सा बौद्ध ग्रन्थ सोलह महाजनपदों का उल्लेख करता है? **—अंगुत्तर निकाय**
- विश्व का पहला गणतन्त्र वैशाली किसके द्वारा स्थापित किया गया? **—लिच्छवी द्वारा**
- प्राचीन श्रावस्ती का नगर विन्यास किस आकृति का है? **—अर्धचन्द्राकार**
- मगध के सबसे प्राचीन वंश के संस्थापक कौन थे? **—बृहद्रथ**
- कलि ग्रन्थों में गाँव के मुखिया को क्या कहा गया है? **—भोजक**
- गृहपति का अर्थ क्या है? **—धनी व्यक्ति**

जैन संगीतियाँ

संगीति	समय	स्थल	अध्यक्ष
प्रथम	चन्द्रगुप्त मौर्य के समय	पाटलिपुत्र	स्थूल भद्र
द्वितीय	512 ई.	वल्लभी	देवर्धि क्षमाश्रमण

बौद्ध संगीतियाँ

संगीति	समय	शासक	स्थान	अध्यक्ष
प्रथम	483 ई. पू.	अजातशत्रु	राजगृह	महाकस्सप
द्वितीय	383 ई. पू.	कालाशोक	वैशाली	सर्वकामिनी
तृतीय	251 ई. पू.	अशोक	पाटलिपुत्र	मोग्गलिपुत्त
चतुर्थ	प्रथम सदी ई.	कनिष्क	कुण्डलवन	वसुमित्र

प्रमुख महाजनपद

	महाजनपद	राजधानी	विशेषता/क्षेत्र
1.	मगध	राजगृह या राजगीर	राजगृह को गिरिव्रज के नाम से भी जाना जाता है [पटना गया (बिहार)]
2.	अंग	चम्पा (आधुनिक भागलपुर)	आधुनिक बिहार के भागलपुर और मुंगेर जिले।
3.	काशी	वाराणसी या बनारस	शिल्प, व्यापार एवं समृद्धि के लिए प्रसिद्ध था (उत्तर प्रदेश)
4.	वज्जि	वैशाली/विदेह/मिथिला	विश्व के प्राचीनतम गणराज्य का जन्मदाता, यह आठ गणराज्यों का एक संघ था [मुजफ्फरपुर और दरभंगा (बिहार)]
5.	कोसल	श्रावस्ती	आधुनिक उत्तर प्रदेश का साकेत, अयोध्या एवं श्रावस्ती, [फैजाबाद (उत्तर प्रदेश)]
6.	कुरु	इन्द्रप्रस्थ	यमुना के किनारे इन्द्रप्रस्थ एवं हस्तिनापुर के आस-पास का क्षेत्र [दिल्ली, मेरठ (उ. प्र., हरियाणा)]
7.	चेदि	शक्तिमती	बुन्देलखण्ड और उसके आस-पास का भाग (उत्तर प्रदेश)
8.	मल्ल	कुशीनगर एवं पावा	देवरिया-गोरखपुर का क्षेत्र (उत्तर प्रदेश)
9.	अश्मक	पौदन्य या पोतन	गोदावरी का तटवर्ती प्रदेश (द. भारत का एक मात्र जनपद)
10.	वत्स	कौशाम्बी (कोशम)	प्रयाग (इलाहाबाद) के आस-पास का क्षेत्र [उत्तर प्रदेश]
11.	पांचाल	अहिच्छत्र एवं कॉम्पिल्य	रुहेलखण्ड के पास [बरेली, बदायूँ, फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश)]
12.	मत्स्य	विराटनगर (जयपुर)	राजस्थान के अलवर, भरतपुर एवं जयपुर का क्षेत्र।
13.	अवन्ति	उज्जयिनी एवं महिष्मती	मालवा के आस-पास का क्षेत्र। (मध्य प्रदेश)
14.	गान्धार	तक्षशिला एवं पुष्कलावती	आधुनिक अफगानिस्तान का पूर्वी भाग।
15.	शूरसेन	मथुरा	मथुरा (उत्तर प्रदेश)
16.	कम्बोज	राजपुर	श्रेष्ठ घोड़ों के लिए प्रसिद्ध [रावलपिण्डी पेशावर क्षेत्र (पाकिस्तान)]

5. मौर्यकाल (322 ई. पू.—185 ई. पू.)

✦ मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की ? **—चन्द्रगुप्त मौर्य ने**

✦ मौर्य साम्राज्य में प्रचलित मुद्रा का नाम क्या था? **—पण**

✦ अशोक का उत्तराधिकारी कौन था? **—कुणाल**

✦ 'मुद्राराक्षस' का लेखक कौन था? **—विशाखदत्त**

✦ वह व्यक्ति कौन है जिसका नाम 'देवान पियादशी' भी था? **—मौर्य सम्राट् अशोक**

✦ कौटिल्य/चाणक्य किसका प्रधानमंत्री था? **—चन्द्रगुप्त मौर्य का**

✦ कलिंग विजय के उपरान्त अशोक महान् ने किस धर्म को अंगीकार कर लिया था? **—बौद्ध**

✦ चन्द्रगुप्त के शासन विस्तार में किसने मुख्य रूप से मदद की थी? **—चाणक्य ने**

✦ साँची किस कला व मूर्तिकला का निरूपण करता है? **—बौद्ध**

✦ सम्राट् अशोक की वह पत्नी कौन थी जिसने उसको प्रभावित किया था **—कारुवाकी**

✦ अशोक ने अपने सभी अभिलेखों में एकरूपता से किस प्राकृत का प्रयोग किया है? **—मागधी**

✦ बिन्दुसार ने विद्रोहियों को कुचलने के लिए अशोक को कहाँ भेजा था? **—तक्षशिला**

✦ मेगास्थनीज ने भारतीय समाज को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया ? **—सात**

✦ कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में किस पहलू पर प्रकाश डाला गया है? **—राजनीतिक नीतियाँ**

✦ सांची का स्तूप किसने बनवाया था? **—अशोक ने**

MP PSC (Pre) 2012
MP PSC (Pre) 2006
MP PSC (Pre) 1995

> YUKTI ***ज्ञान***—*सांची के स्तूप का निर्माण अशोक ने कराया था। स्थापत्य कला के दृष्टिकोण से सांची के स्तूप को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। सांची मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है।*

✦ पाटलिपुत्र को किस शासक ने सर्वप्रथम अपनी राजधानी बनाया? **—चन्द्रगुप्त मौर्य ने**

✦ पाटलिपुत्र में स्थित चन्द्रगुप्त का महल मुख्यत: बना था**—लकड़ी का**

✦ बराबर (गया जिला) की गुफाओं का उपयोग किसने आश्रयगृह के रूप में किया ? **—आजीविकों ने**

✦ किस अभिलेख से यह साबित होता है कि चन्द्रगुप्त का प्रभाव पश्चिम भारत तक फैला हुआ था? **—रुद्रदमन का जूनागढ़ अभिलेख**

✦ केवल वह स्तम्भ जिसमें अशोक ने स्वयं को मगध का सम्राट् बताया है **—भाब्रू स्तम्भ**

✦ 'अर्थशास्त्र' का लेख समकालीन था **—चन्द्रगुप्त का**

✦ नंद वंश के पश्चात् मगध पर किस राजवंश ने शासन किया? **—मौर्य**

✦ मौर्य काल में शिक्षा का सर्वाधिक प्रसिद्ध केन्द्र था **—तक्षशिला**

✦ मेगस्थनीज की पुस्तक का नाम क्या है? **—इण्डिका**

✦ जिसके ग्रन्थ में चन्द्रगुप्त मौर्य का विशिष्ट रूप से वर्णन हुआ है, वह है **—विशाखदत्त**

✦ वह स्रोत, जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है, वह है **—इण्डिका**

- अशोक के शिलालेखों में प्रयुक्त भाषा है —**प्राकृत**
- प्रथम भारतीय साम्राज्य किसके द्वारा स्थापित किया गया ? —**चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा**
- चाणक्य अपने बचपन में किस नाम से जाने जाते थे? —**विष्णु गुप्त**
- राज्य के सप्तांग सिद्धान्त के अनुसार राज्य का सातवां अंग कौन-सा था? —**मित्र**
- किसके शासनकाल में डीमेकस भारत आया था? —**बिंदुसार के**
- किस प्राचीन नगर के अवशेष कुम्रहार स्थल से प्राप्त हुए हैं? —**पाटलिपुत्र के**
- कुलंदीबाग प्राचीन स्थान था —**पाटलिपुत्र का**
- किसने सहिष्णुता, उदारता और करुणा के त्रिविधि आधार पर राजधर्म की स्थापना की? —**अशोक ने**
- "अशोक ने बौद्ध होते हुए भी हिन्दू धर्म में आस्था नहीं छोड़ी" इसका प्रमाण है —**"देवनाम प्रिय" की उपाधि**
- अशोक के शिलालेखों को पढ़ने वाला प्रथम अंग्रेज कौन था? —**जेम्स प्रिंसेप**

UP PCS (GIC) 2016
UP PCS (Mains) 2006
IAS (Pre) 1993

> **YUKTI ज्ञान**—*सर्वप्रथम अशोक के शिलालेखों को पढ़ने का श्रेय अंग्रेज विद्वान जेम्स प्रिंसेप को है। उन्होंने 1837 ई. में अशोक के लेखों (ब्राह्मी लिपि) का उद्वाचन किया।*

- केवल वह स्तंभ जिसमें अशोक ने स्वयं को मगध का सम्राट बताया है —**भाब्रू स्तंभ**
- मौर्यकाल में शिक्षा का सर्वाधिक प्रसिद्ध केन्द्र था —**तक्षशिला**
- अन्तिम मौर्य सम्राट था —**ब्रहद्रथ**
- उत्तराखण्ड में अशोक का एक शिलालेख स्थित है —**कालसी में**
- साँची का स्तूप किसने बनवाया ? —**अशोक**
- प्राचीन भारत का वह प्रसिद्ध शासक जिसने अपने जीवन के अन्तिम दिनों में जैन धर्म को अपनाया था —**चन्द्रगुप्त मौर्य**
- कलिंग युद्ध की विजय तथा क्षत्रियों का वर्णन अशोक के किस शिलालेख में हैं? —**शिलालेख XIII**
- प्रसिद्ध यूनानी राजदूत मेगस्थनीज भारत में किसके दरबार में आए थे? —**चन्द्रगुप्त मौर्य**
- चन्द्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस को कब पराजित किया ? —**305 ई. पू. में**
- 'भारतीय लिखने की कला नहीं जानते' यह किसकी उक्ति है? —**मेगस्थनीज की**
- मौर्य काल में गुप्तचरों को क्या कहा जाता था? —**गूढ़ पुरुष**
- अशोक का समकालीन तुरमय कहाँ का राजा था? —**मिस्त्र का**
- किस ग्रन्थ में शूद्रों के लिए 'आर्य' शब्द का प्रयोग हुआ है? —**अर्थशास्त्र**
- कौटिल्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' कितने अधिकरणों में विभाजित है? —**15**
- अशोक ने 261 ई. पू. में कलिंग को जीतने के बाद क्या किया? —**भारी रक्तपात देखकर युद्ध की नीति को सदा के लिए त्याग दिया**
- अशोक के जो शिलालेख (Rock edicts) संगम राज्य के बारे में हमें बताते हैं, उनमें शामिल है —**दूसरा एवं 13वाँ**
- अशोक ने श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार हेतु किसे भेजा? —**महेन्द्र और संघमित्रा को**
- अशोक के मनसेहरा (पाकिस्तान) एवं शहबाजगढ़ी (पाकिस्तान) से प्राप्त वृहत् शिलालेखों में किस भाषा का प्रयोग किया गया है? —**खरोष्ठी**
- श्रीनगर की स्थापना किस मौर्य शासक ने की? —**अशोक ने**
- किस अभिलेख में चन्द्रगुप्त मौर्य और अशोक दोनों का उल्लेख किया गया है? —**महाक्षत्रप रुद्रदमन का जूनागढ़ अभिलेख**

6. मौर्योत्तर काल (185 ई. पू.—319 ई. पू.)

- अन्तिम मौर्य सम्राट् वृहद्रथ की हत्या कर किसने शुंग वंश की स्थापना की? —**पुष्यमित्र**
- कण्व/काण्व वंश का संस्थापक कौन था? —**वसुदेव**
- सातवाहन/आन्ध्र सातवाहन वंश का संस्थापक कौन था? —**सिमुक**
- प्राचीन भारत का महान् वैयाकरण पंतजलि किसका समकालीन था? —**पुष्यमित्र शुंग का**
- सर्वप्रथम भारत में विशुद्ध संस्कृत भाषा में लम्बा अभिलेख किस राजा द्वारा जारी किया गया? —**शक राजा रुद्रदमन द्वारा**
- सातवाहनों ने आरम्भिक दिनों में अपना शासन कहाँ शुरू किया ? —**महाराष्ट्र**
- किस कुषाण शासक ने सर्वप्रथम स्वर्ण मुद्राएँ जारी की ? —**कडफिसस II**
- किस वंश के शासकों ने 'क्षत्रप प्रणाली' का प्रयोग किया ? —**शकों ने**
- कुषाणकाल में सबसे अधिक विकास किस क्षेत्र में हुआ था? —**वास्तुकला**
- भारत में प्रथम बार सैनिक शासन किसके द्वारा व्यवहार में लाया गया? —**ग्रीकों द्वारा**
- ईसा पूर्व दूसरी सदी के प्रारम्भ में उत्तरी अफगानिस्तान में स्थापित भारत-यूनानी राज्य था —**बैक्ट्रिया**
- सर्वप्रथम रोम के साथ किन लोगों का व्यापार प्रारम्भ हुआ? —**तमिलों एवं चेरों का**
- सातवाहनों ने पहले स्थानीय अधिकारियों के रूप में काम किया था —**मौर्यों के अधीन**
- वह महानतम कुषाण नेता कौन था, जो बौद्ध बन गया था? —**कनिष्क**
- कुषाण काल के दौरान मूर्तिकला की गांधार शैली किसका मिश्रण है? —**भारत-ग्रीक (यूनानी) शैली**
- रोम साम्राज्य के अनुसरण पर किस वंश के शासकों ने 'कैसर' (सीजर) की उपाधि ग्रहण की ? —**कुषाण**
- प्राचीन भारत में किसने नियमित रूप से सोने के सिक्के चलाए ? —**कुषाण**
- मौर्यों के बाद दक्षिण भारत में सबसे प्रभावशाली राज्य था —**सातवाहन**
- बुद्ध की खड़ी प्रतिमा किस काल में बनाई गई ? —**कुषाण काल**
- शुंग वंश के बाद किस वंश ने भारत पर राज किया ? —**कण्व**
- किस चीनी जनरल ने कनिष्क को हराया था? —**पेन चाऔ ने**

✦ उत्तरी तथा उत्तर-पश्चिमी भारत में सर्वाधिक संख्या में ताँबे के सिक्कों को जारी किया था —**कुषाणों ने**
✦ विक्रम संवत् कब से प्रारम्भ हुआ ? —**57 ई. पू.**
✦ सातवाहन शासकों की राजकीय भाषा थी —**प्राकृत**
✦ जो कला शैली भारतीय और ग्रीक/यूनानी शैली का सम्मिश्रण है, उसे कहते हैं —**गांधार**
✦ कनिष्क की राजधानी थी —**पुरुषपुर**
✦ पुरुषपुर किसका दूसरा नाम है? —**पेशावर**
✦ चरक किसके राज-चिकित्सक थे? —**कनिष्क के**
✦ तक्षशिला के प्रसिद्ध स्थल होने का कारण था —**गांधार कला**
✦ भारत में सर्वप्रथम स्वर्ण मुद्राएँ किसने चलाईं? —**इण्डो-बैक्ट्रियन**
✦ किस संग्रहालय में कुषाणकालीन मूर्तियों का संग्रह अधिक मात्रा में है? —**मथुरा संग्रहालय में**
✦ किस वंश के शासकों ने ब्राह्मणों एवं बौद्ध भिक्षुओं को करमुक्त भूमि या गाँव (भूमि अनुदान) देने की प्रथा आरम्भ की? —**सातवाहन**
✦ भारतीय रंगमंच में यवनिका (पर्दा) का शुभारम्भ किसने किया ? —**यूनानियों ने**
✦ भारतीयों के महान् रेशम मार्ग (Silk route) किसने आरम्भ कराया ? —**कनिष्क ने**
✦ शक् संवत् का प्रारम्भ किस सम्राट् के शासनकाल में 78 ई. से हुआ था? —**कनिष्क के**
✦ तक्षशिला विश्वविद्यालय स्थित था —**भारत में**

YUKTI ज्ञान—*वर्तमान में तक्षशिला पाकिस्तान के रावलपिंडी जिले में स्थित है। प्राचीनकाल में यह शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। चाणक्य, चरक आदि ने यहीं शिक्षा प्राप्त की थी।*

✦ प्राचीनकाल में कलिंग का महान् शासक कौन था ? —**खारवेल**
✦ बुद्ध का किसके सिक्कों पर अंकन हुआ है? —**कनिष्क के**
✦ यौधेय सिक्कों पर किस देवता का अंकन मिलता है? —**कार्तिकेय का**
✦ कनिष्क के सारनाथ बौद्ध प्रतिमा अभिलेख की तिथि क्या है? —**81 ई. सन्**
✦ अश्वघोष किसका समकालीन था? —**कनिष्क का**
✦ बाल विवाह की प्रथा प्रारम्भ हुई —**कुषाण काल में**
✦ जो कला शैली भारतीय और यूनानी (ग्रीक) आकृति का सम्मिश्रण है, उसे कहते हैं —**गांधार शैली**
✦ सातवाहनों की राजधानी अवस्थित थी —**अमरावती में**
✦ आंध्र सातवाहन राजाओं की सबसे लम्बी सूची किस पुराण में मिलती है? —**मत्स्य पुराण में**
✦ पूर्वी रोमन शासक जस्टिनियन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान किस क्षेत्र में था? —**विधि के क्षेत्र में**

7. संगमकाल

✦ संगम युग में उरैयूर किसलिए विख्यात था? —**कपास के व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र**
✦ 'तोलकाप्पियम्' ग्रन्थ सम्बन्धित है —**व्याकरण और काव्य से**
✦ धार्मिक कविताओं का संकलन 'कुरल' किस भाषा में है? —**तमिल**
✦ किस संगमयुगीन राज्य के संरक्षण में तीन संगमों का आयोजन किया गया ? —**पांड्य**
✦ 'लाल चेर' के नाम से प्रसिद्ध वह चेर शासक कौन था, जिसने कण्णगी (पत्तिनी) के मन्दिर का निर्माण कराया था? —**शेनगुट्टवन**
✦ तमिल भाषा के शिल्पादिकारम्' और 'मणिमेखलई' नामक गौरवग्रन्थ किससे सम्बन्धित है? —**हिन्दू धर्म**
✦ कौन संगमयुगीन व्याकरण रचना सर्वाधिक महत्वपूर्ण रचना मानी गयी है? —**तोलकाप्पियम्**
✦ मुजरिस किस राज्य का प्रमुख बंदरगाह था? —**चेर**
✦ प्राचीनतम तमिल देवता मुरुगन किस वैदिक देवता के सदृश्य हैं? —**स्कंद/कार्तिकेय**
✦ संगमकालीन साहित्य में 'कौन', 'को' एवं 'मन्नन' किसके लिए प्रयुक्त होते थे? —**राजा**
✦ 'तमिल काव्य का इलियड' कहा जाता है —**शिलप्पदिकारम्**
✦ चेरवंश का शासन किस क्षेत्र पर था? —**केरल पर**
✦ चेरवंश का प्रसिद्ध शासक कौन था? —**शेनगुट्टवन**
✦ चोलवंश का प्रसिद्ध शासक कौन था? —**करिकाल**
✦ चोलकाल में सूतीवस्त्र उद्योग का प्रमुख केन्द्र था —**उरैयूर**
✦ 'तोलकाप्पियम्', की रचना किसने की? —**तोलकाप्पियर ने**
✦ चोल काल में सर्वोच्च न्यायालय को क्या कहा जाता था? —**मनरम**
✦ पांड्यों की राजधानी क्या थी? —**मदुरै**
✦ तमिल का गौरवग्रन्थ जीवक चिंतामणि किससे सम्बन्धित है? —**जैन धर्म से**
✦ संगम किससे सम्बन्धित है? —**विद्वानों से**
✦ स्ट्रैबो के अनुसार, संगम युग के किस वंश के शासक ने रोमन सम्राट आगस्टस के दरबार में 20 ई. पू. के लगभग अपना एक दूत भेजा? —**पांड्य नरेश ने**
✦ तमिल काव्य का ओडिसी किसे कहा जाता है? —**मणिमेखलैई को**
✦ पुहर/कावेरीपट्टनम की स्थापना किसने की? —**करिकाल ने**
✦ प्राचीनतम तमिल देवता मुरुगन किस वैदिक देवता के सदृश्य हैं? —**स्कंद/कार्तिकेय**

संगमों का आयोजन

संगम	स्थान	अध्यक्षता
• प्रथम संगम	मदुरई	अगत्तियार (अगस्त ऋषि)
• द्वितीय संगम	कपाटुपुरम/अलवै	अगत्तियार (अगस्त ऋषि)
• तृतीय संगम	मदुरई	नक्कीरर

8. गुप्त काल (319 ई. पू.—540 ई. पू.)

✦ गुप्त वंश का संस्थापक कौन था? —**श्रीगुप्त**
✦ गुप्त किसके सामंत थे? —**कुषाणों के**

- गुप्त शासन के दौरान ऐसा व्यक्ति कौन था जो एक महान् खगोलविज्ञानी और गणितज्ञ था ? **—आर्यभट्ट**
- गुप्त शासकों की सरकारी/दरबारी भाषा थी **—संस्कृत**
- गुप्त वंश का वह राजा कौन था जिसने हूणों को भारत पर आक्रमण करने से रोका ? **—स्कंदगुप्त**
- गुप्त राजवंश किस लिए प्रसिद्ध था ? **—कला एवं स्थापत्य**
- अजंता कलाकृतियाँ किससे सम्बन्धित हैं ? **—गुप्तकाल से**
- कवि कालिदास किसके राजकवि थे ? **—चन्द्रगुप्त II 'विक्रमादित्य'**
- अजंता चित्रकारी की विषयवस्तु किससे सम्बन्धित है ? **—बौद्ध धर्म**
- उत्तर-गुप्त युग में जो विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हुआ, वह था **—नालंदा**
- एरण अभिलेख का सम्बन्ध किस शासक से है ? **—भानुगुप्त से**
- फाह्यान किसके शासनकाल में भारत आया था ? **—चन्द्रगुप्त II**
- भारतीय संस्कृति का 'स्वर्ण युग' (Golden Age) था **—गुप्त काल**
- फाह्यान कहाँ का निवासी था ? **—चीन का**
- 'सेतुबंध' का रचनाकार प्रवरसेन II किस वंश का शासक था ? **—वाकाटक**
- किस गुप्तकालीन शासक को 'कविराज' कहा गया ? **—समुद्रगुप्त को**
- स्कन्दगुप्त को किस स्तम्भ लेख में 'शक्रोपम' कहा गया ? **—कहौम स्तम्भ लेख**
- फाह्यान और ह्वेनसांग ने किनके राज्यों को देखा ? **—चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य एवं हर्षवर्धन क्रमशः**
- धन्वन्तरी थे **—चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के राजदरबार के 'नवरत्न' में से एक जोकि प्रसिद्ध चिकित्सक थे**
- गुप्तकालीन शासन प्रणाली किस प्रकार की थी ? **—राजतंत्रात्मक**
- गुप्त स्थापत्य कला का सर्वोत्कृष्ट मन्दिर कौन है ? **—देवगढ़ का दशावतार मन्दिर**
- अजंता की गुफाओं में किन गुफाओं का निर्माण गुप्त काल में हुआ ? **—16, 17 एवं 19**
- 'अमरकोश' के लेखक अमर सिंह किस शासक के दरबार से जुड़े थे ? **—चन्द्रगुप्त II**
- गुप्त संवत् (319-320) को प्रारम्भ करने का श्रेय किसे दिया जाता है ? **—चन्द्रगुप्त I को**
- चन्द्रगुप्त I ने गुप्त संवत् का प्रारम्भ किस उपलक्ष्य में किया ? **—अपने राज्यारोहण के स्मारक के रूप में**
- नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी ? **—गुप्त काल की**
- किस वंश के शासकों ने मन्दिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान में दिये थे ? **—गुप्त वंश के**
- दिल्ली के मेहरौली के कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के प्रांगण में स्थित प्रसिद्ध लौह स्तम्भ किसकी स्मृति में है ? **—चन्द्रगुप्त**
- कालिदास द्वारा रचित 'मालविकाग्निमित्र' नाटक का नायक था **—अग्निमित्र**
- समुद्रगुप्त की सैनिक उपलब्धियों का वर्णन उसके किस अभिलेख में उपलब्ध है ? **—प्रयाग के**
- किस काल में स्त्रियों की पुरुषों से बराबरी थी ? **—गुप्त काल में**
- भारत का नैपोलियन किसे कहा जाता है ? **—समुद्रगुप्त को**
  UP Lower Sub. (Pre) 2009
  Chhattisgarh PCS (Pre) 2005
  UPSC (Pre) 1990

> YUKTI ***ज्ञान***—*इतिहासकार विंसेंट स्मिथ ने अपनी पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इण्डिया' में समुद्र गुप्त की वीरता एवं विजयों पर मुग्ध होकर उसे भारतीय नेपोलियन की संज्ञा दी।*

- तक्षशिला विश्वविद्यालय स्थित था **—भारत में**

> YUKTI ***ज्ञान***—*वर्तमान में तक्षशिला पाकिस्तान में स्थित है। प्राचीनकाल में यह शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। चाणक्य, चरक आदि ने यहीं शिक्षा प्राप्त की थी।*

- किस राजा का एक अन्य नाम देव गुप्त था ? **—चन्द्रगुप्त द्वितीय का**
- प्रथम गुप्त शासक जिसने 'परम भागवत की उपाधि धारण की वह था **—चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- प्रयाग प्रशस्ति किसके सैन्य अभियान के बारे में जानकारी देती है ? **—समुद्रगुप्त के**
- गुप्त सम्राट, जिसने हूणों को पराजित किया, था **—स्कंदगुप्त**
- शक विजेता किसे जाना जाता है ? **—चन्द्रगुप्त द्वितीय को**
- रजत सिक्के जारी करने वाला प्रथम गुप्त शासक था **—चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी ? **—गुप्तकाल की**
- किस गुप्त शासक ने सर्वप्रथम सिक्के जारी किए ? **—चन्द्रगुप्त प्रथम ने**
- कौन-सा राजवंश हूणों के आक्रमण से अत्यन्त विचलित हुआ ? **—गुप्तवंश**
- अजंता गुफाओं के सरीखी/जैसी गुफाएँ मध्य प्रदेश में कहाँ हैं ? **—बाघ (धार) में**
- गुप्त वंश ने किस अवधि में शासन किया ? —319-500 ई.
- बाल विवाह की प्रथा आरम्भ हुई **—गुप्त काल में**
- यूरोपीय भाषा में अनूदित/अनुवादित प्रथम भारतीय ग्रन्थ कौन-सा है ? **—कुमारसंभवम्**
- सती प्रथा का पहला उल्लेख कहाँ से मिलता है ? **—एरण अभिलेख से**
- मिहिरकुल का सम्बन्ध था **—हूणों से**
- गुप्त राजा जिसने 'विक्रमादित्य' की पदवी ग्रहण की थी **—चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- गुप्त काल में उत्तर भारतीय व्यापार किस पत्तन से संचालित होता था ? **—ताम्रलिप्ति से**
- गुप्त शासकों द्वारा जारी किए गए चाँदी के सिक्के कहलाते थे **—रूपक**
- किस गुप्त शासक को नालंदा विश्वविद्यालय का संस्थापक माना जाता है ? **—कुमारगुप्त I को**
- पुण्ड्रवर्धन भुक्ति (प्रांत) अवस्थित थी **—उत्तर बंगाल में**
- वह प्रथम भारतीय विद्वान् कौन था, जिसने गणित को एक पृथक् विषय के रूप में स्थापित किया ? **—आर्यभट्ट**
- ताँबा का सिक्का जारी करने वाला पहला गुप्त शासक कौन था ? **—रामगुप्त**

✦ कालिदास की किस कृति की गिनती विश्व की सौ प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों में होती है? **—अभिज्ञान शाकुन्तलम्**

वर्तमान गणित में दशमलव प्रणाली के आविष्कार का श्रेय किस युग को है? **—गुप्त युग को**

✦ गुप्त काल के सर्वाधिक लोकप्रिय देवता कौन थे? **—विष्णु**
✦ मेहरौली (दिल्ली) स्थित लौह-स्तम्भ का निर्माण किस सदी में हुआ ? **—चतुर्थ सदी ई.**
✦ 'कुमारसम्भव' महाकाव्य किस कवि ने लिखा? **—कालिदास**
✦ नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का युग है **—गुप्त**
✦ गुप्त युग में भू-राजस्व की दर थी **—उपज का छठा भाग**

9. गुप्तोत्तर काल
पुष्यभूति वंश या वर्धन वंश

✦ पुष्यभूति वंश की स्थापना किसने की? **—पुष्यभूति वर्धन ने**
पुष्यभूति वंश का सबसे प्रतापी राजा कौन था? **—हर्षवर्धन**
✦ हर्षवर्धन के समय में कौन-सा चीनी तीर्थयात्री भारत आया था? **—ह्वेनसांग**
✦ चालुक्य राजा पुलकेशिन II को किसने पराजित किया था? **—नरसिंहवर्मन।**
✦ किस व्यक्ति को 'द्वितीय अशोक' कहा जाता है? **—हर्षवर्धन को**
✦ बाणभट्ट किस सम्राट् के राजदरबारी कवि थे? **—हर्षवर्धन के**
✦ ह्वेनसांग भारत में लगभग कितने साल रहा ? **—14**
✦ कुम्भ मेला को प्रारम्भ करने का श्रेय किसे दिया जाता है? **—हर्षवर्धन को**
✦ नर्मदा नदी पर सम्राट् हर्ष के दक्षिणवर्ती अग्रगमन को रोका **—पुलकेशिन-II ने**
✦ चालुक्य शासक पुलकेशिन II ने किस नदी के किनारे हर्षवर्धन को परास्त किया था? **—नर्मदा के**
✦ हर्ष के शासनकाल में उत्तर भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर कौन-सा था? **—कन्नौज**
✦ हर्ष की आत्मकथा किसने लिखी ? **—बाणभट्ट ने**
✦ हर्षवर्धन अपनी धार्मिक सभा कहाँ किया करता था? **—प्रयाग में**
✦ वर्धन वंश की राजधानी थानेश्वर किस प्रदेश में स्थित है? **—हरियाणा में**
✦ हर्षवर्धन ने 606 ई. में हर्ष संवत् की स्थापना किस उपलक्ष्य में की थी? **—अपने राज्यारोहण के उपलक्ष्य में**
✦ ह्वेनसांग की भारत में यात्रा के समय सूती कपड़ों के उत्पादन के लिए सबसे प्रसिद्ध नगर था? **—मथुरा**
✦ कवि बाणभट्ट निवासी था? **—थानेश्वर का**
✦ 'नागानंद' का रचनाकार कौन था ? **—हर्षवर्धन**
✦ सम्राट् हर्षवर्धन ने दो महान् धार्मिक सम्मेलनों का आयोजन किया था **—कन्नौज व प्रयाग में**
✦ 'नागानंद', 'रत्नावली' एवं 'प्रियदर्शिका' नाटकों के नाटककार थे **—हर्षवर्धन**
✦ गुर्जरों को किस शासक ने पराजित किया ? **—हर्षवर्धन ने**
✦ आज भी भारत में ह्वेनसांग को याद करने का मुख्य कारण है **—'सी-यु-की' की रचना**
✦ ह्वेनसांग ने किसे 'शीलादित्य' कहा है? **—हर्षवर्धन को**
✦ गुप्त वंश के ह्रास के पश्चात् उत्तर भारत में बड़े भाग का पुनर्गठन किसने किया ? **—हर्षवर्धन ने**
✦ बंगाल का कौन-सा शासक हर्ष का समकालीन था? **—शशांक**
✦ वह अन्तिम बौद्ध राजा कौन था जो संस्कृत का महान् विद्वान् और लेखक था? **—हर्षवर्धन**
✦ 'हर्षचरित' किसके द्वारा लिखी गई थी? **—बाणभट्ट**
✦ एक चालुक्य अभिलेख के तिथि अंकन में शक संवत् का वर्ष 556 दिया हुआ है। इसका तुल्य वर्ष है **—634 ई.**

YUKTI ***ज्ञान***—*शक संवत का प्रचलन कुषाण वंशीय शासक कनिष्क ने 78 ई. में किया था। यदि शक संवत में 556 अंकित है तो यह ईस्वी सन् में 556 + 78 = 634 ई. होगा।*

✦ हर्ष के समय की सूचनाएँ किसकी पुस्तक में निहित हैं? **—कल्हण की**
✦ सम्राट हर्ष ने अपनी राजधानी थानेश्वर से कहाँ स्थानांतरित की **—कन्नौज**
✦ उत्तर प्रदेश में स्थित वह स्थान जहाँ हर्षवर्धन ने बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन किया था? **—प्रयाग**
✦ नर्मदा नदी पर सम्राट हर्ष के दक्षिणवर्ती अग्रगमन को रोका **—पुलकेशिन II ने**
✦ कौशेय शब्द का प्रयोग किया गया है **—रेशम के लिए**
✦ चीनी लेखक भारत का उल्लेख किस नाम से करते हैं? **—यिनत्तु**
✦ नालंदा विश्वविद्यालय के विनाश का कारण था? **—मुसलमान**
✦ गुप्तोत्तर युग में प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था **—कन्नौज**
✦ आदि शंकर जो बाद में शंकराचार्य बने, उनका जन्म हुआ था **—केरल में**
✦ आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मठ कहाँ स्थित हैं? **—जोशीमठ, द्वारका, पुरी तथा श्रृंगेरी में**

10. प्राचीन भारत : विविध

✦ किस विदेशी यात्री ने भारत का दौरा सबसे पहले किया था? **—मेगस्थनीज**
✦ शून्य की खोज किसने की ? **—आर्यभट्ट**
✦ महापाषाण संस्कृति (1500 ई. पू.–1000 ई.पू.) हमें दक्षिण भारत के उस ऐतिहासिक युग से परिचित कराती है, जब महापाषाण काल में उपयोग में लाये जाते थे **—बड़े पत्थरों से घेरी गई समाधियाँ (कब्र)**
✦ किस पुस्तक का 15 भारतीय और 40 विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है? **—पंचतंत्र**
✦ न्यूमिसमेटिक्स (Numismatics) क्या है? **—सिक्कों व धातुओं का अध्ययन**
✦ 'हितोपदेश' के लेखक हैं **—नारायण पंडित**
✦ 'नाट्यशास्त्र' की रचना किसने की ? **—भरत मुनि**
✦ 'इतिहास के पिता' (The Father of History) की पदवीं सही अर्थों में किससे सम्बन्धित है? **—हेरोडोट्स**
✦ प्राचीन नगर तक्षशिला किसके बीच स्थित था? **—सिन्धु व झेलम**

- वह अंग्रेज कौन था जिसने सर्वप्रथम 'भगवद्गीता' का अंग्रेजी में अनुवाद किया था? **—चार्ल्स विल्किन्स**
- पुरापाषाण काल में आदिमानव के मनोरंजन के साधन थे **—शिकार**
- किसको चाल्कोलिथिक एज (Chalcolithic Age) कहा जाता है? **—ताम्रपाषाण युग**
- 'स्वप्नवासवदत्ता' के लेखक हैं **—भास**
- नालंदा विश्वविद्यालय किसलिए विश्व प्रसिद्ध था? **—तर्कशास्त्र के लिए**
- उस स्रोत का नाम बतलाएँ जो प्राचीन भारत के व्यापारिक मार्गों पर मौन है **—मिलिंदपण्हो**
- आधुनिक मानव के हाल का पूर्वज है **—क्रो-मैग्नन मनुष्य**
- ईसा की प्रारम्भिक सदियों में भारत तथा रोम के बीच घनिष्ठ व्यापारिक सम्बन्धों की सूचना किस पुरास्थल की खुदाई से प्राप्त होती है? **—अरिकमेडू**
- आधुनिक देवनागरी लिपि का प्राचीनतम रूप है **—ब्राह्मी**
- मानव द्वारा सर्वप्रथम प्रयुक्त अनाज था **—चावल**
- काव्य शैली का प्राचीनतम नमूना किसके अभिलेख में मिलता है? **—रुद्रदमन के**
- कौन-सा बंदरगाह 'पोडुके' नाम से 'दी पेरिप्लस ऑफ द इरिथ्रियन सी' (लाल सागर का भ्रमण) के अज्ञातनामा लेखक को ज्ञात था? **—अरिकमेडु**
- ताम्राश्म/ताम्रपाषाण काल (Chalcolithic Age) में महाराष्ट्र के लोग मृतकों के घर के फर्श के नीचे किस तरह रखकर दफनाते थे? **—उत्तर से दक्षिण की ओर**
- भीमबेटका किसके लिए प्रसिद्ध है? **—गुफाओं के शैलचित्र**
- प्राचीन भारत में कौन-सी लिपि दायीं ओर से बायीं ओर लिखी जाती थी? **—खरोष्ठी**
- 'मालती माधव' के लेखक थे **—भवभूति**
- 'मुद्राराक्षस' नामक पुस्तक का लेखक कौन था? **—विशाखदत्त**
- किस वंश के राजाओं ने खजुराहो स्थित मन्दिरों का निर्माण करवाया था? **—चंदेल वंश के**
- आबू का जैन मन्दिर किससे बना है? **—संगमरमर से**
- एलीफेंटा की गुफाएँ मुख्यत: किस धर्म के मतावलंबियों के उपयोग के लिए काटकर बनाई गईं थीं? **—शैव धर्म के**
- एलीफेंटा के प्रसिद्ध शैल को काटकर बनाए गए मन्दिरों का श्रेय दिया जाता है **—राष्ट्रकूटों को**
- अजंता और एलोरा की गुफाएँ किस नगर में स्थित हैं? **—औरंगाबाद में**
- कोणार्क का सूर्य मन्दिर किसने बनवाया था? **—नरसिंहदेव वर्मन ने**
- किस मन्दिर को काला पैगोडा के नाम से जाना जाता है? **—कोणार्क का सूर्य मन्दिर**

मध्यकालीन भारत

1. पूर्व मध्यकाल : उत्तर भारत

- मुहम्मद बिन कासिम ने किस वर्ग को 'जजिया कर' से पूर्णत: मुक्त रखा? **—ब्राह्मणों को**
- किस ग्रन्थ के उल्लेख के आधार पर यह माना जाता है कि मलेच्छों के अत्याचार से त्रस्त होकर महर्षि वशिष्ठ ने अत्याचारियों के विनाश हेतु आबू पर्वत पर एक यज्ञ किया एवं यज्ञ के अग्निकुंड से 4 राजपूत कुलों—परमार, चौलुक्य/सोलंकी, प्रतिहार एवं चौहान का जन्म हुआ? **—पृथ्वीराज रासो**
- 'ढिल्लिका' (दिल्ली) नगर की स्थापना की थी **—तोमरों ने**
- उस शासक का नाम क्या है जिसने विजय स्तम्भ/कीर्ति स्तम्भ का निर्माण कराया था? **—राणा कुम्भा**
- भारत पर पहली बार आक्रमण करने वाला कौन था? **—अरब**
- 'पृथ्वीराज रासो' किसने लिखा था? **—चंदबरदाई ने**
- विजय स्तम्भ कहाँ स्थित है? **—चित्तौड़गढ़ में**
- लिंगराज मन्दिर की नींव डाली थी **—ययाति केसरी ने**
- सोमनाथ के मन्दिर पर 1025 ई. में महमूद गजनवी के आक्रमण के समय गुजरात का शासक कौन था? **—भीमदेव।**
- हिन्दू विधि पर एक पुस्तक 'मिताक्षरा' किसने लिखी? **—विज्ञानेश्वर**
- किस नाटक के कुछ अंश अढ़ाई दिन का झोपड़ा मस्जिद की दीवारों पर अंकित है? **—हरिकेलि**
- रानी पद्मिनी का नाम अलाउद्दीन खिलजी की चित्तौड़ विजय से जोड़ा जाता है। उसके पति का नाम था **—राणा रतन सिंह**
- विक्रमशिला शिक्षा केन्द्र के संस्थापक का नाम है **—धर्मपाल**
- पाल वंश का संस्थापक था **—गोपाल**
- पाल वंश की राजधानी थी **—मुद्दगिरि/मुंगेर**
- राष्ट्रकूट वंश का संस्थापक था **—दन्तिदुर्ग/दन्तिवर्मन॥**
- किस मन्दिर परिसर में एक भारी-भरकम नन्दी की मूर्ति है जिसे भारत की विशालतम नन्दी मूर्ति माना जाता है? **—कंदरिया महादेव मन्दिर**
- किसे एक नया संवत् चलाने का यश प्राप्त है **—लक्ष्मण सेन को**
- 'गीत गोविन्द' के रचनाकार जयदेव किसकी सभा को अलंकृत करते थे? **—लक्ष्मण सेन**
- किसने सोमपुर महाविहार का निर्माण कराया था? **—धर्मपाल ने**
- भुवनेश्वर तथा पुरी के मन्दिर किस शैली से निर्मित हैं? **—नागर**
- भारत में प्रथम आक्रमणकारी था **—मुहम्मद-बिन-कासिम**
- जगन्नाथ मन्दिर किस राज्य में है? **—ओडिशा में**
- अजयपाल संस्थापक थे **—अजमेर के**
- वह प्रथम भारतीय शासक कौन है जिससे तुर्क आक्रान्ता मुहम्मद गोरी का सामना हुआ और जिसने मुहम्मद गोरी को परास्त किया ? **—भीम॥**
- किस शासक ने कालिंजर के अजेय दुर्ग का निर्माण करवाया? **—धंगदेव**
- वह कौन-सा संवत् है, जो कल्चुरियों द्वारा प्रयुक्त किये जाने के कारण कल्चुरि संवत् भी कहलाता है? **—त्रैकूटक संवत्**
- चन्दावर का युद्ध (1194 ई.) किसके मध्य हुआ ? **—जयचन्द एवं मुहम्मद गौरी**
- 'नैषेध चरित' व 'खण्डन-खण्ड-खाद्य' के रचयिता श्रीहर्ष किस शासक के राजकवि थे? **—जयचन्द के**

- लिंगराज मन्दिर किस शहर में अवस्थित है? **—भुवनेश्वर में**
- किस पाल शासक को गुजराती कवि सोड्ढ़ल ने 'उत्तरापथ स्वामिन्' कहा? **—धर्मपाल को**
- 9वीं सदी में भारत आए अरब यात्री सुलेमान ने किस साम्राज्य को 'रूहमा' कहकर सम्बोधित किया ? **—पाल**
- सेन वंश का संस्थापक कौन था? **—सामंत सेन**
- किस विदेशी यात्री ने गुर्जर-प्रतिहार वंश को 'अल-गुजर' एवं इस वंश के शासकों को 'बौरा' कहकर पुकारा? **—अलमसूदी**
- जैन वास्तुकला का प्राचीनतम उदाहरण मिलता है **—दिलवाड़ा में**
- कायस्थों का एक जाति के रूप में प्रथम उल्लेख कहाँ मिलता है? **—ओशनम स्मृति में**
- राष्ट्रकूट वंश की राजधानी थी **—मालखंड/मान्यखेत**
- मोढेरा का सूर्य मन्दिर किस राज्य में स्थित है? **—गुजरात में**
- ताम्र पत्र लेख दर्शाते हैं कि प्राचीनकाल में बिहार के राजाओं का सम्पर्क था **—जावा-सुमात्रा से**
- पुण्ड्रवर्धन भुक्ति अवस्थित थी **—उत्तर बंगाल में**
- जोजाक भुक्ति प्राचीन नाम था **—बुन्देलखण्ड का**

> YUKTI ***ज्ञान***—*चन्देल वंश के संस्थापक नन्नुक के पौत्र जयसिंह या जेजा के नाम पर यह प्रदेश जोजाक भुक्ति कहलाया।*

- महोदया किसका पुराना नाम है? **—कन्नौज राजा भोज का**
- महानतम प्रतिहार राजा था **—मिहिर भोज**
- महान् संस्कृत कवि एवं नाटककार राजशेखर किसके दरबार से सम्बन्धित था? **—महेन्द्रपाल I**
- महान् जैन विद्वान हेमचन्द्र किसकी सभा को अलंकृत करते थे? **—कुमार पाल की**

2. पूर्व मध्यकाल : दक्षिण भारत

- बादामी में दुर्ग का निर्माण करवाने तथा बादामी को राजधानी बनाने का श्रेय किस चालुक्य शासक को है? **—पुलकेशिन I**
- किस चालुक्य शासक ने थानेश्वर व कन्नौज के महान् शासक हर्षवर्धन को नर्मदा के तट पर परास्त किया और उसे दक्षिण में बढ़ने से रोका ? **—पुलकेशिन II**
- चालुक्य-पल्लव संघर्ष के दौरान किसने पुलकेशिन II की हत्या कर वातापी पर कब्जा पर लिया तथा 'वातापीकोण्डा' (वातापी का विजेता) की उपाधि धारण की? **—नरसिंहवर्मन I 'माम्मल'**
- किस चालुक्य शासक ने चेर, चोल व पांड्य को हराया, जिस कारण उसे 'तीनों समुद्रों (बंगाल की खाड़ी, हिन्द महासागर व अरब सागर) का स्वामी' भी कहा गया? **—विक्रमादित्य I**
- श्रीलंका पर विजय प्राप्त करने वाला चोल वंश का सबसे प्रतापी राजा था **—राजेन्द्र I**
- पहाड़ी काटकर एलोरा के विश्वविख्यात कैलाशनाथ मन्दिर का निर्माण कराया था **—राष्ट्रकूट ने**
- किसने तंजौर में वृहदेश्वर मन्दिर का निर्माण कराया था? **—राजराजा I ने**
- चालुक्य वंश का सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक था **—पुलकेशिन II**
- कौन-सा शहर चोल राजाओं की राजधानी था? **—तंजौर**
- पांड्य साम्राज्य की राजधानी कहाँ थी? **—मदुरै**
- राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक कौन था? **—दन्तिदुर्ग**
- विरुपाक्ष मन्दिर का निर्माण किसने किया था? **—चालुक्य**
- पल्लवों के एकाश्मीय रथ मिलने का स्थान है **—महाबलिपुरम**
- होयसल की राजधानी का नाम क्या है? **—द्वारसमुद्र**
- महाबलिपुरम, जो एक मुख्य नगर है, वह कला में किन शासकों को रुचि को दर्शाता है? **—पल्लवों की**
- यादव सम्राटों की राजधानी कहाँ थी? **—देवगिरि**
- चोल राजाओं ने किस धर्म को संरक्षण प्रदान किया ? **—शैव धर्म**
- प्रथम भारतीय शासक कौन था, जिसने अरब सागर में भारतीय नौसेना की सर्वोच्चता स्थापित की ? **—राजराजा I**
- किस शासक के पास एक शक्तिशाली नौसेना थी ? **—चोल**
- भगवान् नटराज का प्रसिद्ध मन्दिर जिसमें भरतनाट्यम शिल्प कला है कहाँ स्थित है? **—चिदंबरम में**
- राष्ट्रकूटों को किसके द्वारा उखाड़ फेंका गया था? **—तैलप II**
- प्रशासन के क्षेत्र में चोल राजवंश का मुख्य योगदान है **—सुसंगठित स्थानीय स्वशासन में**
- एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मन्दिर का निर्माण किसने कराया था ? **—कृष्ण I ने**
- किसने कन्नड़ काव्य-शास्त्र की प्राचीनतम कृति 'कविराजमार्ग' की रचना की? **—अमोघवर्ष ने**
- किस राजवंश का काल कन्नड़ साहित्य के उत्पत्ति का काल माना जाता है? **—राष्ट्रकूट**
- मन्दिर स्थापत्य कला की द्रविड़ शैली का आरम्भ किस राजवंश के समय में हुआ? **—पल्लव**
- 'चालुक्य विक्रम संवत्' का प्रचलन किसने किया ? **—विक्रमादित्य** VI
- विश्व में मक्का की पेटी (Corn belt) किस देश में पायी जाती है? **—यू.एस.ए. में**
- विश्व में चुकन्दर के दो सबसे बड़े उत्पादक हैं **—टर्की एवं यूक्रेन**
- विश्व में सोयाबीन के सर्वाधिक महत्वपूर्ण उत्पादक देश हैं **—संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, अर्जेण्टीना एवं चीन**
- विश्व में नारियल का सबसे अधिक उत्पादन करता है **—इण्डोनेशिया**
- विश्व का सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश कौन है? **—चीन**

> YUKTI **ज्ञान**–*संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन FAO के अद्यतन आंकड़ों पर आधारित वर्ष 2010 के लिए।*

- चाय के पौधे उगाने की डैपाग विधि विकसित हुई थी **—फिलीपीन्स में**
- विश्व प्रसिद्ध 'उलंग' (Ullang) किस्म की चाय किस देश में पैदा होती है? **—ताइवान में**
- कहवा के उत्पादन के आधार पर देशों का सही अवरोही क्रम है **—ब्राजील, कोलम्बिया, इण्डोनेशिया एवं आइवरी कोस्ट**
- मोचा कहवा जहाँ उगायी जाती है, वह है **—यमन**
- विश्व में कहवा के दो अग्रगण्य उत्पादक हैं **—ब्राजील तथा कोलम्बिया**
- विश्व की कहवा मण्डी के नाम से कौन प्रसिद्ध है **—साओपालो**

Q निम्नलिखित में से कौनसा एक देश गेहूँ तथा चावल दोनों का संसार का सबसे बड़ा उत्पादक देश है?

(a) चीन (b) भारत
(c) रूस (d) यू. एस. ए.

UP PCS (Mains) 2006
UP Lower Sub (Spl) (Pre) 2004
Utarakhand UDA/LDA (Pre) 2003

उत्तर–(a)

Q विश्व का लगभग एक तिहाई प्राकृतिक रबर का उत्पादन होता है–

(a) भारत में (b) इण्डोनेशिया में
(c) मलेशिया में (d) थाईलैण्ड में

UP PSC (GIC) 2010
UP PCS (Mains) 2005

उत्तर–(d)

Q सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

सूची-I	**सूची-II**
फसलें	**क्षेत्र/देश**
A. रबर	मारीशस
B. कहवा	इटली
C. जैतून	कोलम्बिया
4. गन्ना	मलेशिया

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	4	3	2	1
(c)	4	3	1	2
(d)	3	4	2	1

UP PCS (Pre) 2013
UP UDA/LDA (Pre) 2010

उत्तर–(b)

- पेट्रोन-कोलोन (Patron Colon) प्रथा जिसमें कहवा के पुराने बागानों को काटकर नये बागान लगाने में खर्च कम पड़ता है, किस देश में प्रचलित है? **–ब्राजील में**
- ब्राजील में कहवा का अधिक उत्पादन होने का प्रमुख कारण क्या है? **–टेरारोसा मृदा**
- कौन-सा बंदरगाह 'कॉफी पत्तन' के नाम से जाना जाता है? **–सेन्टोस**
- विश्व में सबसे उत्तम स्वाद वाला कहवा किसे माना जाता है? **–मोचा कहवा**
- विश्व में कोको उत्पादक देशों का सही अवरोही क्रम है **–आइवरी कोस्ट, ब्राजील, घाना, नाइजीरिया**
- विश्व में लम्बी रेशे की कपास के प्रमुख उत्पादक देश हैं **–यू.एस.ए. एवं मिस्र**
- विश्व में कपास का उत्पादन करने वाले प्रमुख देशों का उत्पादन के आधार पर सही अवरोही क्रम है **–चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, सी.आई.एस. एवं भारत**
- विश्व में लम्बे रेशे के कपास का सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक देश है **–संयुक्त राज्य अमेरिका**
- विश्व में कपास का सबसे बड़ा निर्यातक देश कौन है? **–संयुक्त राज्य अमेरिका**
- जूट उत्पादक देशों का सही अवरोही क्रम है**–बांग्लादेश, भारत, चीन**
- जूट उत्पादक देशों में से सबसे अधिक प्रति हेक्टेयर जूट का उत्पादन किस देश में होता है? **–बांग्लादेश में**
- विश्व का सर्वाधिक जूट उत्पादक क्षेत्र है**–गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टाई मैदान**
- रेशम के उत्पादन हेतु व्यापारिक स्तर पर रेशम के कीड़ों का पाला जाना कहलाता है **–सेरीकल्चर**
- सर्वाधिक रबड़ की खेती होती है **–अमेजन तथा जैरे बेसिन में**
- विश्व में प्राकृतिक रबड़ का सबसे बड़ा उत्पादक है **–थाईलैंड**
- विश्व में संश्लेषित या सिन्थेटिक रबड़ का सबसे बड़ा उत्पादक है **–संयुक्त राज्य अमेरिका**
- विश्व में तम्बाकू का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–चीन**
- विश्व में तम्बाकू का उत्पादन करने वाले प्रमुख देशों का उत्पादन के आधार पर सही अवरोही क्रम है **–चीन, यू. एस. ए., भारत, ब्राजील**
- उच्च कोटि की मादकता वाली सुगन्ध (Aroma) से परिपूर्ण ओरिएण्टल किस्म की तम्बाकू का विश्व में सर्वाधिक उत्पादन कहाँ होता है? **–तुर्की**
- विश्व में इलायची का सबसे प्रमुख उत्पादक देश कौन है? **–ग्वाटेमाला**
- विश्व में अफीम का सर्वाधिक उत्पादन किस देश में होता है? **–अफगानिस्तान में**
- विश्व में सर्वाधिक आलू कहाँ पैदा होते हैं? **–रूस में**
- विश्व में अंगूर का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश है **–इटली**
- किसको कृषि क्षेत्र में 'हरित क्रान्ति' का जन्मदाता कहा जाता है? **–नॉर्मन ई. बोरलोग को**
- मूँगफली कहाँ की प्रमुख फसल है? **–जाम्बिया की**
- विश्व में केले का सबसे बड़ा उत्पादक है **–भारत**
- विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है **–भारत**
- विश्व में ऊन (Wool) का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला देश है **–ऑस्ट्रेलिया**
- विश्व का सबसे बड़ा लौंग उत्पादक देश है **–जंजीबार**
- मूँगफली का मूल स्थान है **–ब्राजील**
- कौन-सा देश गेहूँ और चावल दोनों का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक है? **–चीन**
- भारत सर्वश्रेष्ठ उत्पादक एवं उपभोक्ता है **–चाय का**
- दुग्ध के अग्रणी उत्पादकों का सही अवरोही क्रम है **–भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस**
- स्थानान्तरणशील कृषि की शुरुआत सर्वप्रथम कहाँ से हुई? **–थाईलैंड से**
- झूम (Jhoom) है **–कृषि (खेती) का एक प्रकार**

- थाईलैंड में की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि को किस नाम से जाना जाता है? **—तमराई**
- वियतनाम एवं लाओस में की जाने वाली स्थानान्तरित कृषि को क्या कहा जाता है? **—रे**
- ट्रक फार्मिंग (Truck Farming) का अभिप्राय है **—बागवानी कृषि से**
- विश्व में बागानी कृषि का सर्वाधिक विकास कहाँ हुआ है? **—दक्षिण-पूर्वी एशिया में**
- झूम कृषि कहाँ पर की जाती है? **—उत्तर-पूर्व भारत में**
- विश्व में किस प्रकार की कृषि का सर्वाधिक प्रचलन है? **—स्थानबद्ध कृषि**
- सर्वाधिक सघन खेती प्रचलित है **—जापान में**
- मिली-जुली खेती से क्या तात्पर्य है? **—पशुपालन और कृषि साथ-साथ करना**
- रेशम के उत्पादन हेतु व्यापारिक स्तर पर रेशम के कीड़ों का पाला जाना क्या कहलाता है? **—सेरीकल्चर**
- व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समुद्री जीवों के उत्पादन की क्रिया क्या कहलाती है? **—मेरीकल्चर**
- व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली मछली पालन की क्रिया को क्या कहा जाता है? **—पीसीकल्चर**
- वनों के संरक्षण एवं संवर्धन से सम्बन्धित क्रिया क्या कहलाती है? **—सिल्वीकल्चर**
- व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली फूलों की कृषि को क्या कहा जाता है? **—फ्लोरीकल्चर**
- व्यापारिक स्तर पर किया जाने वाला विभिन्न प्रकार के फलों का उत्पादन कहलाता है **—हार्टीकल्चर**
- व्यापारिक स्तर पर शहद उत्पादन हेतु किया जाने वाला मधुमक्खी या मौन पालन का कार्य कहलाता है **—एपीकल्चर**
- जमीन पर फैलने वाली सब्जियों की व्यापारिक कृषि कहलाती है **—ओलेरीकल्चर**
- सेरीकल्चर का सम्बन्ध है **—रेशम कीट से**

Q मूँगफली निम्नलिखित में से कहाँ की प्रमुख फसल है?

(a) जार्जिया की (b) गैम्बिया की
(c) घाना की (d) ग्वाटेमाला की

UP RO/ARO (Mains) 2013
UP PCS (Pre) 2012

उत्तर–(b)

Q दुग्ध उत्पादन में किस देश का प्रथम स्थान है?

(a) चीन (b) भारत
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) आस्ट्रेलिया

UP PCS (Mains) 2013
Jharkhand PCS (Pre) 2011
UP PSC (GIC) 2010
UP PCS (Spl) (Mains) 2008

उत्तर–(b)

10. मत्स्यन

- मत्स्यन किस प्रकार की आर्थिक क्रिया है? **—प्राथमिक**
- व्यापारिक रूप से मत्स्य पालन का व्यवसाय क्या कहलाता है? **—पिसीकल्चर**
- नीली क्रान्ति (Blue revolution) किससे सम्बन्धित है? **—मत्स्य पालन से**
- मछलियों का सबसे अधिक केन्द्रीयकरण छिछले तटीय जल में पाया जाता है क्योंकि इन भागों में सहयोगी कारक है **—अत्यधिक प्लैंकटन**
- मत्स्य उद्योग की दृष्टि से कौन-सा देश महत्वपूर्ण है? **—नार्वे**
- विश्व का वृहत्तम मत्स्य आहरण क्षेत्र है **—ग्रैंड बैंक**
- प्रसिद्ध मत्स्य क्षेत्र 'ग्रैंड बैंक' स्थित है **—अटलांटिक महासागर में**
- विश्व का प्रमुख मत्स्यन क्षेत्र 'डॉगर बैंक' कहाँ स्थित है? **—उत्तरी सागर में**
- विश्व में स्वच्छ जल की मछली का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **—चीन**

11. परिवहन

- विश्व में सबसे अधिक सड़कों का विस्तृत जाल किस देश में पाया जाता है? **—संयुक्त राज्य अमेरिका में**
- भारतीय सड़क प्रणाली का विश्व में कौन-सा स्थान है? **—दूसरा**
- विश्व की सबसे लम्बी सड़क है **—पैन अमेरिकन महामार्ग**
- विश्व के किस देश में प्रथम रेलमार्ग का निर्माण हुआ? **—ब्रिटेन में**
- विश्व में सबसे पहले रेलमार्ग कहाँ बनाया गया? **—उत्तरी पूर्वी इंग्लैण्ड में कोयला खानों और न्यू कैसिल के मध्य**
- एशिया के किस देश में सर्वाधिक लम्बा रेलमार्ग है? **—भारत में**
- संसार में रेलों का सबसे बड़ा जाल वाला देश है **—यू.एस.ए.**
- विश्व में प्रथम रेलगाड़ी कब चली? **—1825 ई. में**
- विश्व में सड़क मार्ग की लम्बाई की दृष्टि से प्रथम तीन देशों का अवरोही क्रम है **—अमेरिका, भारत, ब्राजील**
- विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग कौन-सा है? **—ट्रान्स साइबेरियन रेलमार्ग**
- ट्रान्स साइबेरियन रेलमार्ग की कुल लम्बाई है **—9,332 किमी**
- ट्रान्स साइबेरियन रेलमार्ग कहाँ से कहाँ तक जाती है? **—लेनिनग्राड से ब्लाडीवोस्टक तक**
- विश्व का सबसे व्यस्त समुद्री रास्ता कौन-सा है? **—उत्तरी अटलांटिक महासागर**
- स्वेज नहर जलमार्ग के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है? **—यह नहर भूमध्य सागर को फारस की खाड़ी से जोड़ती है।**
- संसार की सबसे बड़ी पोतवाहक नहर है **—स्वेज नहर**
- संसार की सबसे महत्वपूर्ण जहाजी नहर है **—स्वेज नहर**
- विश्व का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण अन्त:स्थलीय जलमार्ग कौन-सा है? **—उत्तरी अमेरिका का महान् झील मार्ग**

- वर्तमान समय में पनामा नहर पर किस देश का नियन्त्रण है? **—पनामा**
- प्राचीनतम अन्तर्राष्ट्रीय एयरलाइन है **—डच के एल. एम.**

Q **कथन (A) :** संसार में उत्तरी अटलांटिक नौ-परिवहन मार्ग सबसे अधिक व्यस्त समुद्री मार्ग है।

कारण (R) : वह संसार के दो मुख्य औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

उपरोक्त वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

UP PCS (Pre) 2003
UP UDA/LDA (Pre) 2002

उत्तर–(a)

- किस देश में दुनिया का सबसे लम्बा बुलेट ट्रेन का जाल है? **—चीन में**
- सीकान नामक विश्व की सबसे लम्बी रेल-सड़क सुरंग स्थित है **—जापान में**

12. जनसंख्या

- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों का अवरोही क्रम है **—चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इण्डोनेशिया**
- विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है? **—11 जुलाई को**
- अफ्रीका महाद्वीप में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है **—नाइजीरिया**
- जनसंख्या का सबसे कम भार कहाँ पाया जाता है? **—ओशनिया में**
- जनसंख्या का सर्वाधिक भार कहाँ पाया जाता है? **—एशिया में**
- विश्व के किस महाद्वीप में आदिम जातियों की सर्वाधिक जनसंख्या पायी जाती है? **—अफ्रीका में**
- एशिया महाद्वीप में विश्व की कितनी प्रतिशत जनसंख्या का निवास है? **—55%**
- सर्वाधिक प्रवासी जनसंख्या पायी जाती है **—संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा में**
- संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार विश्व की जनसंख्या 6 अरब कब हुई ? **—12 अक्टूबर, 1999 को**
- विश्व के किस देश में मुसलमानों की संख्या सर्वाधिक है? **—इण्डोनेशिया में**
- जनसंख्या के अध्ययन को कहते हैं **—जनांकिकी**
- कुल जनसंख्या को उपलब्ध कृषि योग्य भूमि के क्षेत्रफल से विभाजित करने पर मिलता है **—कृषि घनत्व**
- किस देश की लगभग 97 प्रतिशत जनसंख्या उसके लगभग 3 प्रतिशत भू-भाग पर निवास करती है? **—ऑस्ट्रेलिया की**
- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला द्वीप है **—जावा**
- किस दक्षिण एशियाई देश में सबसे अधिक जनसंख्या का घनत्व है? **—भारत में**
- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप है **—एशिया**
- न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप है **—ऑस्ट्रेलिया**
- माल्थस के अनुसार जनसंख्या कितने वर्षों में दुगुनी हो जाती है? **—25 वर्ष**
- किस देश में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक है? **—बांग्लादेश में**
- किस प्रजाति के सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है? **—मंगोलॉएड**
- मानव जातियों के वर्गीकरण के लिए किस कसौटी का प्रयोग नहीं किया जाता है? **—कान का**
- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश है **—सिंगापुर**
- अनुकूलतम जनसंख्या के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है? **—डाल्टन ने**
- जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धान्त को प्रतिपादित किया था **—नोटेस्टीन**
- थॉम्पसन तथा नोटेस्टीन ने जनांकिकी संक्रमण की कितनी अवस्थाओं के होने का सुझाव दिया था? **—तीन का**
- जनांकिकी संक्रमण की कौन-सी अवस्था जनसंख्या में विस्फोटक वृद्धि की स्थिति पैदा करती है? **—द्वितीय**
- भारत एवं चीन वर्तमान में जनांकिकी संक्रमण की किस अवस्था से गुजर रहे हैं? **—तृतीय**
- किस विद्वान् ने प्राकृतिक नियमों के आधार पर जनसंख्या सिद्धान्त का प्रतिपादन किया? **—माल्थस ने**
- एशिया में मातृ मृत्यु-दर उच्चतम है **—बांग्लादेश में**
- विश्व में प्रथम बार व्यवस्थित जनगणना का श्रेय किस देश को है? **—स्वीडन**
- मानव विकास सूचकांक जारी किया जाता है **—UNDP द्वारा**
- जनसंख्या के घटते हुए क्रम में चीन और भारत के बाद कौन से दो देश आते हैं? **—सं. रा. अ. और इण्डोनेशिया**
- दक्षिण एशियाई देशों में से किस देश का अधिकतम जनसंख्या घनत्व है? **—भारत**
- सर्वाधिक नगरीकृत महाद्वीप है **—यूरोप**
- कौन-सा देश दक्षिण एशिया का सर्वाधिक नगरीकृत देश है? **—पाकिस्तान**
- एक अनुमान के अनुसार विश्व की 70% आबादी जिस वर्ष तक नगरों में सिमट जायेगी, वह है **—2050**

Q निम्नलिखित युग्मों में कौन एक सही सुमेलित नहीं है?

(a) फुलानी — पश्चिमी अफ्रीका
(b) बंटू — सहारा
(c) मसाई — पूर्व अफ्रीका
(d) नूबा — सूडान

UP PCS (Pre) 2012
UP UDA/LDA (Spl) (Pre) 2010

उत्तर–(b)

- 'ऋतु-प्रवास' शब्द किसके लिए उपयोग होता है? **—मानव व उनके पशुओं का मौसमी स्थानांतरण—घाटी से पर्वत की ओर व पर्वत से घाटी की ओर**

- विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले 10 देशों में एशिया में हैं **—6**
- किस प्रजाति के सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है? **—काकेशियाई**
- जनसंख्या वृद्धि का सर्वाधिक प्रतिशत जिस महाद्वीप के देशों में देखा गया है, वह है **—एशिया**
- सार्क देशों में सबसे घना आबाद देश है **—बांग्लादेश**
- किस देश ने सरकारी तौर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम को सर्वप्रथम अपनाया? **—भारत ने**
- कौन पश्चिम एशिया का सर्वाधिक नगरीकृत देश है? **—कुवैत**

13. जनजातियाँ

- 'ऐनू' जनजाति कहाँ पायी जाती है? **—जापान में**
- 'माओरी' जनजाति का निवास क्षेत्र कहाँ पाया जाता है? **—न्यूजीलैंड में**
- सेमांग जनजाति का निवास है **—मलेशिया में**
- न्यूजीलैंड के मूल निवासियों को किस नाम से जाना जाता है? **—माओरी**
- 'अफ्रीदीस' जनजाति का निवास क्षेत्र है **—पाकिस्तान**
- एस्किमो लोगों का ग्रीष्मकालीन निवास गृह क्या कहलाता है? **—ट्यूपिक**
- 'एस्किमो' निवासी हैं **—कनाडा के**
- शिकार के लिए हारपून का प्रयोग कौन-सी जनजाति करती है? **—एस्किमो**
- एस्किमो लोगों का मुख्य व्यवसाय है **—आखेट व मत्स्यन**
- बुशमैन का सम्बन्ध है **—कालाहारी मरुस्थल से**
- किस जनजाति के लोग सर्वभक्षी की श्रेणी में आते हैं? **—बुशमैन**
- खिरगीज एक घुमक्कड़ी जनजाति है **—मध्य एशिया की**
- किस जनजाति का सम्बन्ध भूमध्यरेखीय प्रदेश से नहीं है? **—खिरगीज**
- मध्य एशिया के स्टेपी क्षेत्र में खिरगीज, कालमुख, तथा कज्जाख लोगों द्वारा बनाये गये पशुओं की खालों के अस्थायी तम्बू को क्या कहा जाता है? **—युर्त**
- कौन-सी जनजाति वृक्षों पर निवास करती है? **—सकाई**
- किस प्रदेश में पिग्मी निवासी पाये जाते हैं? **—विषुवत्‌रेखीय वन क्षेत्र में**
- श्रीलंका में रहने वाले पिग्मी को किस नाम से जाना जाता है? **—वेद्दा**
- विश्व के किस महाद्वीप में आदिम जातियों की सर्वाधिक जनसंख्या पायी जाती है? **—अफ्रीका में**
- युर्त किस जनजाति का घर है? **—खिरगीज का**
- पिग्मी निवासी हैं **—अफ्रीका के**
- अफ्रीका की मूलभूत जनजाति 'पिग्मी' किस नदी घाटी में पायी जाती है? **—कांगो**

14. प्राकृतिक प्रदेश

- प्राकृतिक प्रदेशों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है **—जलवायु**
- विश्व को प्राकृतिक प्रदेशों में बाँटने का प्रथम प्रयास किसने किया? **—हरबर्टसन ने**
- हरबर्टसन के प्राकृतिक प्रदेशों के विभाजन का आधार था **—जलवायु**
- किसी प्राकृतिक प्रदेश में समरूपता होती है **—जलवायु और प्राकृतिक वनस्पति की**
- सामान्यत: विश्व को कितने प्राकृतिक प्रदेशों में विभाजित किया गया है? **—12**
- किस प्राकृतिक प्रदेश को 'आलस्य का प्रदेश' कहा जाता है? **—विषुवतीय प्रदेश**
- विषुवतीय प्रदेश को अन्य किस नाम से जाना जाता है? **—क्षीणकारक प्रदेश**
- कौन-सा प्राकृतिक प्रदेश 'सिनकोना' के उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है? **—विषुवतीय प्रदेश**
- किस प्रदेश में पूरे साल वर्षा होती है? **—विषुवतीय**
- रबर किस प्राकृतिक प्रदेश की उपज है? **—विषुवतीय प्रदेश की**
- किस प्राकृतिक प्रदेश को 'गर्म पेटी' के रूप में जाना जाता है? **—विषुवतीय प्रदेश को**
- किस प्राकृतिक प्रदेश में वनस्पतियों की सर्वाधिक विविधता देखने को मिलती है? **—विषुवतीय प्रदेश में**
- सागवान (Teak) तथा सखुआ (Sal) किस प्राकृतिक प्रदेश में पाये जाने वाले प्रमुख पेड़ हैं? **—मानसूनी प्रदेश में**
- कौन-सा प्राकृतिक प्रदेश 'विकसित प्रदेश' के नाम से जाना जाता है? **—भूमध्यसागरीय**
- कौन-सा प्राकृतिक प्रदेश फलों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है? **—भूमध्यसागरीय**
- आभ्यान्तरिक प्रकार (mediterranean type) का मौसम पाया जाता है **—कैलीफोर्निया में**
- भूमध्यसागरीय क्षेत्र किसकी खेती में विशेषता रखता है? **—नीबू कुल के फल की**
- किस प्राकृतिक प्रदेश को 'विश्व का चिड़ियाघर' के नाम से जाना जाता है? **—सवाना प्रदेश**
- किस प्राकृतिक प्रदेश को 'प्रयास का प्रदेश' या 'परिश्रम का प्रदेश' (Region of effort) कहा जाता है? **—पश्चिमी यूरोपीय प्रदेश**
- कौन-सा एक 'विश्व का ब्रेड बास्केट' (रोटी का डलिया) कहा जाता है? **—शीतोष्ण घास प्रदेश**
- मूल घाटी स्थित है **—कैलीफोर्निया में**

घास के मैदान

प्रमुख देशों में घास के मैदानों को निम्नलिखित प्रकार से पुकारा जाता है—

देश	घास के मैदान
कनाडा	प्रेयरी
ऑस्ट्रेलिया	डाउन्स
अर्जेण्टीना	पम्पास
द. अफ्रीका	वेल्ड
उ. अमेरिका	स्टेपी
अफ्रीका (उ. म.)	सवाना
श्रीलंका	पटाना
वेनेजुएला	लानोज

- विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल किस प्राकृतिक प्रदेश में स्थित है? **—उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश में**
- किस प्राकृतिक प्रदेश में गर्मी की ऋतु में सूर्य कभी अस्त नहीं होता है? **—टुण्ड्रा प्रदेश में**
- किस प्राकृतिक प्रदेश को 'शीत मरुस्थल' (Cold desert) कहा जाता है? **—टुण्ड्रा प्रदेश को**

15. मानचित्र पर अंकित रेखाएँ

- समुद्र के अन्दर समान गहराई वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा कहलाती है **—आइसोबाथ**
- सूर्यातप के समान अवधि वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है? **—आइसोहेल**
- समान हिमपात वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखाएँ क्या कहलाती हैं? **—आइसोनिफ**
- मानचित्र पर बनायी गई वे रेखाएँ जो समुद्र से बराबर ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाती हैं, क्या कहलाती हैं? **—कन्टूर**
- समान वर्षा होने वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा कही जाती है**—आइसोहाइट**
- समान जनसंख्या घनत्व वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखाएँ हैं **—आइसोपाइक्निक**
- महासागरीय एवं सागरीय भागों में लवणता की समान मात्रा वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा निम्न में से किस नाम से जानी जाती है? **—आइसोहैलाइन**
- समान मेघाच्छन्नता को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है?**—आइसोनेफ**
- समान चुम्बकीय झुकाव वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है? **—आइसोगोनल**
- एक ही तापमान वाले स्थानों को जोड़ने वाली काल्पनिक रेखाएँ कहलाती हैं **—आइसोथर्म**
- आइसोबार (Isobar) मानचित्र पर उन स्थानों को दर्शाने के लिए खींची गई रेखाएँ हैं, जहाँ पर **—एक जैसा वायुमण्डलीय दाब है**
- आइसोहेल (Isohel) रेखाओं द्वारा क्या प्रदर्शित किया जाता है? **—समान धूप**
- एक ही समय में कम्पन करने वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखाओं की शृंखला कहलाती है **—आइसोसीस्मल लाइन्स**
- एकसमान समय पर तूफान आने वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा क्या कहलाती है? **—आइसोब्राण्ट**
- महासागरों व सागरों की लवणीयता को मानचित्र पर प्रदर्शित करने वाली रेखाएँ क्या कहलाती हैं? **—आइसोहेलाइन**
- आइसोबाथ रेखाएँ प्रदर्शित करती है **—समुद्र तल के समान गहराई वाले क्षेत्र**
- मानचित्र में वे रेखाएँ जहाँ दाब सम हो, कहलाती हैं **—समदाब रेखाएँ**

16. प्रमुख भौगोलिक यन्त्र

- सापेक्षिक आर्द्रता के मापन हेतु किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है? **—हाइग्रोमीटर का**
- उच्च तापमान के मापन हेतु किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है? **—पायरोमीटर का**
- आकाश के नीलापन का मापन किस भौगोलिक यंत्र द्वारा किया जाता है? **—साइनोमीटर द्वारा**
- विकिरण की तीव्रता के मापन हेतु किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है? **—एक्टिनोमीटर**
- पवन की गति किस यंत्र द्वारा मापी जाती है? **—सीस्मोग्राफ से**
- भूकम्पीय तरंगों का मापन किस यंत्र द्वारा किया जाता है?**—सीस्मोग्राफ**
- कैलोरीमीटर से क्या मापा जाता है? **—ऊष्मा की मात्रा**
- मानचित्र पर दूरियों को मापने के लिए किस यन्त्र का प्रयोग किया जाता है? **—ऑपिसोमीटर**
- बादलों की दिशा एवं गति को मापने वाला यंत्र कहलाता है**—नेफोस्कोप**
- वायु में आपेक्षिक आर्द्रता मापन हेतु प्रयुक्त उपकरण है **—हाइग्रोग्राफ**
- सीस्मोग्राफ क्या रिकार्ड करता है? **—भूकम्प की तीव्रता**
- रिक्टर स्केल का प्रयोग किसके मापने में किया जाता है?**—भूकम्प के झटके**
- रिक्टर स्केल तीव्रता मापता है **—भूकम्प की**

अध्याय 4

भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान

1. भारत का संवैधानिक इतिहास

✦ रेगुलेटिंग ऐक्ट कब पारित किया गया ? **—1773 ई. में**

✦ भारत के गवर्नर जनरल को किस ऐक्ट के द्वारा अपनी समिति के निर्णय को अस्वीकार करने का अधिकार मिला ? **—1786 का एमेण्डमेंट ऐक्ट**

✦ महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी कब नियुक्त किया गया ? **—1858 ई. में**

✦ मार्ले-मिन्टो सुधार का उद्देश्य क्या था ? **—पृथक् निर्वाचन प्रणाली**

✦ मार्ले-मिन्टो सुधार बिल किस वर्ष पारित किया गया ? **—1909 में**

✦ मुसलमानों के लिए अतिरिक्त निर्वाचक मण्डल प्रारम्भ में किसके द्वारा लाया गया था ? **—मार्ले-मिन्टो सुधार, 1909**

✦ 1909 के इण्डियन कौंसिल ऐक्ट में किस बात की व्यवस्था की गयी थी ? **—साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की**

✦ मान्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार में प्रावधानों का सार क्या था ? **—प्रान्तों में दोहरा शासन**

✦ भारत का संविधान लागू होने तक स्वतंत्रता के पश्चात् इसका शासन किसके अन्तर्गत चलाया गया ? **—1935 के भारत सरकार अधिनियम के अनुसार**

✦ भारत की आजादी के समय इंग्लैण्ड में किस पार्टी की सरकार थी ? **—लेबर पार्टी की**

✦ केन्द्र में द्वैध शासन प्रणाली को किस अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित किया गया ? **—भारत सरकार अधिनियम, 1935**

✦ किस अधिनियम की प्रमुख विशेषता प्रान्तीय स्वायत्तता थी ? **—1935**

✦ भारत में सचिव का पद किसके द्वारा निर्मित किया गया था ? **—भारत सरकार अधिनियम, 1858**

✦ किस अधिनियम में कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था ? **—रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773**

✦ किस अधिनियम में भारतवासियों को अपने देश के प्रशासन में कुछ हिस्सा लेना सम्भव बनाया ? **—चार्टर एक्ट, 1833**

✦ किस अधिनियम के अन्तर्गत भारतीय विधान परिषद को बजट पर बहस करने की शक्ति प्राप्त हुई ? **—भारत परिषद अधिनियम, 1892**

✦ भारत का संघीय न्यायालय किस वर्ष में स्थापित किया गया था ? **—1937 में**

✦ केन्द्र में कौन-सा एक्ट द्विसदनीय विधायिका लाया ? **—एक्ट, 1819**

✦ 1935 का गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया एक्ट क्यों महत्वपूर्ण है ? **—यह भारतीय संविधान का प्रमुख स्रोत है**

> **YUKTI ज्ञान**—*भारत का वर्तमान संवैधानिक ढांचा बहुत कुछ 1935 के अधिनियम पर आधारित है।*

2. संविधान सभा

✦ भारत की संविधान सभा गठित करने का आधार क्या था ? **—कैबिनेट मिशन प्लान, 1946**

✦ भारत की संविधान सभा किसके अनुसार गठित की गई ? **—कैबिनेट मिशन योजना के**

✦ सन् 1936 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस द्वारा संविधान सभा के गठन की माँग कहाँ पर हुए अधिवेशन में रखी गई ? **—फैजपुर**

✦ कैबिनेट मिशन योजना के अनुसार संविधान सभा में कुल कितने सदस्य होने थे ? **—389**

✦ कैबिनेट मिशन योजना के अन्तर्गत संविधान निर्मात्री परिषद् में प्रत्येक प्रान्त की आवंटित सदस्य संख्या निर्धारित करने के लिए एक प्रतिनिधि कितनी जनसंख्या के अनुपात में था ? **—10 लाख व्यक्ति**

✦ संविधान सभा के सदस्यों को किसने प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित किया ? **—प्रान्तों की विधानसभा ने**

✦ संविधान सभा में किस प्रान्त का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक था ? **—संयुक्त प्रान्त का**

✦ संविधान सभा में किस देशी रियासत के प्रतिनिधि ने भाग नहीं लिया था ? **—हैदराबाद के**

✦ बी. आर. अम्बेडकर का संविधान सभा में निर्वाचन हुआ था **—पश्चिम बंगाल से**

✦ भारतीय संविधान को किसने बनाया ? **—संविधान सभा ने**

✦ संविधान सभा के लिए चुनाव कब सम्पन्न हुए ? **—1946 में**

✦ भारतीय संविधान सभा की स्थापना कब हुई ? **—9 दिसम्बर, 1946 को**

✦ संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **—दिल्ली में**

✦ संविधान सभा के उद्घाटन अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी ? **—सच्चिदानन्द सिन्हा ने**

✦ संविधान सभा का पहला सत्र हुआ था **—9 दिसम्बर, 1946 को**

✦ संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष कौन थे ? **—सच्चिदानंद सिन्हा**

✦ संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे ? **—डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

✦ 11 दिसम्बर, 1946 को किसे संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष चुना गया था ? **—डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को**

✦ संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार किसे नियुक्त किया गया था ? **—बी. एन. राव को**

✦ संविधान सभा के प्रारूप (मसविदा) समिति की नियुक्ति कब की गई ? **—20 अगस्त, 1947 को**

✦ भारतीय संविधान सभा की प्रारूप (मसविदा) समिति के अध्यक्ष कौन थे ? **—डॉ. बी. आर. अम्बेडकर**

Q भारतीय संविधान सभा का गठन किया था—

(a) भारत सरकार अधिनियम 1935 के अन्तर्गत
(b) क्रिप्स योजना, 1942 के अन्तर्गत
(c) कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अन्तर्गत
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत

Uttarakhand PCS (Pre) 2012
UP Lower Sub (Pre) 2009

उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान के निर्माण के समय सांविधानिक सलाहाकार कौन थे?

(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) बी. एन. राव (d) के. एम. मुंशी

UP PCS (Pre) 2014
Uttarakhand UDA/LDA (Pre) 2007
Jharkhand PCS (Pre) 2003
UP Lower Sub (Pre) 1998

उत्तर–(c)

Q भारत का संविधान पूर्णरूप से तैयार हुआ था—

(a) जनवरी 26, 1950 (b) नवम्बर 26, 1949
(c) फरवरी 11, 1948 (d) कोई नहीं

UP PCS (Mains) 2010
UP PCS (Pre) 2002

उत्तर–(b)

Q भारत का संविधान किस तिथि को अपनाया गया?

(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 26 नवम्बर, 1949
(c) 26 जनवरी, 1949 (d) 15 जुलाई, 1947

MP PCS (Pre) 2010
MP PCS (Pre) 1998

उत्तर–(a)

- भारतीय संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्याएँ थीं? **—15**
- संविधान की प्रारूप (मसविदा) समिति के समक्ष प्रस्तावना का प्रस्ताव किसने रखा? **—जवाहरलाल नेहरू ने**
- भारतीय संविधान सभा की संघीय शक्ति समिति के अध्यक्ष कौन थे? **—पं. जवाहरलाल नेहरू**
- भारतीय संविधान को अपनाया गया **—संविधान सभा द्वारा**
- भारत को एक संविधान देने का प्रस्ताव संविधान सभा द्वारा पारित किया गया था **—जनवरी 22, 1947 में**
- संविधान निर्मात्री सभा में झण्डा समिति के अध्यक्ष थे **—जे. बी. कृपलानी**
- राष्ट्रीय झण्डे की अभिकल्पना को भारत की संविधान सभा में ग्रहण किया गया था **—जुलाई, 1947 में**
- भारतीय संविधान सभा ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा को अंगीकार किया **—22 जुलाई, 1947 को**
- संविधान सभा ने संविधान को अन्तिम रूप से किस दिन पारित किया? **—26 नवम्बर, 1949 को**
- भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली संविधान सभा के सदस्यों को **—विभिन्न प्रान्तों की विधानसभाओं द्वारा चुना गया**
- संविधान सभा द्वारा अन्तिम रूप से पारित संविधान में कुल कितने अनुच्छेद और अनुसूचियाँ थीं? **—395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियाँ**
- भारत के लिए संविधान सभा की रचना हेतु संविधान सभा का विचार किसने प्रस्तुत किया? **—स्वराज पार्टी ने 1942 में**
- भारतीय संविधान सभा के प्रथम दिन के अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी? **—डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा**
- स्वतंत्र भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे? **—डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
- संविधान सभा ने भारत के संविधान को कब स्वीकृत किया था? **—26 नवम्बर, 1949**

भारत का संविधान कब लागू हुआ था? **—26 जनवरी, 1950 को**

3. संविधान की प्रस्तावना

- भारतीय संविधान के किस भाग को उसकी आत्मा की संज्ञा प्रदान की गई है? **—प्रस्तावना को**
- संविधान निर्माताओं ने किस पर विशेष ध्यान दिया था? **—प्रस्तावना पर**
- भारत के संविधान की प्रस्तावना किन शब्दों से शुरू होती है? **—हम, भारत के लोग**
- भारत किस प्रकार का राष्ट्र है? **—धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र**
- धर्मनिरपेक्ष का अर्थ क्या है? **—सभी धर्मों का महत्व स्वीकार करना**
- 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है' इसका मतलब है कि भारतीय राज्य **—किसी निश्चित धर्म का समर्थन नहीं करता है**
- गणतंत्र राष्ट्र होता है **—राज्य जहाँ पर अध्यक्ष वंशानुगत रूप में न हो**
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को किस रूप में घोषित किया गया है? **—एक प्रभुत्वसम्पन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक गणराज्य**
- भारत एक गणतंत्र है, इसका क्या अर्थ है? **—भारत में वंशानुगत शासक नहीं है**
- कौन-सा शब्द भारत के संविधान की उद्देशिका में नहीं है? **—लोक कल्याण**
- कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य क्या है? **—कमजोर वर्गों के कल्याण का प्रबन्ध करना**
- भारत को एक गणराज्य मुख्य रूप से माना जाता है, क्योंकि **—राज्याध्यक्ष का चुनाव होता है**
- भारतीय संविधान में समवर्ती सूची किसके संविधान से ली गई है? **—ऑस्ट्रेलिया**
- भारत में लौकिक सार्वभौमिकता है, क्योंकि संविधान की प्रस्तावना प्रारम्भ होती है **—'हम, भारत के लोग' शब्दों से**
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जिन आदर्शों एवं उद्देश्यों की रूपरेखा दी गई है, उनकी आगे व्याख्या की गई है—**मूल अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों एवं मूल कर्तव्यों में**
- किस वर्ष भारत एक प्रभुत्वसम्पन्न प्रजातांत्रिक गणराज्य बना? **—1950 में**

Q भारतीय गणतंत्र की 26-1-1950 को सही संवैधानिक वस्तुस्थिति क्या थी, जब संविधान लागू किया गया था?

(a) लोकतंत्रात्मक गणतंत्र

(b) सम्पूर्ण प्रभुत्वसम्पन्न धर्म निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य

(c) सम्पूर्ण प्रभुत्वसम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य

(d) सम्पूर्ण प्रभुत्वसम्पन्न समाजवादी धर्म निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य

UP PCS (Mains) 2009
UP Lower Sub (Pre) 2008

उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया–

(a) 25वें संशोधन द्वारा (b) 42वें संशोधन द्वारा

(c) 44वें संशोधन द्वारा (d) 52वें संशोधन द्वारा

UP PCS (Mains) 2013
UP PCS (Pre) 2010
UP PCS (Pre) 1991

उत्तर–(b)

✦ संविधान में हमारे राष्ट्र का उल्लेख किस/किन नाम/नामों से किया गया है? **—भारत तथा इण्डिया**

Q भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता का वर्णन नहीं है?

(a) विचार की स्वतंत्रता

(b) विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता

(c) विश्वास की स्वतंत्रता

(d) आर्थिक स्वतंत्रता

Uttarakhand PCS (Pre) 2005

उत्तर–(d)

Q भारतीय संविधान का कौन-सा भाग संविधान की आत्मा कहलाता है?

(a) मूल अधिकार

(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्व

(c) उद्देशिका

(d) सांविधानिक उपचारों का अधिकार

UP PCS (Mains) 2015
UP PCS (Mains) 2013
Uttarakhand PCS (Pre) 2012
UP PCS (GIC) 2008
UP PCS (Pre) 2008
UP UDA/LDA (Pre) 2006

उत्तर–(c)

✦ अब तक भारत के संविधान की उद्देशिका में कितनी बार संशोधन किया जा चुका है? **—एक बार**

✦ भारतीय संविधान की उद्देशिका में परिवर्तन किस संशोधन अधिनियम में किए गए थे? **—42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976**

Q भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जिन आदर्शों एवं उद्देश्यों की रूपरेखा दी गई है, उनकी व्याख्या की गई है–

(a) मूल अधिकारों के अध्याय में

(b) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के अध्याय में

(c) मूल अधिकारों, राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों एवं मौलिक कर्तव्यों के अध्याय में

(d) संविधान के पाठ में कहीं नहीं

UP PCS (Mains) 2004
UP UDA/LDA (Pre) 2002

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित अधिकारों में कौन सा अधिकार अनुच्छेद 19 (I) d को अनुच्छेद 21 से मिलाकर पढ़ने पर प्राप्त होता है?

(a) विदेश यात्रा का अधिकार

(b) शरण पाने का अधिकार

(c) एकांतता का अधिकार

(d) सूचना प्राप्त करने का अधिकार

UP PCS (Mains) 2004
UP PCS (Pre) 2003
UP UDA/LDA (Pre) 2002

उत्तर–(c)

Q संविधान के अन्तर्गत मूल अधिकारों का संरक्षक कौन है?

(a) संसद (b) राष्ट्रपति

(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) मंत्रिमण्डल

UP Lower Sub (Pre) 2004
UP PCS (Pre) 1992

उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसे मूल अधिकारों का संरक्षक समझा जाता है?

(a) संसद को (b) राष्ट्रपति को

(c) न्यायपालिका को (d) प्रधानमंत्री को

UP PCS (Mains) 2015
UP PCS (Mains) 2012

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा संविधान की आत्मा कहा गया है?

(a) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

(b) सम्पत्ति का अधिकार

(c) समानता का अधिकार

(d) संवैधानिक उपचार का अधिकार

UP PSC (GIC) 2010
UP UDA/LDA (Spl) (Pre) 2010
UP PCS (Spl) (Mains) 2004
IAS (Pre) 2002

उत्तर–(d)

- प्रस्तावना का वह प्रावधान, जो सभी वयस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार प्रदान करता है क्या कहलाता है? **—प्रजातंत्र**
- भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में दो शब्द 'समाजवादी' और धर्मनिरपेक्ष जोड़े गए थे? **—42वें**
- भारतीय संविधान के किस भाग में स्पष्ट रूप से घोषणा की गई है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है? **—संविधान की प्रस्तावना में**

Q संविधान के किस प्रावधान द्वारा अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है?

(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 19

UP PCS (Mains) 2003
MP PCS (Pre) 1997

उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद अस्पृश्यता का उन्मूलन करता है और किसी भी रूप में इसके आचरण का विरोध करता है?

(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 18 (d) अनुच्छेद 15

UP PCS (Mains) 2015
UP PCS (Mains) 2013

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान का छुआछूत उन्मूलन से संबंधित अनुच्छेद है–

(a) अनुच्छेद 18 (b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 16 (d) अनुच्छेद 15

Uttarakhand UDA/LDA (Pre) 2007
Uttarakhand PCS (Pre) 2005
UP PCS (Pre) 1994

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद प्रेस की स्वतंत्रता को आश्वासित करता है?

(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 22 (d) अनुच्छेद 31

Chhattisgarh PCS (Pre) 2005
UP PCS (Spl) (Mains) 2004

उत्तर–(b)

Q भारत का संविधान स्पष्टत: प्रेस की आजादी की व्यवस्था नहीं करता है, किन्तु यह आजादी अंतर्निहित है अनुच्छेद–

(a) अनुच्छेद 19 (I) अ में (b) अनुच्छेद 19 (I) ब में
(c) अनुच्छेद 19 (I) स में (d) अनुच्छेद 19 (I) द में

Uttarakhand UDA/LDA (Pre) 2001
UP UDA/LDA (Pre) 2001

उत्तर–(a)

Q निम्नलिखित में से कौनसा मौलिक अधिकार नहीं है?

(a) समानता का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) सम्पत्ति का अधिकार
(d) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

UP Lower Sub (Pre) 2013
UP PCS (Pre) 2002
Uttarakhand PCS (Pre) 2002
UP PCS (Pre) 1990

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित में से कौनसा मूल अधिकार विदेशी नागरिकों को प्राप्त नहीं है?

(a) विधि के समक्ष समानता
(b) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(c) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार
(d) शोषण के विरुद्ध अधिकार

UP PCS (Pre) (Re-Exam) 2015
UP PCS (Pre) 2007

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त निम्न में से कौनसा अधिकार गैर नागरिकों को भी उपलब्ध है?

(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(b) देश के किसी भाग में घूमने एवं बसने का अधिकार
(c) सम्पत्ति अर्जित करने का अधिकार
(d) संवैधानिक निराकरण का अधिकार

Jharkhand PCS (Pre) 2011
BPSC (Pre) 2011

उत्तर–(d)

Q भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रयुक्त 'हिन्दू' शब्द किसे सम्मिलित नहीं करता?

(a) बौद्धों को (b) जैनों को
(c) पारसियों को (d) सिक्खों को

UP PCS (Mains) 2014
Uttarakhand PCS (Mains) 2006

उत्तर–(c)

Q सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को कब समाप्त किया गया?

(a) 1978 में संविधान के 44वें संशोधन द्वारा
(b) 1982 में संविधान के 46वें संशोधन द्वारा
(c) 1973 में संविधान के 31वें संशोधन द्वारा
(d) इनमें से कोई नहीं

UP PCS (Mains) 2015
MP PCS (Pre) 1994

उत्तर–(a)

Q किस संशोधन के द्वारा 'सम्पत्ति का अधिकार' समाप्त किया गया है?

(a) 24वें (b) 44वें
(c) 25वें (d) 42वें

UP PCS (Mains) 2013
UP Lower Sub (Mains) 2013

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान के 44वें संशोधन से मौलिक अधिकारों की श्रेणी से निम्नलिखित में से किस अधिकार को हटा दिया गया है?

(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(b) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(c) सम्पत्ति का अधिकार
(d) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

UP PCS (Mains) 2014
UP PCS (Pre) 2007

उत्तर–(c)

Q वर्तमान समय में भारतीय संविधान के अन्तर्गत सम्पत्ति का अधिकार है एक–

(a) मौलिक अधिकार (b) वैधानिक अधिकार
(c) नैतिक अधिकार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Uttarakhand PCS (Pre) 2010
UP PCS (Pre) 1992

उत्तर–(b)

Q जिस संविधान संशोधन से नागरिकों के 'सम्पत्ति के अधिकार' का मूलाधिकारों की सूची से निष्कासन किया गया, वह है–

(a) बयालीसवाँ संशोधन (b) तैतालीसवाँ संशोधन
(c) चौबालीसवाँ संशोधन (d) पैंतालीसवाँ संशोधन

Chhattisgarh PCS (Pre) 2011
UP Lower (Spl) (Pre) 2004
UP PCS (Spl) Mains) 2004

उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त 'समाजवाद' शब्द को निम्नलिखित किस अनुच्छेद/अनुच्छेदों के साथ मिलाकर पढ़ने से सर्वोच्च न्यायालय को समान कार्य के लिए समान वेतन को मौलिक अधिकार परिभाषित करने की शक्ति प्राप्त हुई है–

(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 14 तथा 15
(c) अनुच्छेद 14, 15 तथा 16 (d) अनुच्छेद 14 तथा 16

UP PCS (Pre) 2003
UP UDA/LDA (Pre) 2002
UP PCS (Pre) 2001

उत्तर–(d)

Q बंधुआ मजदूर (उन्मूलन) अधिनियम संसद ने पारित किया था–

(a) 1971 में (b) 1976 में
(c) 1979 में (d) 1981 में

UP UDA/LDA (Pre) 2010
UP UDA/ LDA (Pre) 2001

उत्तर–(b)

Q जोखिम भरे उद्योगों में बाल श्रम का उपयोग निषिद्ध किया गया है–

(a) भारत के संविधान द्वारा
(b) 10 दिसम्बर 1996 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय द्वारा
(c) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा
(d) उपर्युक्त सभी द्वारा

UP Lower Sub (Spl) (Pre) 2003
UP Lower Sub (Pre) 2002

उत्तर–(d)

✦ भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुसार भारत के शासन की सर्वोच्च सत्ता किसमें निहित है? **–जनता में**

4. संविधान की विशेषताएँ

✦ विश्व का सबसे बड़ा, लिखित एवं सर्वाधिक व्यापक संविधान किस देश का है? **–भारत का**
✦ भारत के संविधान में भारत को माना गया है **–राज्यों का एक संघ**
✦ भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। इसका क्या तात्पर्य है? **–उसका राज्य स्तर पर कोई धर्म नहीं है**
✦ भारत किस प्रकार का देश है? **–भारत एक संसदात्मक प्रजातंत्र है**
✦ भारतीय संविधान का स्वरूप किस प्रकार का है? **–संरचना में संघात्मक भावना में एकात्मक**
✦ भारतीय संविधान पर सबसे अधिक प्रभाव किसका पड़ा है? **–भारत सरकार अधिनियम, 1935 का**
✦ भारतीय संविधान में कितने आर्टिकल्स हैं? **–350 से अधिक**
✦ भारत में किस प्रकार की शासन व्यवस्था अपनायी गई है? **–ब्रिटिश संसदात्मक प्रणाली**
✦ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में सर्वोच्च है **–संविधान**
✦ भारतीय संविधान के वृहद् होने का कारण क्या है? **–इसमें संघ तथा राज्य दोनों सरकारों का संविधान है**
✦ भारतीय संविधान का अभिभावक कौन है? **–सर्वोच्च न्यायालय**
✦ भारत में वयस्क मताधिकार की उम्र सीमा क्या है? **–18 वर्ष**
✦ भारतीय संघीय व्यवस्था की एक विशेषता है**–संविधान की सर्वोच्चता**
✦ भारत के संविधान में संघीय शब्द की जगह किन शब्दों को स्थान दिया गया है? **–राज्यों का संघ**
✦ भारतीय संविधान में कितनी सूचियाँ (List) हैं? **–3**
✦ भारत का संविधान अपना प्राधिकार किससे प्राप्त करता है? **–भारत की जनता से**

- भारत में वैध प्रभुसत्ता निहित है **—संविधान में**
- भारतीय संविधान की संरचना किस प्रकार की है? **—कुछ एकात्मक कुछ कठोर**
- लिखित संविधान की अवधारणा ने सर्वप्रथम कहाँ जन्म लिया? **—फ्रांस में**
- अध्यक्षात्मक शासन का उदय सर्वप्रथम किस देश में हुआ? **—संयुक्त राज्य अमेरिका में**
- भारतीय संघवाद को किसने सहकारी संघवाद कहा है? **—जी. आस्टिन ने**
- कौन-सी विशेषता भारतीय संघ और अमेरिकी संघ दोनों में साझी है? **—संविधान की व्याख्या के लिए संघीय उच्चतम न्यायालय**
- भारत में सर्वोच्च माना गया है **—संविधान को**
- भारतीय संविधान का आप किस प्रकार वर्णन करेंगे? **—विश्व के सबसे विस्तृत संविधानों में से एक**
- भारत का संविधान मान्यता प्रदान करता है **—केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को**

5. संविधान के स्रोत

- भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य का विचार कहाँ से लिया गया है ? **—रूस के संविधान से**
- भारतीय संविधान में सम्मिलित नीति-निदेशक तत्वों की प्रेरणा हमें किस संविधान से प्राप्त हुई है? **—आयरलैण्ड**
- भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का उल्लेख करते हुए किस देश का अनुसरण किया गया है? **—अमेरिका का**
- भारतीय संविधान में संसदीय व्यवस्था को किस देश के संविधान के समान रखा गया है? **—ब्रिटेन के**
- भारत के संविधान निर्माताओं ने न्यायिक पुनरावलोकन के विचार को ग्रहण किया है **—अमेरिका से**
- 'कानून के समान संरक्षण' वाक्य कहाँ से लिया गया है? **—अमेरिका से**
- भारतीय संविधान में राज्य के नीति-निदेशक तत्वों की संकल्पना किस देश के संविधान पर आधारित है? **—आयरलैंड के**
- राज्यसभा के गठन में प्रतिभा, अनुभव एवं सेवा को प्रतिनिधित्व देने में भारतीय संविधान निर्माता किस देश से प्रभावित हुए थे? **—आयरिश गणतंत्र**
- संविधान के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार विश्व के किस संविधान से लिया गया है? **—अमेरिका के संविधान से**
- भारतीय संविधान में समवर्ती सूची किसके संविधान से ली गई है? **—ऑस्ट्रेलिया के**
- भारतीय संविधान में मूल कर्तव्यों को शामिल करने का विचार किस देश के संविधान से लिया गया है? **—पूर्व सोवियत संघ से**
- भारतीय संविधान के निर्माण में सर्वाधिक गम्भीर प्रभाव किसने छोड़ा है? **—भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने**
- भारतीय संविधान में संघवाद किस देश से लिया गया है? **—कनाडा से**
- संघात्मक शासन व्यवस्था को सर्वप्रथम किस देश ने अपनाया? **—कनाडा**
- भारत की ससंदीय प्रणाली किससे प्रभावित है? **—इंग्लैंड से**
- भारत के संविधान की प्रस्तावना में प्रतिष्ठापित स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आदर्शों की प्रेरणा कहाँ से मिली थी? **—फ्रांस की क्रांति से**
- संसदीय शासन प्रणाली सर्वप्रथम किस देश में विकसित हुई? **—ब्रिटेन में**
- हमारे संविधान में मूल अधिकार कहाँ के संविधान द्वारा प्रेरित हैं? **—सं. रा. अमेरिका के**
- भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियाँ किस देश की देन हैं? **—जर्मनी के वीमर संविधान की**
- भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों की व्यवस्था किस देश के संविधान से ली गई है? **—सं. रा. अमेरिका के**
- संविधान निर्माताओं ने कौन-सा लक्षण अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया है? **—सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की विधि**
- हमारे संविधान में मूल अधिकार किस संविधान से प्रेरित है? **—अमेरिका**
- भारत के संविधान में उद्देशिका का विचार लिया गया है **—यू. एस. ए. के संविधान से**

Q भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इनमें से कौन सर्वोच्च है?
(a) सर्वोच्च न्यायालय (b) संविधान
(c) संसद (d) धर्म
UP PCS (Mains) 2013
45th BPSC (Pre) 2001
उत्तर–(b)

Q न्यायिक पुनर्विलोकन की व्यवस्था–
(a) केवल भारत में है (b) केवल यू. एस. ए. में है
(c) भारत और यू. एस. ए. में है (d) केवल यू. के. में है
UP PCS (Mains) 2012
UP PCS (Pre) 2008
उत्तर–(d)

Q भारत में समवर्ती सूची की संकल्पना उद्धत है–
(a) यू. एस. ए. के संविधान से
(b) स्विट्जरलैण्ड के संविधान से
(c) आस्ट्रेलिया के संविधान से
(d) यू. एस. एस. आर. के संविधान से
UP PCS (Mains) 2014
UP PCS (Mains) 2012
UP PCS (Mains) 2011
उत्तर–(c)

Q भारतीय संविधान में सन्निहित मूल अधिकारों की अवधारणा किस देश के संविधान से ग्रहण की गई है?
(a) फ्रांस (b) ब्रिटेन
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) रूस
UP RO/ARO (Pre) 2014
UP UDA/LDA (Pre) 2006
उत्तर–(c)

6. संविधान के भाग

- भारतीय संविधान में कुल कितने भाग हैं? **—22**
- संविधान के किस भाग में संविधान संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है? **—भाग 20 में**
- संविधान के किस भाग में ग्राम पंचायतों की स्थापना की बात कही गई है? **—भाग 4 में**
- संविधान के किस भाग में अस्थायी संक्रमणकालीन और विशेष उपबन्धों के प्रावधान हैं? **—भाग 21 में**
- भारतीय संविधान के किस भाग में पंचायती राज से सम्बन्धित प्रावधान हैं? **—भाग 9 में**
- भारतीय संविधान के किस भाग में नगरपालिकाओं से सम्बन्धित प्रावधान हैं? **—भाग 9 (क) में**
- संविधान के किस भाग में नीति-निदेशक तत्वों का उल्लेख किया गया है? **—चतुर्थ भाग में**
- संविधान के भाग-1 में किसका वर्णन है? **—संघ और उसका राज्य क्षेत्र**
- संविधान के किस भाग में मूल अधिकार का उल्लेख मिलता है? **—भाग 3**
- भारत के संविधान का भाग IV किसके बारे में बताता है? **—राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त के**
- संघीय कार्यपालिका की व्याख्या संविधान के किस भाग में की गई है? **—भाग V में**
- संविधान के किस भाग में नागरिकता का उल्लेख है? **—भाग II में**

Q भारतीय संविधान को कितने भागों में विभाजित किया गया है?

(a) सोलह भागों में (b) बाइस भागों में
(c) चौबीस भागों में (d) पच्चीस भागों में

UP PCS (Mains) 2012
UP PCS (Spl) (Pre) 2008

उत्तर–(b)

- भारतीय संविधान का कौन सा भाग और अध्याय संघ और राज्यों के बीच विधायी संबंध के बारे में है? **—भाग 11 और अध्याय 1**

7. संविधान की अनुसूचियाँ

- संविधान सभा की प्रारूप समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारूप संविधान में कितनी अनुसूचियाँ थीं? **—8**
- संविधान सभा द्वारा अन्तिम रूप से पारित संविधान में कुल कितनी अनुसूचियाँ थीं? **—8**
- मूल संविधान में कितनी अनुसूचियाँ थीं? **—8**
- किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान में 9वीं अनुसूची जोड़ी गई? **—पहला**
- संविधान की द्वितीय अनुसूची का सम्बन्ध किससे है? **—महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के वेतन से**
- भारत संघ में शामिल राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों का उल्लेख भारतीय संविधान की किस अनुसूची में है? **—प्रथम अनुसूची में**
- संविधान की किस अनुसूची में प्रत्येक राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के लिए राज्यसभा में स्थानों के आवंटन की सूची है? **—चतुर्थ अनुसूची में**
- भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। इन राजभाषाओं का उल्लेख किस अनुसूची में है? **—आठवीं**
- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची का सम्बन्ध किससे है? **—भाषाओं से**
- भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ हैं? **—12 अनुसूचियाँ**

> YUKTI **ज्ञान**—*भारतीय संविधान में कुल 12 अनुसूचियाँ हैं। मूलतः संविधान में 8 अनुसूचियाँ थीं। नवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं अनुसूचियों को संविधान में शामिल किया गया।*

- दल-बदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता सम्बन्धी विवरण संविधान की किस अनुसूची में दिया गया है? **—10वीं**
- संविधान की 12वीं अनुसूची में **—नगरपालिकाओं के अधिकार सम्बन्धी प्रावधान हैं**
- भारतीय संविधान की अनुसूचियों में से कौन-सी एक राज्य के नामों की सूची तथा उसके राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा देती है? **—पहली**
- भारतीय संविधान में 9वीं अनुसूची परिवर्धित हुई**—प्रथम संशोधन द्वारा**
- यदि भारत संघ को एक नये राज्य का सृजन करना हो तो संविधान अनुसूचियों में से किस सूची को अवश्य संशोधित किया जाना चाहिए? **—पहली**
- भारत के संविधान की किस अनुसूची में विभिन्न राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए विशेष उपबन्ध हैं? **—पाँचवीं**

Q भारतीय संविधान की निम्न दी गई अनुसूचियों में से कौन-सी एक राज्य के नामों की सूची तथा उनके राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा देती है?

(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) चौथी

UP PCS (Mains) 2014
IAS (Pre) 2003

उत्तर–(a)

Q निम्नलिखित में से कौन सा विषय समवर्ती सूची का है?

(a) पुलिस (b) आपराधिक मामले
(c) रेडियो और टेलीविजन (d) विदेशी मामले

Chhattisgarh PCS (Pre) 2011
UP PCS (Mains) 2005

उत्तर–(b)

Q भारत के संविधान के अन्तर्गत विषय तथा सम्बन्धित सूची के बारे में निम्न युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं है?

विषय	सूची
(a) वन	समवर्ती सूची
(b) शेयर बाजार	समवर्ती सूची
(c) डाकघर बचत बैंक	संघीय सूची
(d) जन स्वास्थ्य	राज्य सूची

UP PCS (Pre) 2010
UP PCS (Pre) 2009

उत्तर–(b)

Q भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन सी एक अनुसूची में दल-बदल विरोधी कानून विषयक प्रावधान है?

(a) दूसरी अनुसूची (b) पाँचवीं अनुसूची
(c) आठवीं अनुसूची (d) दसवीं अनुसूची

YO PCS (Pre) 2014
IAS (Pre) 1998

उत्तर–(d)

Q निम्नलिखित में से कौन सा विषय भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-III समवर्ती सूची में शामिल है?

(a) दण्ड प्रक्रिया (b) पुलिस
(c) कारागार (d) लोक व्यवस्था

UP PCS (Mains) 2011
UP PCS (Mains) 2006

उत्तर–(a)

Q संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(a) नगरपालिका से (b) पंचायती राज से
(c) केन्द्र राज्य सम्बन्ध से (d) भ्रष्टाचार निवारण से

UP PCS (Pre) 2015
UP PSC (RI) 2014

उत्तर–(b)

- कौन नई जोड़ी गयी अनुसूची नहीं है? **—आठवीं अनुसूची**
- संविधान की अनुसूचियों में से कौन-सी दल-बदल विरोधी कानून से सम्बन्धित है? **—10वीं**

8. संविधान के अनुच्छेद

- संविधान सभा द्वारा अन्तिम रूप से पारित संविधान में कुल कितने अनुच्छेद तथा अनुसूचियाँ हैं? **—395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियाँ**
- वर्तमान समय में भारतीय संविधान में गणना की दृष्टि से कुल कितने अनुच्छेद और अनुसूचियाँ हैं? **—395 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियाँ**
- संविधान के अनुच्छेद-1 में भारत को क्या कहा गया है? **—राज्यों का संघ**
- भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रपति के पद के लिए पुन: निर्वाचन की योग्यताएँ निर्धारित करता है? **—अनुच्छेद 57**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'प्रेस की स्वतंत्रता' दी गई है? **—अनुच्छेद 19 (i) में**
- मौलिक अधिकार के अन्तर्गत कौन-सा अनुच्छेद बच्चों के शोषण से सम्बन्धित है? **—अनुच्छेद 24**
- 'भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार।' यह कथन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से सन्दर्भित है? **—अनुच्छेद 48 A**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मौलिक कर्तव्यों की चर्चा की गई है? **—अनुच्छेद 51A में**
- भारतीय संविधान के अन्तर्गत कल्याणकारी राज्य की अवधारणा किस अनुच्छेद में वर्णित है? **—अनुच्छेद 39 में**
- भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाया जा सकता है? **—अनुच्छेद 61**
- संविधान के किस अनुच्छेद में उपराष्ट्रपति पद का प्रावधान किया गया है? **—अनुच्छेद 63 में**
- कौन-सा अनुच्छेद संसद के दो अधिवेशनों के बीच 6 माह के अन्तराल की अनिवार्यता का उल्लेख करता है? **—अनुच्छेद 85**
- संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति अध्यादेश जारी करता है? **—अनुच्छेद 123 के**
- संविधान के किस अनुच्छेद में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर महाभियोग चलाये जाने का प्रावधान है? **—अनुच्छेद 124 में**
- भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संसद को अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों को लागू करने के लिए विधि निर्माण करने की शक्ति प्रदान करता है? **—अनुच्छेद 253**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है? **—अनुच्छेद 280 के**
- संविधान का अनुच्छेद 312 सम्बन्धित है**—अखिल भारतीय सेवाओं से**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अनुसूचित जनजातियों के लिए एक राष्ट्रीय आयोग का प्रावधान है? **—अनुच्छेद 338 A में**
- संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है? **—अनुच्छेद 343 (I)** के
- संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करता है? **—अनुच्छेद 352 के**
- संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल होने पर राष्ट्रपति शासल लागू किया जा सकता है?**—अनुच्छेद 356 के**
- संविधान के किस अनुच्छेद के आधार पर वित्तीय आपात की उद्घोषणा राष्ट्रपति करता है? **—अनुच्छेद 360 के**
- संविधान में 'मंत्रिमण्डल' शब्द का एक बार प्रयोग हुआ है और यह **—अनुच्छेद 352 में है**
- संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य मातृभाषा का प्रसार एवं अनुदेश प्राथमिक शिक्षा में लागू कर सकता है?**—अनुच्छेद 350 A**
- संविधान के किस अनुच्छेद में संविधान के संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है? **—अनुच्छेद 368 में**
- संविधान के किस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक राज्य शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था करने का प्रयास करेगा? **—अनुच्छेद 350 में**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में विभिन्न राज्यों से सम्बन्धित विशिष्ट प्रावधान का उल्लेख है? **—अनुच्छेद 371 में**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 में उपबंध किया गया है **—अस्पृश्यता उन्मूलन का**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य सरकार को ग्राम पंचायत के संगठन का निर्देश देता है? **—अनुच्छेद 40 में**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग का प्रावधान है? **—अनुच्छेद 338A में**

Q भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान किया गया है?

(a) अनुच्छेद 310 (b) अनुच्छेद 311
(c) अनुच्छेद 312 (d) अनुच्छेद 313

UP PSC (RI) 2014
UP PCS (Mains) 2012

उत्तर–(c)

✦ वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है? **—अनुच्छेद 117 में**

Q सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—

सूची-I (संविधान का अनुच्छेद)	सूची-II (अंतर्वस्तु)
A. अनुच्छेद 54	1. भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन
B. अनुच्छेद 75	2. प्रधानमंत्री और मंत्रि–परिषद की नियुक्ति
C. अनुच्छेद 155	3. राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति
D. अनुच्छेद 164	4. राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद की नियुक्ति
	5. राज्य विधानसभाओं की संरचना

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	2	4	5
(c)	2	1	3	5
(d)	2	1	4	3

Uttarakhand PCS (Pre) 2005

उत्तर–(a)

Q निम्नलिखित में से किसका सुमेल सही है?

(a) अनुच्छेद 17 — न्याय के समक्ष समानता
(b) अनुच्छेद 78 — संसद का गठन
(c) अनुच्छेद 192 — संसद सदस्यों के वेतन भत्ते
(d) अनुच्छे 352 — आपात स्थिति की घोषणा

UP Lower Sub (Pre) 2002
UP Lower Sub (Spl) (Pre) 2002

उत्तर–(d)

✦ संसद को संविधान का अधिकार दिया गया है **—अनुच्छेद 368 में**

✦ संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत लोक सेवा आयोग के सदस्य को हटाया जा सकता है? **—अनुच्छेद 317 के**

✦ संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यों द्वारा प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान है? **—अनुच्छेद 350A में**

Q लोकसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र सम्बोधित करता है—

(a) भारत के प्रधानमंत्री को
(b) भारत के राष्ट्रपति को
(c) लोकसभा के उपाध्यक्ष को
(d) भारत के उपराष्ट्रपति को

UP PCS (Mains) 2014
UP PCS (Mains) 2008

उत्तर–(c)

Q प्रथम स्पीकर जिनके विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया था—

(a) बी. आर. जाखड़ (b) जी. वी. माबलंकर
(c) हुकुम सिंह (d) के. एस. हेगड़े

UP Lower Sub (Spl) Pre) 2004
UP PCS (Pre) 2000

उत्तर–(b)

✦ भारतीय संघ का मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से जिम्मेदार होता है **—लोकसभा के लिए**

✦ स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमण्डल में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री कौन थे? **—मौलाना अबुल कलाम आजाद**

कैबिनेट मिशन (1945 ई.) के प्रस्ताव पर गठित अन्तरिम मंत्रिमण्डल

मंत्री	विभाग
जवाहरलाल नेहरू	कार्यकारी परिषद् के उपाध्यक्ष, विदेशी मामले तथा राष्ट्रमण्डल
वल्लभ भाई पटेल	गृह सूचना तथा प्रसारण
बलदेव सिंह	रक्षा
जान मथाई	उद्योग तथा आपूर्ति
सी. राजगोपालाचारी	शिक्षा
सी. एच. भामा	कार्य खान एवं बन्दरगाह
राजेन्द्र प्रसाद	खाद्य एवं कृषि
आसफ अली	रेलवे
जगजीवन राम	श्रम
लियाकत अली खाँ	वित्त
आई. आई. चुन्दरीगर	वाणिज्य
अब्दुल खाँ नश्तर	संचार
जोगेन्द्र नाथ मंडल	विधि
गजान्तर अली खाँ	स्वास्थ्य

21. प्रमुख पदाधिकारीगण

- भारतीय संविधान में किस पद का उल्लेख नहीं है? **—उप-प्रधानमंत्री का**
- भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री कौन थे? **—सरदार वल्लभ भाई पटेल**
- किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान दो-दो उप-प्रधानमंत्री एक साथ नियुक्त हुए थे? **—मोरारजी देसाई**
- लोकसभा में विरोधी दल के नेता के रूप में मान्यता देने के लिए उसके दल के सदस्य की संख्या कुल सदस्यों की संख्या के कम-से-कम कितने प्रतिशत होनी चाहिए? **—10%**
- लोकसभा में मान्यता प्राप्त विरोधी दल के नेता को किसके समान सुविधाएँ और मान्यताएँ प्रदान की जाती हैं? **—कैबिनेट मंत्री**
- लोकसभा में विरोधी दल के पहले मान्यता प्राप्त नेता थे **—राम सुभग सिंह**
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कौन करता है? **—लोकसभा के सदस्य**
- लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है? **—राष्ट्रपति द्वारा**
- लोकसभा अध्यक्ष किस रूप में शपथ लेता है? **—लोकसभा के आम सदस्य के रूप में**
- लोकसभा अध्यक्ष को पद की शपथ ग्रहण कौन कराता है? **—शपथ ग्रहण की आवश्यकता नहीं होती**
- लोकसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र किसको देता है? **—लोकसभा उपाध्यक्ष को**
- लोकसभा के अध्यक्ष को किस प्रकार पद से हटाया जा सकता है? **—लोकसभा के सदस्यों द्वारा साधारण बहुमत से संकल्प पारित कर**
- लोकसभा अध्यक्ष को प्रतिमाह वेतन के रूप में कितना रुपया मिलता है? **—4,00,000**
- निर्णायक मत देने का अधिकार है **—लोकसभा अध्यक्ष को**
- स्पीकर और डिप्टी स्पीकर की अनुपस्थिति में लोकसभा की अध्यक्षता कौन करता है? **—लोकसभा का सर्वाधिक वरिष्ठ सदस्य**
- लोकसभा का सचिवालय सीधे नियंत्रित होता है— **—लोकसभा अध्यक्ष द्वारा**
- भारतीय संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन का सभापतित्व (अध्यक्षता) कौन करता है? **—लोकसभा अध्यक्ष**
- लोकसभा में किसी विधेयक को धन विधेयक के रूप में कौन प्रमाणित करता है? **—लोकसभा अध्यक्ष**
- किस समिति का पदेन अध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष होता है? **—नियम समिति**
- लोकसभा महासचिव (सेक्रेटरी जनरल) जो लोकसभा सचिवालय का प्रमुख होता है, किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है? **—स्पीकर**
- संसद के संयुक्त अधिवेशन में किसी विधेयक पर निर्णायक मत देने का अधिकार किसे है? **—लोकसभा अध्यक्ष**
- लोकसभा का सचिवालय किसके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करता है? **—लोकसभा अध्यक्ष**
- संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को कौन बुलाता है? **—राष्ट्रपति**
- स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकसभा अध्यक्ष कौन थे? **—गणेश वासुदेव मावलंकर**
- भारत के किस राष्ट्रपति ने पूर्व में लोकसभा अध्यक्ष का पद भी सँभाला था? **—नीलम संजीव रेड्डी**
- प्रथम स्पीकर जिसके खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, कौन थे? **—जी. वी. मावलंकर**
- लोकसभा के पिता के रूप में कौन जाने जाते हैं? **—जी. वी. मावलंकर**
- ब्रिटिश परम्पराओं के अनुरूप किस लोकसभा अध्यक्ष ने सर्वप्रथम अपने दल की सदस्यता त्याग दी थी? **—नीलम संजीव रेड्डी ने**
- लोकसभा के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे? **—अनन्तशयनम् आयंगर**
- अपने पद पर रहते हुए दिवगंत होने वाले प्रथम लोकसभा अध्यक्ष थे **—जी. एम. सी. बालयोगी**
- लोकसभा में विपक्ष के किसी दल के नेता के रूप में मान्यता किसके द्वारा दी जाती है? **—लोकसभा अध्यक्ष के**
- अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में सदन का कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए अध्यक्ष द्वारा कितने सभापतियों की एक नामावली तैयार की जाती है? **—6**
- लोकसभा अध्यक्ष अपना इस्तीफा भेज सकता है **—उपाध्यक्ष को**
- लोकसभा अध्यक्ष को उसके कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व पद से हटाया जा सकता है **—यदि लोकसभा इस आशय का प्रस्ताव पारित कर दे**
- भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी कौन होता है? **—भारत का महान्यायवादी**
- भारत के एटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) की नियुक्ति कौन करता है? **—भारत का राष्ट्रपति**
- भारत सरकार को कानूनी विषयों पर परामर्श कौन देता है? **—एटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी)**
- भारत सरकार का मुख्य विधि परामर्शदाता है **—एटॉनी जनरल ऑफ इण्डिया**
- वह व्यक्ति कौन है जो संसद सदस्य नहीं होता है, लेकिन जिसे संसद को संबोधित करने का अधिकार है? **—भारत का एटॉर्नी जनरल**
- कौन-सा प्राधिकारी संसद के किसी भी सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है? **—भारत का महान्यायवादी**
- भारत का महान्यायवादी कब तक पद धारण करता है? **—राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त तक**
- किसे संसद के दोनों सदनों में बोलने, अन्य कार्यवाहियों में सम्मिलित होने तथा किसी भी संसदीय कमेटी का सदस्य होने का अधिकार तो है, परन्तु उसे वोट देने का अधिकार नहीं है? **—भारत के एटॉर्नी जनरल**
- महान्यायवादी को प्रतिमाह कितना रुपया वेतन मिलता है? **—2,50,000**
- संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति की जाती है? **—अनुच्छेद 76 के**
- जिला कलेक्टर किस अधिकारी के अधीनस्थ कार्य करते हैं? **—संभागायुक्त के**
- भारत सरकार का सर्वोच्च शासकीय अधिकारी कौन है? **—भारत के मंत्रिमण्डलीय सचिव**
- मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**

Q भारत के महान्यायवादी के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

(1) वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है

(2) उसमें वहीं योग्यताएँ होनी चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की होती हैं

(3) उसे संसद के किसी भी एक सदन का सदस्य होना चाहिए

(4) संसद द्वारा महाभियोग लगाकर उसे हटाया जा सकता है

निम्न कूट से उत्तर चुनिए

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3

(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

IAS (Pre) 2004

UP RO/ARO (Mains) 2004

उत्तर–(a)

Q राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देने के लिए अधिकृत है—

(a) मुख्य न्यायाधीश

(b) महान्यायवादी

(c) महाधिवक्ता

(d) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की खण्डपीठ

UP PCS (Mains) 2014

RAS/RTS (Pre) 2003

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित कर्तव्यों में से कौन-से एक का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा पालन नहीं किया जाता?

(a) भारत की संचित निधि से होने वाले सभी व्ययों का लेखा परीक्षण करना और उनके सम्बन्ध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

(b) आकस्मिकता विधि और लोक लेखाओं से होने वाले सभी व्ययों की लेखा परीक्षा करना और उनके सम्बन्ध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

(c) सभी व्यापार, निर्माण, लाभ और हानि लेखाओं की लेखा परीक्षा करना और उनके सम्बन्ध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना

(d) सार्वजनिक धन की प्राप्ति और निर्गम का नियंत्रण करना और यह सुनिश्चित करना कि सार्वजनिक राजस्व राजकोष में जमा हो

UP PCS (Mains) 2004

IAS (Pre) 2001

उत्तर–(d)

- भारत के संपरीक्षा एवं लेखा प्रणालियों का प्रधान कौन होता है? **—भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक**
- भारत का सालिसिटर जनरल होता है **—एक प्रशासनिक अधिकारी**
- कानूनी विषयों पर राज्य सरकार को कौन परामर्श देता है? **—एडवोकेट जनरल**
- प्रत्येक राज्य में महाधिवक्ता की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है? **—राज्यपाल के**
- किसी राज्य का उच्चतम विधि अधिकारी कौन होता है? **—एडवोकेट जनरल**
- किसे राज्य विधानमंडल के सदनों की कार्यवाहियों में भाग लेने और बोलने का अधिकार है, किन्तु मतदान का अधिकार नहीं है? **—महाधिवक्ता को**
- केन्द्र सरकार के व्यय को नियंत्रित करने की शक्ति किसमें निहित है? **—नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक में**
- वह कौन-सा अधिकारी है जो भारत सरकार के वित्तीय लेन-देनों में लेखाकरण के लिए जिम्मेदार होता है? **—नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक**
- भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (C.A.G.) किसके लिए मुख्य लेखाकार तथा लेखा परीक्षक के रूप में काम करता है? **—संघ तथा राज्य सरकार के लिए**
- लेखा परीक्षण का मुख्य उद्देश्य किसके व्यय पर नियंत्रण करना होता है? **—कार्यपालिका के**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है? **—राष्ट्रपति**
- कम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल सेवानिवृत होते हैं? **—नियुक्ति के 6 वर्ष बाद या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जाती है? **—अनुच्छेद 148 के**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को किस प्रकार पद से हटाया जा सकता है? **—उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया की तरह से**
- भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अपना प्रतिवेदन देता है **—राष्ट्रपति को**
- भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कौन समिति कार्य करती है? **—लोक लेखा समिति**
- क्या भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक पद ग्रहण के पूर्व शपथ लेता है? **—हाँ**
- किसकी नियुक्ति लोकधन के व्यय की निगरानी के लिए संसदीय प्रहरी (Watch dog) के रूप में की जाती है? **—नियत्रंक एवं महालेखा परीक्षक**
- कौन भारत का कन्सोलिडेटेड फंड का नियंत्रण/पर्यवेक्षण करता है? **—भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक**

22. संसदीय समितियाँ

- भारत में नई संसदीय समिति प्रणाली की शुरुआत कब हुई है? **—1991 ई. में**
- वह समिति कौन-सी है जिसमें राज्यसभा का कोई सदस्य नहीं होता है? **—प्राक्कलन समिति**
- संसद की वह स्थायी समिति कौन-सी है जिसमें राज्यसभा के सदस्य शामिल नहीं होते हैं? **—प्राक्कलन समिति**
- सार्वजनिक लोक लेखा समिति में राज्यसभा के कितने सदस्य होते हैं? **—7**

- किस संसदीय समिति को प्राक्कलन समिति की जुड़वाँ बहन कहा जाता है? **—लोक लेखा समिति को**
- संसद की कौन-सी समिति नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों (प्रतिवेदनों) की समीक्षा करती है? **—लोक लेखा समिति**
- लोकसभाध्यक्ष किस समिति का पदेन अध्यक्ष होता है? **—नियम समिति**
- लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है **—लोकसभा के अध्यक्ष को**
- प्राक्कलन समिति के सदस्य **—केवल लोकसभा से चुने जाते हैं**
- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करने वाली संसदीय समिति है **—लोक लेखा समिति**

Q भारतीय संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष को कौन मनोनीत करता है?

(a) लोकसभा का अध्यक्ष (b) प्रधानमंत्री
(c) राष्ट्रपति (d) राज्यसभा के सभापति

UP PCS (Pre) 2014
UP Lower Sub (Mains) 2013

उत्तर–(a)

Q भारत में संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है—

(a) भारत के राष्ट्रपति के द्वारा
(b) भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा
(c) लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा
(d) राज्यसभा के अध्यक्ष द्वारा

UP UDA/LDA (Pre) 2006
UP Lower Sub (Pre) 2004

उत्तर–(c)

Q 2-जी स्पेक्ट्रम काण्ड की जांच करने हेतु बनी संसद की संयुक्त समिति का अध्यक्ष कौन है?

(a) मुरली मनोहर जोशी (b) पी. सी. चाको
(c) ए. बी. बर्धन (d) सीताराम येचुरी

RAS/RTS (Pre) 2012
UP PCS (Mains) 2010

उत्तर–(b)

23. सर्वोच्च न्यायालय

- भारतीय संविधान के किस भाग में संघीय न्यायपालिका का उल्लेख है? **—भाग-V में**
- सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीश की नियुक्ति होती है जब **—न्यायालय के किसी सत्र के लिए न्यायाधीशों का कोरम (गणपूर्ति) नहीं होता**
- सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन कर सकता है? **—राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त कर सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश**
- संविधान का व्याख्याकार और संरक्षक कौन है? **—सर्वोच्च न्यायालय**
- सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए व्यक्ति को कम से कम कितने वर्ष उच्च न्यायालय का एडवोकेट होना चाहिए? **—10 वर्ष**
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय का एक न्यायाधीश कितनी उम्र तक अपने पद पर बना रह सकता है? **—65 वर्ष तक**
- उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु है **—65 वर्ष**
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो जाने पर पदच्युति का आदेश कौन जारी कर सकता है? **—राष्ट्रपति**
- सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को प्रतिमाह कितना वेतन मिलता है? **—2,80,000 रु.**
- सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों को प्रतिमाह कितना वेतन मिलता है? **—2,50,000 रु.**
- किसके अन्तर्गत भारत में सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई ? **—रेगुलेटिंग अधिनियम, 1773 के**
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई थी**—भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अधीन**
- मूल रूप से संविधान में सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त कितने न्यायाधीशों की व्यवस्था थी? **—7**
- वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त कितने न्यायाधीश का प्रावधान किया गया है? **—30**
- उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसके पास है? **—संसद**
- सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- भारत के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में किससे परामर्श करते हैं? **—सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से**
- जब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों के पद खाली हों, तब उनके काम कौन करेगा? **—भारत के मुख्य न्यायाधीश**
- भारत के किस मुख्य न्यायाधीश ने राष्ट्रपति के रूप में काम किया? **—जस्टिस एम. हिदायतुल्ला ने**
- क्या सेवानिवृत्ति के पश्चात् सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वकालत कर सकते हैं? **—किसी भी न्यायालय में नहीं**
- सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि करने का अधिकार किसे प्राप्त है? **—संसद को**
- सर्वोच्च न्यायालय में न्यायिक काम-काज के लिए किस भाषा का प्रयोग किया जाता है? **—अंग्रेजी का**
- सर्वोच्च न्यायालय किस संस्था का निरीक्षण कर सकता है? **—अधीनस्थ न्यायालय का**
- भारत में न्यायपालिका है **—स्वतंत्र**
- भारत में न्यायपालिका का स्वरूप है **—एकीकृत**
- न्यायिक पुनर्विलोकन का अधिकार किसे हैं? **—उच्चतम न्यायालय को**

Q भारत के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसमें निहित है?

(a) भारत का राष्ट्रपति (b) संसद
(c) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति (d) विधि आयोग

IAS (Pre) 2014
44th BPSC (Pre) 2000

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान है—

(a) सर्वोच्च न्यायालय में
(b) उच्च न्यायालयों में
(c) जनपद तथा सत्र न्यायालयों में
(d) सभी में

UP PSC (GIC) 2010
UP PCS (Mains) 2004

उत्तर–(a)

Q केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति किसके अन्तर्गत आती है?

(a) परामर्शी अधिकारिता के अन्तर्गत
(b) अपीलीय अधिकारिता के अन्तर्गत
(c) मूल अधिकारिता के अन्तर्गत
(d) रिट अधिकारिता के अन्तर्गत

IAS (Pre) 2014
IAS (Pre) 1996

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित में से किस वाद में भारतीय संविधान के 'मूलभूत ढाँचे' की अवधारणा प्रतिपादित की गई थी?

(a) इन्द्रा साहनी वाद (b) शंकरी प्रसाद का वाद
(c) रुदल शाह का वाद (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UP PCS (Pre) 2014
UP Lower Sub (Mains) 2013

उत्तर–(d)

Q भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संवैधानिक विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार से सम्बन्धित है?

(a) अनुच्छेद 131
(b) अनुच्छेद 132
(c) अनुच्छेद 134A को मिलाकर अनुच्छेद 132 को पढ़ना
(d) अनुच्छेद 134A को मिलाकर अनुच्छेद 133 को पढ़ना

UP PCS (Mains) 2004
UP UDA/LDA (Pre) 2002
UP PCS (Pre) 2001

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित कथनों पर विचार कर बताइए कि इनमें से कौन एक सही है?

(a) सर्वोच्च न्यायालय केवल मूल क्षेत्राधिकार रखता है
(b) यह केवल मूल एवं अपीलीय क्षेत्राधिकार रखता है
(c) यह केवल परामर्श सम्बन्धी तथा अपीलीय क्षेत्राधिकार रखता है
(d) यह मूल, अपीलीय और परामर्श सम्बन्धी क्षेत्राधिकार रखता है

UP PCS (Mains) 2013
UP PCS (Mains) 2010

उत्तर–(d)

YUKTI ***ज्ञान***—*भारतीय संविधान में अनुच्छेद 131 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार, अनुच्छेद 132-136 के तहत अपीलीय क्षेत्राधिकार तथा अनुच्छेद 143 के तहत परामर्श सम्बन्धी क्षेत्राधिकार का विवरण है।*

Q भारतीय संविधान का संरक्षक कौन है—

(a) राष्ट्रपति (b) संसद
(c) मंत्रिपरिषद (d) सर्वोच्च न्यायालय

MP PCS (Pre) 2015
MP PCS (Pre) 2010

उत्तर–(d)

Q लोकहित वाद (मुकदमे) की संकल्पना का उदगम देश है—

(a) आस्ट्रेलिया (b) भारत
(c) यू. एस. ए. (d) यू. के.

UP PCS (Mains) 2011
IAS (Pre) 1997

उत्तर–(c)

✦ राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में विवाद के मामलों को किसको प्रस्तुत किया जाता है? **—भारत के उच्चतम न्यायालय को**
✦ राष्ट्रपति कानूनी मामलों में किससे परामर्श ले सकता है? **—सर्वोच्च न्यायालय से**
✦ उच्चतम न्यायालय को परामर्शदात्री बनाया गया है **—अनुच्छेद 143 में**
✦ न्यायालय के प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार से तात्पर्य है **—पहली बार (सीधे) मामलों की सुनवाई की योग्यता**
✦ उच्चतम न्यायालय द्वारा परमादेश किसे जारी किया जाता है? **—किसी अधिकारी को सरकारी आदेश निभाने के लिए**
✦ केन्द्र और राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निर्णय करने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति आती है **—इसकी मूल अधिकारिता के अन्तर्गत**
✦ भारत का उच्चतम न्यायालय कानूनी तथ्य के मामलों में राष्ट्रपति को परामर्श देता है **—तभी जब वह ऐसे परामर्श के लिए कहता है**
✦ राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अधिनियम 1993 के अनुसार, कौन इस आयोग का अध्यक्ष बन सकता है? **—केवल भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति**

✦ किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि संसद को मूल अधिकार में संशोधन करने की शक्ति प्राप्त है, पर वह संविधान के मूल ढाँचे में संशोधन नहीं कर सकती? **—केशवानन्द भारती वाद में**

✦ सर्वोच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे? **—हीरालाल जे. कानिया**

✦ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर सर्वाधिक लम्बी अवधि तक कौन पदस्थ रहा? **—वाई. वी. चन्द्रचूड़**

✦ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर सबसे कम समय तक कौन आसीन रहा? **—कमल नारायण सिंह**

✦ उच्चतम न्यायालय की सबसे पहली महिला न्यायाधीश कौन थी? **—फातिमा बीबी**

✦ संविधान की व्याख्या करने का अन्तिम अधिकार किसे प्राप्त है? **—सर्वोच्च न्यायालय को**

✦ कौन-सा अनुच्छेद न्यायालय को अभिलेख न्यायालय का स्थान प्रदान करता है? **—अनुच्छेद 129**

✦ जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित मुकदमा (PIL) लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे? **—पी. एन. भगवती**

✦ सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए व्यक्ति को कम-से-कम कितने वर्ष उच्च न्यायालय का एडवोकेट होना चाहिए? **—10**

✦ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भारत के राष्ट्रपति द्वारा हटाए जा सकते हैं **—संसद में महाभियोग प्रस्ताव पारित होने पर**

✦ भारत में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का अधिकार किसके पास होता है? **—भारत की संसद के**

✦ सर्वोच्च न्यायालय के जजों का वेतन किससे आहरित होता है? **—संचित निधि से**

24. उच्च न्यायालय

✦ भारत में कुल कितने उच्च न्यायालय हैं? **—25**

> **YUKTI ज्ञान**—*1 जनवरी 2019 से आन्ध्र प्रदेश के लिए अलग उच्च न्यायालय की स्थापना के पश्चात् देश में उच्च न्यायालयों की कुल संख्या 25 हो गई है।*

✦ भारत के किस उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या सबसे कम है? **—सिक्किम उच्च न्यायालय में**

✦ भारत के किस उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या सबसे अधिक है? **—इलाहाबाद उच्च न्यायालय में**

✦ किस उच्च न्यायालय के सर्वाधिक स्थायी/अस्थायी खंडपीठ हैं? **—गुवाहाटी उच्च न्यायालय में**

✦ भारत के किस संघ शासित क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय है? **—दिल्ली**

✦ पटना उच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई ? **—1916 ई.**

✦ भारत का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय है **—इलाहाबाद उच्च न्यायालय**

✦ किसके अन्तर्गत कोलकाता, चैन्नई एवं मुम्बई के उच्च न्यायालय स्थापित किये गये थे? **—भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861 के**

✦ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह किस उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में आते हैं? **—कोलकाता उच्च न्यायालय के**

✦ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है? **—बिलासपुर में**

✦ उत्तराखंड उच्च न्यायालय की स्थापना कहाँ की गई है? **—नैनीताल में**

✦ झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना कहाँ की गई है? **—राँची में**

✦ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है? **—जबलपुर में**

✦ केरल का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है? **—एर्नाकुलम में**

✦ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर नियुक्त होने वाली प्रथम महिला कौन हैं? **—अन्ना चण्डी**

✦ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद पर नियुक्त होने वाली प्रथम महिला कौन हैं? **—लीला सेठ**

✦ दो या अधिक राज्यों या संघीय प्रदेश के लिए एक सामान्य उच्च न्यायालय की स्थापना किसके द्वारा की जा सकती हैं? **—संसद द्वारा कानून बनाकर**

✦ उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को घटाने या बढ़ाने का अधिकार किसे हैं? **—संसद को**

✦ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**

✦ किसी न्यायाधीश को एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानान्तरित करने का अधिकार किसको है? **—भारत के राष्ट्रपति को**

✦ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के सेवानिवृत्ति की अधिकतम उम्र सीमा क्या है? **—65 वर्ष**

✦ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीश को प्रतिमाह क्रमशः कितना वेतन मिलता है? **—2,50,000 रु.; 2,25,000 रु.**

✦ किसी राज्य के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन तथा भत्ते कौन-सी निधि पर भारित होते हैं? **—सम्बन्धित राज्य की संचित निधि**

✦ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किस आयु तक अपना पद धारण कर सकते हैं? **—62 वर्ष**

✦ उच्च न्यायालय को किसका अधीक्षण करने का अधिकार है? **—अधीनस्थ न्यायालय का**

✦ सबसे पहले किस उच्च न्यायालय ने घोषणा की कि बंद असंवैधानिक है? **—केरल**

✦ एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र संबोधित करता है **—राष्ट्रपति को**

✦ भारत में चलित न्यायालय (Mobile Court) इनका मानसपुंज है **—डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**

✦ भारत के कितने उच्च न्यायालयों की अधिकारिता में एक से अधिक राज्य हैं (संघ राज्य क्षेत्र शामिल नहीं)? **—3**

Q निम्नलिखित में से किसके मामले उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों की अधिकारिता में आते हैं?

(a) केन्द्र और राज्यों के बीच के विवाद
(b) राज्यों के परस्पर विवाद
(c) मूल अधिकारों का संरक्षण
(d) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

UP PCS (Mains) 2006
IAS (Pre) 1993

उत्तर–(c)

- उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने हेतु उम्मीदवार द्वारा **—किसी उच्च न्यायालय में 10 वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में कार्य किया गया हो**

25. राज्यपाल

- राज्य की कार्यपालिका शक्ति किसमें निहित होती है? **—राज्यपाल में**
- राज्य सरकार का कार्यकारी अध्यक्ष कौन है? **—राज्यपाल**
- भारतीय राज्यों में राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- राष्ट्रपति किसकी सलाह पर किसी राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं? **—प्रधानमंत्री**
- राज्य सरकार का संवैधानिक प्रमुख होता है **—राज्यपाल**
- सामान्य रूप से राज्यपाल का कार्यकाल होता है **—5 वर्ष**
- राज्यपाल राज्य में किसका प्रतिनिधि होता है? **—राष्ट्रपति का**
- जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल को कौन नियुक्त करता है? **—भारत का राष्ट्रपति**
- राज्यपाल को प्रतिमाह कितना वेतन प्राप्त होता है? **—3,50,000 रु.**
- राज्यों के गवर्नर संविधान के अन्तर्गत किसके प्रति अपने आचरण के लिए उत्तरदायी होते हैं? **—राष्ट्रपति के**
- राज्यपाल का वेतन और भत्ता किस कोष से आता है? **—राज्य की संचित निधि से**
- राष्ट्रपति शासन में राज्य का प्रमुख शासन संचालक कौन होता है? **—राज्यपाल**
- राज्य मंत्रिपरिषद् का गठन कौन करता है? **—राज्यपाल**
- कौन भारत के राष्ट्रपति की इच्छा तक ही पद पर बना रहता है? **—राज्यपाल**
- राज्यपाल के पद पर नियुक्ति की न्यूनतम उम्र सीमा है **—35 वर्ष**
- राज्यपाल को पद की गोपनीयता की शपथ कौन दिलवाता है? **—राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश**
- क्या राज्य के उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के समय राष्ट्रपति सम्बन्धित राज्यपाल से परामर्श करता है? **—हाँ**
- राज्यपाल विधानसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय के कितने व्यक्तियों को मनोनीत कर सकता है? **—1**
- राज्यपाल विधान परिषद् में अधिक-से-अधिक कितने सदस्यों को मनोनीत कर सकता है? **—निश्चित संख्या नहीं**
- "राज्यपाल सोने के पिंजरे में निवास करने वाली चिड़िया के समतुल्य है।" यह किसका कथन है? **—सरोजिनी नायडू**
- भारत के किस राज्य में राज्यपाल शासन (Governor's rule) लागू करने का संवैधानिक प्रावधान है? **—जम्मू-कश्मीर**
- भारत के किसी राज्य की राज्यपाल बनने वाली प्रथम महिला थी **—सरोजिनी नायडू**
- किसकी अनुमति के बिना राज्य की विधानसभा में कोई धन विधेयक पेश नहीं किया जा सकता? **—राज्यपाल की**
- राज्य स्तर पर मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों की नियुक्ति कौन करता है? **—राज्यपाल**
- राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश कितने समय के बाद स्वत: समाप्त हो जाता है? **—6 सप्ताह**

Q राज्य सरकार का कार्यकारी अध्यक्ष/संवैधानिक प्रमुख कौन है?

(a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
(c) मुख्यमंत्री का सचिव (d) मुख्य सचिव

BPSC (Pre) 2011
45th BPSC (Pre) 2001

उत्तर–(b)

Q निम्नलिखित में से कौन राज्यपाल को पद की शपथ ग्रहण करवाता है?

(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(c) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(d) सम्बन्धित राज्य के निवर्तमान राज्यपाल

UP PCS (Mains) 2014
UP Lower Sub (Mains) 2013
Uttarakhand PCS (Pre) 2012

उत्तर–(c)

Q किसी भारतीय राज्य के राज्यपाल से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(a) वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है
(b) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है
(c) वह पाँच वर्ष तक पद पर रहता है
(d) यदि सम्बन्धित राज्य की व्यवस्थापिका उसे पद से हटाए जाने का प्रस्ताव स्वीकार करती है तो वह पदावधि के पूर्व भी पदमुक्त किया जा सकता है

UP Lower Sub (Pre) 2004
UP PCS (Pre) 1997

उत्तर–(d)

Q किसी राज्य के गवर्नर के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–

1. उसे राष्ट्रपति नियुक्त करते हैं
2. राष्ट्रपति की इच्छा अनुसार यह पद पर रहते हैं
3. उनमें राज्य की कार्यपालिका शक्ति निहित है
4. सामान्यतः वह पाँच वर्ष के लिए पद पर रहते हैं

सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3
(c) 1, 2 तथा 4 (d) सभी चारों

UP PSC (GIC) 2010
UP PCS (Mains) 2004

उत्तर–(d)

- राज्य सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है **—राज्यपाल की सिफारिश पर प्रधानमंत्री द्वारा**
- गवर्नर द्वारा जारी किया गया अध्यादेश किसके द्वारा मंजूर किया जाता है? **—विधानमण्डल द्वारा**

Q निम्नलिखित में से कौन भारत के राष्ट्रपति की इच्छा तक ही पद पर बने रह सकते हैं?

(a) राज्यपाल
(b) निर्वाचन आयुक्त
(c) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
(d) लोकसभाध्यक्ष

MP PCS (Pre) 2006
MP PCS (Mains) 2004

उत्तर–(a)

Q भारत में किसी राज्य की राज्यपाल बनने वाली पहली महिला—

(a) राजकुमारी अमृत कौर (b) पद्मजा नायडू
(c) सरोजिनी नायडू (d) सरला ग्रेवाल

Chhattisgarh PCS (Pre) 2003
MP PCS (Pre) 1995

उत्तर–(c)

- राज्यपाल का मुख्य सलाहकार कौन रहता है? **—मुख्यमंत्री**
- जम्मू कश्मीर का 'सदर-ए-रियासत' पदनाम कब बदलकर राज्यपाल कर दिया गया? **—1965 ई. में**
- किसी राज्य के मुख्यमंत्री की नियुक्ति कौन करता है? **—राज्यपाल**
- किसी राज्य के राज्यपाल को किसकी शक्ति प्राप्त नहीं है? **—विधानसभा स्थगित करने की**
- राज्यपाल द्वारा जारी किये गये अध्यादेशों पर कौन-सी कार्यवाही आवश्यक होती है? **—राज्य विधान मंडल की स्वीकृति**

26. मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है? **—राज्यपाल द्वारा**
- मुख्यमंत्री की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जाती है? **—अनुच्छेद 163**
- भारतीय राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं? **—सुचेता कृपलानी**
- म. प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री थे **—रविशंकर शुक्ल**

Q भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं—

(a) इंदिरा गाँधी (b) सुचेता कृपलानी
(c) सरोजिनी नायडू (d) जयललिता

UP Lower Sub (Spl) (Pre) 2004
MP PCS *Pre) 1990

उत्तर–(b)

- किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री पद पर सर्वाधिक दिनों तक आसीन रहने वाले व्यक्ति **—पवन चामलिंग**
- बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री थे **—डॉ. श्रीकृष्ण सिंह**
- उड़ीसा की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं **—नन्दनी सत्पथी**
- भारत के किसी राज्य में मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त होने वाली प्रथम दलित महिला है? **—सुश्री मायावती**
- उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन थी? **—सुचेता कृपलानी**

27. विधान परिषद्

- भारत में राज्य विधानपालिकाओं का उच्च सदन कौन-सा है? **—विधानपालिका परिषद्**
- भारत के कितने राज्यों में द्विसदनात्मक विधानमंडल है? **—6**
- विधान परिषद् की सदस्य संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की संख्या के कितने से अधिक नहीं हो सकती है? **—एक तिहाई**
- विधान परिषद् की सदस्य संख्या कम-से-कम कितनी होनी चाहिए ? **—40**
- किस राज्य में विधान परिषद् की सदस्य संख्या सर्वाधिक है? **—उत्तर प्रदेश**
- किसी राज्य में विधान परिषद् की व्यवस्था संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जाती है? **—अनुच्छेद 169 के**
- किसको समाप्त किया जा सकता है, पर भंग नहीं? **—विधान परिषद् को**
- विधान परिषद् को समाप्त करने वाला आखिरी राज्य कौन है? **—तमिलनाडु**
- विधान परिषद् के सदस्य कितने वर्षों के लिए निर्वाचित होते हैं? **—6 वर्ष**
- विधान परिषद् का सदस्य होने के लिए कम-से-कम कितनी आयु सीमा होनी चाहिए? **—30 वर्ष**
- विधान परिषद् के कितने सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष अवकाश ग्रहण करते हैं? **—1/3**
- विधान परिषद् की गणपूर्ति (कोरम) कुल सदस्य संख्या का कितना भाग होता है? **—1/10**
- विधान परिषद् के बैठक की अन्तिम तिथि तथा दूसरी बैठक की प्रथम तिथि के बीच कितने समय से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए? **—6 माह**
- विधान परिषद् की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होना अनिवार्य है **—दो**
- किसी राज्य में विधान परिषद् की संरचना अथवा विघटन किया जा सकता है? **—संसद द्वारा राज्यपाल की अनुशंसा पर**
- राज्य विधान परिषद् के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किसके द्वारा किया जाता है? **—परिसीमन आयोग के**
- राज्य के विधान परिषद् के कितने सदस्य विधानसभा द्वारा चुने जाते हैं? **—1/3**
- भारत में राज्य विधान परिषद् के सदस्यों का कितना हिस्सा स्थानीय निकायों द्वारा चुना जाता है? **—एक तिहाई**
- विधान परिषद् के कितने सदस्य राज्य के राज्यपाल द्वारा मनोनीत किये जाते हैं? **—1/6**
- राज्यपाल अधिक-से-अधिक कितने सदस्यों को विधान परिषद् में मनोनीत कर सकता है? **—कोई निश्चित संख्या नहीं**
- विधान परिषद् की कुल सदस्य संख्या का कितना हिस्सा राज्य के विश्वविद्यालयों के स्नातकों द्वारा चुना जाता है? **—1/12**
- विधान परिषद् की कुल सदस्य संख्या का कितना भाग माध्यमिक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निर्वाचित होता है? **—1/12**

✦ यदि किसी राज्य विधान परिषद् का सभापति अपने पद से त्यागपत्र देना चाहे तो वह अपना त्यागपत्र किसको देगा ? **—उपसभापति को**

✦ यदि 14 दिन के अन्दर विधान परिषद् वित्त विधेयक को नहीं लौटाती है, तब **—वह दोनों सदनों द्वारा पारित माना जायेगा**

✦ किसी साधारण विधेयक को विधान परिषद् अधिक-से-अधिक कितने दिनों तक रोककर रख सकती है? **—4 माह**

✦ संविधान के प्रावधानों के अनुसार किसको समाप्त किया जा सकता है? **—विधान परिषद् को**

✦ किस राज्य में विधान परिषद् की सदस्य संख्या सबसे कम है? **—जम्मू-कश्मीर में**

✦ वर्तमान में कौन-कौन से राज्य में विधान परिषद् है? **—उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर व महाराष्ट्र**

Q भारत के किसी राज्य में विधान परिषद् का सृजन तथा उसकी समाप्ति की जा सकती है—

(a) किसी राज्य के राज्यपाल की संस्तुति पर राष्ट्रपति द्वारा
(b) संसद द्वारा
(c) राज्य विधानसभा के तत्सम्बन्धी संकल्प
(d) मंत्रिपरिषद की संस्तुति पर राज्य के राज्यपाल द्वारा

UP Lower Sub (Spl) (Pre) 2008
40th BPSC (Pre) 1995

उत्तर–(c)

Q निम्नलिखित में से किस राज्य में द्विसदनात्मक विधायिका नहीं है?

(a) यू. पी. (b) एम. पी.
(c) बिहार (d) कर्नाटक

UP PCS (Pre) 2008
UP Lower Sub (Pre) 2008
UP PCS (Mains) 2006

उत्तर–(b)

28. विधानसभा

✦ राज्य विधानसभा का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया जाता है? **—अनुच्छेद 170 के**

✦ भारतीय संविधान के अनुच्छेदों में कौन-सा राज्य की विधानसभाओं के निर्वाचन का प्रावधान करता है? **—अनुच्छेद 170**

✦ किसी राज्य की विधानसभा में अधिकतम कितने सदस्य हो सकते हैं? **—500**

✦ किसी राज्य विधानसभा के सदस्यों की न्यूनतम संख्या कितनी हो सकती है? **—60**

भारतीय संविधान यह प्रावधान करता है कि किसी भी राज्य विधानसभा में 60 से कम सदस्य नहीं हो सकते हैं। कौन-सा राज्य इसका अपवाद है? **—सिक्किम**

✦ किस राज्य में विधानसभा सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है? **—उ.प्र. में**

✦ उत्तर प्रदेश की विधानसभा में सदस्यों की संख्या कितनी है? **—403**

✦ असम विधानसभा में कितने सदस्य हैं? **—126**

✦ बिहार विधानसभा में सीटों की कुल संख्या कितनी है? **—243**

✦ विधानसभा के प्रत्येक सदस्य कम-से-कम कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं? **—75,000**

✦ सामान्यत: विधानसभा का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है? **—5 वर्ष**

✦ जम्मू-कश्मीर राज्य की विधानसभा का कार्यकाल है **—6 वर्ष**

✦ राष्ट्रीय आपातकाल के उद्घोषणा के प्रवर्तन रहने की स्थिति में विधानसभा की अवधि को कितने समय के लिए बढ़ाया जा सकता है? **—1 वर्ष**

✦ सर्वप्रथम किस राज्य की विधानसभा का विघटन उसकी प्रथम बैठक होने से पहले ही कर दिया गया? **—केरल**

✦ विधानसभा की सदस्यता के लिए उम्मीदवार को कितने वर्ष से कम का नहीं होना चाहिए? **—25 वर्ष**

✦ विधानसभा की गणपूर्ति (कोरम) कुल संख्या का कितना हिस्सा है? **—1/10**

✦ विधानसभा का सत्र वर्ष में कम से कम कितनी बार आहूत किया जाना आवश्यक है? **—2**

✦ विधानसभा की बैठक की अन्तिम तिथि तथा दूसरी बैठक की प्रथम तिथि के बीच कितने समय से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए ? **—6 माह**

✦ विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कौन करता है? **—विधानसभा के सदस्य**

✦ अस्थायी विधानसभा अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) की नियुक्ति कौन करता है? **—राज्यपाल**

✦ विधानसभा अध्यक्ष को उसके पद की शपथ कौन दिलाता है? **—शपथ ग्रहण की आवश्यकता नहीं**

✦ विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) अपना त्यागपत्र किसको देता है? **—विधानसभा उपाध्यक्ष को**

✦ विधानसभा अध्यक्ष को किस प्रकार पद से हटाया जा सकता है? **—विधान सभा के सदस्यों द्वारा साधारण बहुमत से पारित संकल्प द्वारा**

✦ विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने से सम्बन्धित प्रस्ताव पेश करने के लिए कितने दिन पूर्व इसकी सूचना अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को देनी चाहिए? **—14 दिन**

✦ राज्य मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है? **—विधानसभा के**

✦ राज्य विधानमंडल का कोई सदस्य अपने सदन की आज्ञा के बिना सदन के सत्र से लगातार कितने दिनों तक अनुपस्थित रहता है तो सदन उसे निष्कासित करके उसके स्थान को रिक्त घोषित कर सकती है? **—60 दिन**

✦ राज्य विधानसभा के सदन की बैठक के लिए गणपूर्ति है **—10 सदस्य अथवा कुल सदस्य संख्या का 10वाँ भाग जो भी अधिक हो**

✦ राज्य की विधानसभा के सत्रावसान के आदेश किसके द्वारा दिये जाते हैं? **—राज्यपाल के**

✦ विधानसभा का सदस्य रहे बिना कोई भी व्यक्ति कितने दिनों तक मंत्री पद पर आसीन रह सकता है? **—6 माह**

✦ किस राज्य की विधानसभा में दो महिलाओं की नियुक्ति राज्यपाल कर सकते हैं? **—जम्मू-कश्मीर की**

- उत्तराखंड विधानसभा में एक सदस्य नामित किया जाता है **—एंग्लो-इण्डियन समुदाय से**
- कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं, इसका निर्णय राज्य में कौन करता है? **—विधानसभा अध्यक्ष**
- यदि किसी राज्य विधानसभा के निर्वाचन में निर्वाचित घोषित होने वाला प्रत्याशी अपनी क्षिप्त राशि खो देता है तो उसका अर्थ है कि **—निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या बहुत अधिक थी**
- किसी विधानसभा में कोई धन विधेयक किसकी अनुमति के बिना प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है? **—वित्त मंत्री की**
- राज्यों में मनी बिल प्रस्तुत किया जा सकता है **—दोनों सदनों में से किसी सदन में**
- विधानसभा में किसी दल के निर्वाचित सदस्यों के दल-बदल पर किसने प्रतिबन्ध लगाया है? **—संविधान का 52वाँ संशोधन कानून**

Q बिना विधानसभा का सदस्य निर्वाचित हुए कोई मंत्री किस समय तक पद पर बना रह सकता है?

(a) एक वर्ष (b) छः माह
(c) तीन वर्ष (d) तीन माह

Chhattisgarh PCS (Pre) 2003
MP PCS (Pre) 2003

उत्तर–(b)

29. आयोग व परिषदें

- क्षेत्रीय परिषदों का गठन किसके द्वारा किया जाता है? **—राष्ट्रपति**
- सामान्यत: किसी क्षेत्रीय परिषद् की अध्यक्षता कौन करता है? **—केन्द्रीय गृह मंत्री**
- क्षेत्रीय परिषदों का सृजन हुआ है **—संसदीय कानून द्वारा**
- क्षेत्रीय परिषदों के गठन के सम्बन्ध में किस वर्ष प्रावधान किया गया? **—1956 ई. में**
- अन्तर्राज्यीय परिषद् (Inter State Council) का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया है? **—अनुच्छेद 263**
- अन्तर्राज्यीय परिषद् का निर्माण होता है **—संवैधानिक प्रावधान द्वारा**
- अन्तर्राज्यीय परिषद् की स्थापना कब हुई ? **—28 मई, 1990 में**
- योजना आयोग से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है **—वित्त आयोग**
- 'योजना आयोग ने संघवाद को निरस्त कर दिया है'—यह किसका विचार है? **—अशोक चन्दा का**
- योजना आयोग की स्थापना कब हुई ? **—15 मार्च, 1950**
- किसे 'सुपर कैबिनेट' की संज्ञा दी गई है? **—योजना आयोग को**
- योजना आयोग है **—परामर्शदात्री संस्था**
- योजना आयोग का स्वरूप क्या है? **—परामर्शदात्री संस्था का**
- 1950 में भारत में योजना आयोग की स्थापना की गई **—केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के एक प्रस्ताव द्वारा**
- 1950 में योजना आयोग का गठन किसके संकल्प द्वारा किया गया? **—संघीय मंत्रिमण्डल द्वारा**
- योजना आयोग किस क्षेत्र में कार्य करता है? **—भारतीय अर्थव्यवस्था**

Q निम्न में से कौन संविधानेत्तर संस्था है?

(a) संघ लोक सेवा आयोग (b) वित्त आयोग
(c) योजना आयोग (d) चुनाव आयोग

UP PCS (Mains) 2010
UP PCS (Mains) 2008
Uttarakhand PCS (Pre) 2005

उत्तर–(c)

YUKTI ***ज्ञान***—*योजना आयोग एक संविधानेत्तर संस्था है क्योंकि इसका संविधान में कोई उल्लेख नहीं है। वर्तमान में इसका नाम नीति आयोग है।*

Q निम्नलिखित में से कौन-सा एक संविधान का अंग नहीं है?

(a) निर्वाचन आयोग (b) वित्त आयोग
(c) अन्तर्राज्यीय परिषद (d) योजना आयोग

UP PCS (Mains) 2004
UP PCS (Mains) 2003

उत्तर–(d)

Q निम्नलिखित में से कौन एक संवैधानिक संस्था/निकाय नहीं है?

(a) वित्त आयोग (b) योजना आयोग
(c) लोक सेवा आयोग (d) चुनाव आयोग

UP PCS (Pre) 2014
UP RO/ARO (Mains) 2013

उत्तर–(b)

Q योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) वित्त मंत्री (d) रिजर्व बैंक का गवर्नर

UP UDA/LDA (Pre) 2006
MP PCS (Pre) 2004

उत्तर–(b)

Q केन्द्र तथा राज्यों के मध्य वित्त का विभाजन निम्न में से किसकी संस्तुतियों के आधार पर होता है?

(a) योजना आयोग के (b) लोक लेखा समिति के
(c) वित्त आयोग के (d) राष्ट्रीय विकास परिषद के

UP Lower Sub (Mains) 2013
UP Lower Sub (Spl) Pre) 2010

उत्तर–(c)

Q वित्त आयोग का गठन किया जाता है—

(a) 4 वर्ष के लिए (b) 5 वर्ष के लिए
(c) 7 वर्ष के लिए (d) 10 वर्ष के लिए

UP PCS (Mains) 2011
UP PCS (Mains) 2010

उत्तर–(b)

- भारत में पंचवर्षीय योजना बनाने की जिम्मेदारी किसकी है? **—योजना आयोग की**
- योजना आयोग का प्रमुख कार्य है—**योजना की तैयारी तथा कार्यान्वयन**
- योजना आयोग का अध्यक्ष होता है **—प्रधानमंत्री**
- योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है **—प्रधानमंत्री**
- योजना आयोग का उपाध्यक्ष किसके समकक्ष होता है? **—कैबिनेट मंत्री**
- राष्ट्रीय विकास परिषद् का अध्यक्ष कौन होता है? **—प्रधानमंत्री**
- पंचवर्षीय योजना को अन्तिम अनुमोदन देता है—**राष्ट्रीय विकास परिषद्**
- पंचवर्षीय योजनाओं के मसौदे को अन्तिम रूप से कौन स्वीकृति प्रदान करता है? **—योजना आयोग**
- राष्ट्रीय विकास परिषद् का मुख्य सम्बन्ध होता है **—पंचवर्षीय योजना के अनुमोदन से**
- भारत की पंचवर्षीय योजना अन्तिम रूप से अनुमोदित की जाती है— **—राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा**
- राष्ट्रीय विकास परिषद् के सदस्य नहीं होते हैं **—राज्यों के राज्यपाल**
- राष्ट्रीय विकास परिषद् का उद्देश्य क्या हैं? **—पंचवर्षीय योजनाओं का निर्धारण व उन्हें सुनिश्चित करना**
- वित्त आयोग क्या है? **—पंचवार्षिक निकाय**
- वित्त आयोग की स्थापना किसके द्वारा होती है? **—राष्ट्रपति**
- वित्त आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- वित्त आयोग का गठन कितनी अवधि के लिए होता है? **—5 वर्ष**
- राष्ट्रपति वित्त आयोग का गठन कितने वर्ष बाद करते हैं? **—प्रत्येक 5 वर्ष बाद**
- वित्त आयोग का प्रधान कार्य है **—केन्द्र और राज्यों के बीच राजस्व वितरण**
- केन्द्र और राज्य में राजस्व के वितरण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कौन निभाता है? **—वित्त आयोग**
- राज्यों के कर भाग को निर्धारित करने का अधिकार किसके पास है? **—वित्त आयोग के**
- भारत में संघीय वित्त सम्बन्ध रखता है **—राज्यों एवं केन्द्र के बीच वित्त से**
- भारत में राष्ट्रपति को विशिष्ट केन्द्र-राज्य राजकोषीय सम्बन्धों के बारे में सुझाव किसके द्वारा दिया जाता है? **—वित्त आयोग द्वारा**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत वित्त आयोग का गठन किया जाता है? **—अनुच्छेद 280**
- वित्त आयोग में अध्यक्ष के अतिरिक्त कितने सदस्यों की व्यवस्था है ? **—4**
- प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे? **—के. सी. नियोगी**
- 12वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं? **—डॉ. सी. रंगराजन**
- कौन-सा प्राधिकरण भारत की समेकित निधि में राज्यों को राजस्व का सहायता अनुदान देने वाले सिद्धान्तों की अनुशंसा करता है? **—वित्त आयोग**
- संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान किया गया है? **—अनुच्छेद 312**
- संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा लोक सेवाओं को संरक्षण प्रदान किया गया है? **—अनुच्छेद 311**
- अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन कौन कर सकता है? **—2/3 बहुमत से राज्यसभा**
- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना कब हुई? **—मार्च 1954 में**
- भारतीय पुलिस सेवा का प्रशिक्षण कहाँ होता है? **—हैदराबाद में**
- सिविल सेवाओं का भारतीयकरण किया गया **—लार्ड लिटन द्वारा**
- अखिल भारतीय सेवा का गठन कौन कर सकता है? **—संसद**
- भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) तथा भारतीय पुलिस सेवा (IPS) को समाप्त करने की सिफारिश किसने की थी? **—राजमन्नार आयोग ने**
- संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संघ लोक सेवा आयोग से सम्बन्धित है? **—अनुच्छेद 315**
- संघ लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष के अलावा कितने सदस्य होते हैं? **—9**
- संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की पदावधि कितनी होती है? **—6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले पूर्ण हो**
- संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को कितना रुपया प्रतिमाह वेतन मिलता है? **—2,50,000 रु.**
- संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य अपना त्यागपत्र किसे सौंपते हैं? **—राष्ट्रपति को**
- राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों को साबित कदाचार तथा असमर्थता के आधार पर कौन पदमुक्त कर सकता है? **—राष्ट्रपति**
- 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों की समयावधि है **—2015-20**
- भारत के योजना आयोग का प्रथम अध्यक्ष कौन था? **—पं. जवाहरलाल नेहरू**
- राष्ट्रीय विकास परिषद् की अध्यक्षता कौन करता है? **—भारत का प्रधानमंत्री**
- वित्त आयोग कैसी संस्था है? **—संविधानेत्तर**
- किस संवैधानिक पदाधिकारी को उसके पद से पदच्युत करने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया का पालन आवश्यक नहीं है? **—संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष**

नए राज्यों का गठन वर्ष

राज्य	गठन वर्ष
आन्ध्र प्रदेश	1953 ई.
महाराष्ट्र	1960 ई.
गुजरात	1960 ई.
नगालैंड	1963 ई.
हरियाणा	1966 ई.
हिमाचल प्रदेश	1971 ई.
मेघालय	1972 ई.
मणिपुर, त्रिपुरा	1972 ई.
सिक्किम	1975 ई.
मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा	1987 ई.
छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड एवं झारखण्ड	2000 ई.
तेलंगाना*	2014 ई.

*आन्ध्र प्रदेश का विघटन कर देश में एक नया राज्य 'तेलंगाना' 2 जून, 2014 से अस्तित्व में आ गया।

30. निर्वाचन आयोग

- तारकुंडे समिति तथा गोस्वामी समिति का सम्बन्ध है **—चुनाव व्यवस्था में आमूल सुधार से**
- भारत की निर्वाचन पद्धति किस देश के निर्वाचन पद्धति के अनुरूप है? **—ब्रिटेन के**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग का वर्णन है? **—अनुच्छेद 324 में**
- निर्वाचन आयोग, सर्वोच्च न्यायालय, संघ लोक सेवा आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय जैसी संस्थाओं में कौन-सा लक्षण समान है? **—वे संवैधानिक संस्थाएँ हैं**
- भारत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है? **—राष्ट्रपति**
- निर्वाचन आयोग का प्रमुख होता है **—मुख्य निर्वाचन आयुक्त**
- परिसीमन आयोग का अध्यक्ष होता है **—मुख्य चुनाव आयुक्त**
- संविधान लागू होने के बाद राष्ट्रपति ने पहली बार कब दो व्यक्तियों को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सहायता के लिए निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया? **—1989 ई.**
- भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल का दर्जा देने का अधिकार किसको है? **—चुनाव आयोग को**
- मध्यावधि चुनाव कब कराया जाता है? **—समय के पूर्ण होने से पहले ही जब लोकसभा भंग हो जाये**
- भारत में सार्वजनिक मताधिकार के आधार पर प्रथम चुनाव हुआ **—1952 में**
- भारत में पहली बार महिलाओं को मताधिकार कब प्राप्त हुआ? **—1926 ई. में**
- पार्लियामेन्ट द्वारा दिसम्बर 1989 में निर्मित कानून के अनुसार एक नागरिक के वयस्क होने की कानूनी आयु कितनी है? **—18 वर्ष**
- भारत में मतदान की आयु सीमा को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कब किया गया? **—1989 ई. में**
- भारत में मतदान की न्यूनतम निर्धारित आयु है **—18 वर्ष**
- चुनाव के समय किसी चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार कब बन्द करना होता है? **—मतदान समाप्त होने से 48 घण्टे पहले**
- किसी निर्वाचन के दौरान किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार की मृत्यु हो जाने की स्थिति में कितने दिनों के अंदर दूसरा प्रत्याशी खड़ा करना पड़ता है? **—7 दिन**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त को प्रतिमाह कितना वेतन मिलता है? **—2,50,000 रु.**
- अन्य निर्वाचन आयुक्त को प्रतिमाह कितना वेतन मिलता है? **—2,25,000 रु.**
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पदावधि कितनी होती है? **—6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले पूर्ण हो**
- अन्य निर्वाचन आयुक्त की पदावधि कितनी होती है? **—6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु, जो भी पहले पूर्ण हो**
- दिनेश गोस्वामी समिति ने क्या सिफारिश की थी **—लोकसभा के चुनाव के सरकारी निधीयन की**

Q भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को नियुक्त किया जाता है–

(a) लोकसभा द्वारा (b) प्रधानमंत्री द्वारा
(c) राष्ट्रपति द्वारा (d) मुख्य न्यायाधीश द्वारा

Uttarakhand PCS (Pre) 2010
Uttarakhand UDA/LDA (Pre) 2007

उत्तर–(c)

Q भारत का संविधान निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किस एक के अन्तर्गत एक निर्वाचन आयोग का प्रावधान करता है?

(a) अनुच्छेद 321 के अन्तर्गत
(b) अनुच्छेद 322 के अन्तर्गत
(c) अनुच्छेद 323 के अन्तर्गत
(d) अनुच्छेद 324 के अन्तर्गत

MP PCS (Pre) 2014
UP PCS (Mains) 2010

उत्तर–(d)

Q भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पदावधि क्या है?

(a) पाँच वर्ष
(b) राष्टपति के प्रसाद पर्यन्त
(c) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पूरी हो
(d) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो

Uttarakhand PCS (Pre) 2012
UP PCS (Pre) 2012

उत्तर–(c)

Q केन्द्र और राज्य की व्यवस्थापिकाओं के लिए मतदान की न्यूनतम उम्र की सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई–

(a) 54 वें संशोधन (1987) से (b) 60 वें संशोधन (1988) से
(c) 61 वें संशोधन (1989) से (d) 65 वें संशोधन (1990) से

Chhattisgarh PCS (Pre) 2011
48th to 52nd BPSC (Pre) 2008
UP PCS (Mains) 2004
41st BPSC (Pre) 1996

उत्तर–(c)

Q किस संविधान संशोधन द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से 18 वर्ष की गई?

(a) तिरेसठवें संशोधन द्वारा (b) बासठवें संशोधन द्वारा
(c) इकसठवें संशोधन द्वारा (d) साठवें संशोधन द्वारा

UP PCS (Mains) 2010
UP PCS (Mains) 2007
Uttarakhand PCS (Mains) 2006

उत्तर–(c)

- कौन-सा आयोग भारत के संविधान के एक अनुच्छेद के अन्तर्गत उपबन्ध के पालन में गठित हुआ? **—निर्वाचन आयोग**

Q निम्न में से कौन-सा चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा संपादित नहीं किया जाता?

(a) लोकसभा का (b) राज्यसभा का
(c) राष्ट्रपति का (d) स्थानीय निकायों का

Uttarakhand UDA/LDA (Mains) 2007
Uttarakhand UDA/LDA (Mains) 2006

उत्तर–(d)

✦ अन्य निर्वाचन आयुक्त अपना त्यागपत्र देते हैं **—राष्ट्रपति को**
✦ दिनेश गोस्वामी समिति का सम्बन्ध किससे था? **—निर्वाचन सुधारों से**
✦ निर्वाचन आयोग का कार्य नहीं है? **—उम्मीदवारों का चयन करना**
✦ मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति तथा उसको पदच्युत करने का अधिकार किसको है? **—राष्ट्रपति को**
✦ निर्वाचन आयुक्त की सेवा शर्त तथा कार्यकाल निश्चित करता है **—संविधान**
✦ लोकसभा अथवा विधानसभा के किसी चुनाव प्रत्याशी की जमानत राशि कब जब्त की जाती है? **—जब वह कुल मतदान के 1/6 मत भी प्राप्त नहीं कर पाता**
✦ EVM का प्रयोग भारतीय चुनावों में कब से प्रारम्भ हुआ? **—1997 में**

31. केन्द्र-राज्य सम्बन्ध

✦ संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची का विस्तृत उल्लेख संविधान की किस अनुसूची में किया गया है? **—सातवीं**
✦ सरकारिया आयोग की सिफारिशों का सम्बन्ध है **—केन्द्र और राज्यों के बीच सम्बन्धों से**
✦ केन्द्र-राज्य सम्बन्ध पर 1971 में राजमन्नार समिति किस राज्य के द्वारा गठित की गई थी? **—तमिलनाडु**
✦ भारतीय संविधान में राज्य की शक्तियाँ एवं कार्य किस प्रकार से विभाजित किए गए हैं? **—तीन सूचियों में**
✦ केन्द्र तथा राज्य के मध्य शक्तियों के वितरण के लिए भारत का संविधान तीन सूचियों को प्रस्तुत करता है। कौन-से दो अनुच्छेद शक्तियों के वितरण को विनियमित करते हैं? **—अनुच्छेद 245 तथा 246**
✦ भारतीय संविधान में अवशिष्ट अधिकार है **—केन्द्र के पास**
✦ अवशिष्ट विषयों पर विधि निर्माण का अधिकार किसे प्राप्त है? **—संघ को**
✦ किन स्थितियों में संसद राज्य सूची के विषयों पर विधि निर्माण कर सकती है? **—अन्तर्राष्ट्रीय संधि व समझौते को लागू करने हेतु**
✦ क्या भारतीय संघ का कोई राज्य किसी विदेशी राष्ट्र या अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से ऋण ले सकता है? **—नहीं**
✦ सरकारिया आयोग की स्थापना किसके सम्बन्ध में जाँच के लिए हुई थी **—केन्द्र-राज्य सम्बन्ध का**
✦ केन्द्र-राज्य सम्बन्धों पर विचार करने के लिए सरकारिया आयोग का गठन कब हुआ? **—1983 ई. में**
✦ भारतीय संविधान में अवशिष्ट अधिकारों को **—संघीय सरकार को दिया गया है**
✦ समवर्ती सूची में लिखे विषयों पर अधिनियम बनाने का अधिकार किसके पास है? **—राज्य और संघ के**
✦ पंचायती राज विषय है **—राज्य की सूची में**
✦ भूमि सुधार किस के विषय के अन्तर्गत है? **—राज्य सूची के**
✦ आर्थिक नियोजन विषय है **—समवर्ती सूची में**
✦ कौन-सा विषय समवर्ती सूची में है? **—शिक्षा**
✦ भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत संघ सूची किसका उल्लेख नहीं है? **—गैस का**
✦ भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत राज्य सूची में किसका उल्लेख है? **—वन का**
✦ कौन-सा विषय संघ सूची के अन्तर्गत समाविष्ट है? **—जनगणना**
✦ शिक्षा किस सूची के अन्तर्गत आती है? **—समवर्ती सूची के**
✦ कौन राज्य सूची में नहीं है? **—सुरक्षा**
✦ सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक बीमा विषय है? **—समवर्ती सूची में**
✦ शिक्षा को किस संविधान संशोधन द्वारा राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में शामिल किया गया ? **—42वें**
✦ रेलवे पुलिस किस सूची में है? **—राज्य सूची में**
✦ विवाह, संविद श्रम, कल्याण, बीमा, आर्थिक व सामाजिक योजना जैसे विषय किस सूची के अन्तर्गत आते हैं? **—समवर्ती सूची के**
✦ मुद्रा, प्रतिरक्षा, बैंक, प्रादेशिक मामले, डाक-तार, नागरिकता आदि विषय किस सूची में रखे गये हैं? **—संघ सूची में**
✦ पुलिस, न्याय, स्थानीय, स्वशासन, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई आदि विषयों को किस सूची में रखा गया है? **—राज्य सूची में**

Q विधायी शक्तियों का केन्द्र तथा राज्यों के मध्य वितरण संविधान की निम्न अनुसूचियों से किस एक में है?

(a) छठी (b) सातवीं
(c) आठवीं (d) नवीं

UP Lower Sub (Pre) 2008
UP PCS (Pre) 1993

उत्तर–(b)

Q भारतीय संविधान के किस भाग में केन्द्र-राज्य विधायी सम्बन्ध दिए गए हैं?

(a) भाग X में (b) भाग XI में
(c) भाग XII में (d) भाग XIII में

UP RO/ARO (Pre) 2014
UP PCS (Spl) (Mains) 2004

उत्तर–(b)

Q सरकारिया आयोग की सिफारिसों का सम्बन्ध है—

(a) राजस्व वितरण से
(b) राष्ट्रपति की शक्तियों एवं कार्यों से
(c) केन्द्र तथा राज्यों के पारस्परिक सम्बन्धों में से
(d) बैंकिंग सेवा सुधार

UP RO/ARO (Pre) 2014
UP PCS (Mains) 2004
UP PCS (Mains) 2003
Jharkhand PCS (Pre) 2003

उत्तर–(c)

- विधायी शक्तियों की संघीय सूची में समाविष्ट किसी विषय के सम्बन्ध में भारत के उच्चतम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का अधिकार दिया गया है **—संसद को**
- अन्तर्राष्ट्रीय संधियों के भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिए संसद कोई भी कानून बना सकती है **—बिना किसी राज्य की सहमति से**
- केन्द्र और राज्यों के बीच वैधानिक शक्तियों का बँटवारा दिया हुआ है **—7वीं अनुसूची में**
- अवशिष्ट अधिकार क्या हैं? **—वे अधिकार जो किसी भी सूची में शामिल नहीं हैं**
- केन्द्र-राज्य सम्बन्ध में विवाद का एक कारण रहा है**—राज्यपाल का पद**
- सरकारिया आयोग रिपोर्ट किससे सम्बन्धित है? **—योजना आयोग की शक्तियों से**
- रेलवे, भारत के संविधान में कौन-सी लिस्ट (सूची) में आता है? **—केन्द्रीय सूची में**
- हमारे संविधान में आर्थिक नियोजन शामिल हैं **—समवर्ती सूची में**

32. राजभाषा

- संविधान की कौन-सी अनुसूची में क्षेत्रीय भाषाओं का उल्लेख है? **—आठवीं अनुसूची में**
